रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹ 74600 10 ग्राम
₹ 96000 01 किलो

| सेंसेक्स | डॉलर |
|---|---|
| 76,619.33 | 86.571 |
| -423.49 | -0.000 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

माघ कृष्ण पक्ष 06, संवत 2081 | रांची, सोमवार, 20 जनवरी 2025, वर्ष-25, अंक- 346, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-12 सीजफायर समझौते के खिलाफ...

## महाकुंभ क्षेत्र में लगी आग

## पाया गया काबू

**किसी को हताहत होने की सूचना नहीं**



**महाकुंभ नगर (आईएएनएस)**

प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ क्षेत्र में रविवार को आग लगने की घटना सामने आई। इसके बाद मौके पर प्रशासन की टीम और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्थिति का जायजा लिया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई और आग पर काबू पा लिया गया है। पीएम मोदी ने भी प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बात कर स्थिति की जानकारी ली।

रविवार दोपहर बाद करीब 4:30 बजे कुंभ क्षेत्र के सेक्टर 19 स्थित गीता प्रेस में आग लग गई। आग की लपटें बढ़ने के बाद इसके आसपास के प्रयागवाल के 10 टेंट भी प्रभावित हुए। आग लगने के बाद तुरंत अग्निशमन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आग को बुझाया।

## घटनास्थल पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी



प्रयागराज के जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मंदर ने कहा कि गीता प्रेस और आसपास के टेंट में आग लगने की सूचना मिलते ही हम तुरंत कार्रवाई में जुटे। अग्निशमन और पुलिस की टीम ने आग पर तत्परता से काबू पा लिया। अब स्थिति सामान्य है और कोई जनहानि की सूचना नहीं है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें मौके पर राहत कार्यों में जुटी हुई हैं। आग लगने के बाद मेला अधिकारी विजय किरन और अन्य आला अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति की समीक्षा की। अधिकारियों ने सुनिश्चित किया कि आग बुझाने के साथ-साथ किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दिया जाए। डीआईजी वैभव कृष्ण ने कहा कि आग पर काबू पा लिया गया है, कृपया अफवाहों पर ध्यान न दें। प्रयागराज में ही मौजूद सीएम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी आग की घटना का संज्ञान लिया।

- **पीएम मोदी ने भी ली जानकारी**

**रांची का तापमान**

| कांके | | रांची | |
|---|---|---|---|
| अधिक. | 23.0° | अधिक. | 25.6° |
| न्यून. | 06.0° | न्यून. | 10.2° |

### बांग्लादेशी हो सकता है सैफ का हमलावर



**मुंबई।** सैफ अली खान पर हमला करने वाले आरोपी को लेकर मुंबई पुलिस ने कई खुलासे किए हैं। पुलिस ने रविवार सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि आरोपी का बांग्लादेश से कनेक्शन हो सकता है। मुंबई पुलिस के जोन 9 के डीसीपी दीक्षित गेडाम ने कहा, '16 जनवरी को रात 2 बजे अभिनेता सैफ अली खान पर उनके घर पर हमला हुआ। बांद्रा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया।

### उरीमारी के लुरुंगा जंगल में चाल धंसने से दो मजदूरों की हुई मौत

**रामगढ़ (हि.स.)।** हजारीबाग जिले के उरीमारी थाना क्षेत्र अंतर्गत लुरुंगा जंगल में कोयले का अवैध कारोबार बड़े पैमाने पर चल रहा है। मजदूर अवैध माइंस में घुसकर कोयले का खनन कर रहे हैं। शनिवार की शाम लुरुंगा जंगल में अवैध माइंस में चाल धंसने से दो मजदूरों की मौत होने की खबर है। मृतको में लुरूंगा बस्ती निवासी राहुल कुमार गंझू और रवि कुमार गंझू नामक युवक शामिल हैं।

### बिहार में जहरीली शराब से पांच की संदिग्ध मौत

**बेतिया।** बिहार के बेतिया से बड़ी खबर है, जहां लौरिया थाना अंतर्गत मठिया गांव में पांच लोगों की संदिग्ध मौत हो गई है। मेडिकल टीम के डॉक्टर मूर्तजा अंसारी और परिजनों का कहना है की शराब पीने और गांजा पिने से मौत हुई है। 36 घंटे के अंदर मठिया गांव में पांच की मौत हुई है। एक के बाद एक लोगों की मौत से गांव में दहशत हैं।

# राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस परेड रोस्ट्रम में झारखंड की बेटियां होंगी शामिल

## मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री एवं विभागीय पदाधिकारियों ने दी टीम को बधाई



कार्यक्रम में शामिल होने वाली छात्राएं पीएमश्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, पटमदा की हैं



**अधिकारियों को निर्देश-** टीम को दिल्ली में मिले हर संभव सुविधाएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सार्थक प्रयासों का सकारात्मक और ऐतिहासिक परिणाम मिला है। 2015 से राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस परेड रोस्ट्रम में झारखंड के पाइप बैंड को शामिल कराने का सपना अब पूरा हो गया है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर झारखंड के पीएमश्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, पटमदा, पूर्वी सिंहभूम की छात्राओं के दल को रोस्ट्रम में प्रदर्शन करने का गौरवशाली अवसर मिला है। केंद्रीय रक्षा मंत्रालय ने इस संबंध में सभी विभागों को पत्र भेजकर दिनांक 26 जनवरी, 2025 को रोस्ट्रम और विजय चौक पर प्रदर्शन के लिए चुने गए देश के 3 स्कूलों के छात्रों के फोटो पहचान पत्र को तत्काल जारी करने का निर्देश दिया है। झारखंड के इस गौरवशाली उपलब्धि पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विभागीय मंत्री रामदास सोरेन, विभागीय सचिव उमाशंकर सिंह, राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक शशि रंजन, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग समेत अन्य पदाधिकारियों ने टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी है। विभागीय सचिव उमाशंकर सिंह ने पदाधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे इस ऐतिहासिक उपलब्धि को और भी खास बनाने में जुट जाए। बालिका टीम के दिल्ली में आवासन और भोजनादि का पर्याप्त प्रबंध किया जाए। साथ ही उन्हें तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराये जाए, जिससे ना केवल वे रोस्ट्रम में बेहतर प्रदर्शन करे, बल्कि दिनांक 24 और 25 जनवरी को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पाइप बैंड प्रतियोगिता में भी जीत दर्ज कर हमें गौरवान्वित होने का अवसर प्रदान करे।

### 2015 से झारखंड कर रहा था प्रयास

रोस्ट्रम में प्रदर्शन के लिए झारखंड का स्कूली शिक्षा एवं साक्षारता विभाग प्रयासरत था। विभागीय स्तर पर लगातार टीमों को प्रोत्साहित करने का कार्य किया गया, मगर 2024 तक झारखंड को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन का अवसर नहीं मिला। गुवाहाटी में आयोजित जोनल लेवल बैंड प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार मिलने के बाद झारखंड की बालिका पाइप बैंड टीम का राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदर्शन चयन हुआ, तो झारखंड के दस वर्षो का सार्थक प्रयास साकार हुआ।

**मन की बात**

## मताधिकार से लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सशक्त करें: पीएम

**नई दिल्ली (हि.स.)**



- **कुंभ में कोई भेदभाव या जातिवाद नहीं है**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में मतदान प्रक्रिया को आधुनिक और मजबूत बनाने के लिए चुनाव आयोग को धन्यवाद दिया और साथ ही देशभर में निष्पक्ष चुनाव कराने की आयोग की प्रतिबद्धता की सराहना की। चुनाव आयोग की स्थापना के दिन 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। प्रधानमंत्री ने इसका जिक्र करते हुए देशवासियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपने मताधिकार का उपयोग करने और देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सशक्त करने की अपील की।

मन की बात का 118वां एपीसोड अगले सप्ताह गणतंत्र दिवस आयोजन के चलते अंतिम रविवार के स्थान पर आज तीसरे रविवार को प्रसारित किया गया। इस एपीसोड में प्रधानमंत्री ने कुंभ से लेकर अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों से श्रोताओं को अवगत कराया और देश में हो रहे पर्यावरण और समाज परिवर्तन के कार्यों की जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम मन की बात में संविधान लागू होने के 75 वर्ष पूरे होने पर संविधान सभा में चर्चाओं में भाग लेते हुए डॉ. भीमराव अंबेडकर, डॉ. राजेंद्र प्रसाद और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के ऑडियो क्लिप सुनाएं। इसमें डॉ. अंबेडकर ने संविधान सभा को एक मत होने, डॉ. राजेंद्र प्रसाद भारत के मानवीय मूल्यों और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अवसरों की समानता पर अपनी बात रख रहे थे।

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित कुंभ, दक्षिण की नदियों के तटों पर आयोजित होने वाले पुष्करम और पश्चिम बंगाल के गंगा सागर मेले के सुंदर आयोजनों और विहंगम दृश्यों को मन की बात का हिस्सा बनाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह पर्व भारत के लोगों को भारत की परंपराओं से जोड़ते हैं।

शेष पेज 11 पर

## मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज में नशे का सामान और आपत्तिजनक सामग्री बरामद, हुआ बवाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (एमएमसीएच) में अवैध रूप से गांजा, शराब और अन्य आपत्तिजनक सामग्रियों की सूचना पर पहुंची अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) सुलोचना मीणा और उनकी टीम को भारी विरोध का सामना करना पड़ा। शनिवार शाम निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक टीम ने 15 कमरों की जांच की, जो सभी बॉयज हॉस्टल के हिस्से में आते हैं।



जांच में शराब की बोतलें, गांजा, सिगरेट और अन्य संदिग्ध सामग्री बरामद हुई।

सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि छात्रावास से महिलाओं के उपयोग की चीजें, जैसे बाल में लगाने वाले क्लचर और अन्य सामान भी पाए गए। इस दौरान कॉलेज परिसर में हंगामा शुरू हो गया। छात्रों ने टीम की गाड़ियों को घेर लिया और मुख्य गेट पर ताला लगाकर नारेबाजी शुरू कर दी। विरोध प्रदर्शन के कारण करीब तीन घंटे तक कॉलेज परिसर में तनाव का माहौल बना रहा।

**छात्रों का विरोध और प्रशासन का पक्ष :** मेडिकल छात्रों ने प्राचार्य और वार्डन पर छात्रों को बेवजह परेशान करने शेष पेज 11 पर

**कटिहार में बड़ा नाव हादसा**

### 3 लोगों की दर्दनाक मौत, 10 लोग लापता

**कटिहार ।** बिहार के कटिहार में नाव पलटने से तीन लोगों की मौत हो गयी है। 4 लोगों को गंभीर स्थिति में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 10 लोग लापता बताए जा रहे हैं। घटना जिले के अमदाबाद थाना क्षेत्र के गदाई दियारा इलाके की है। घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय पुलिस-प्रशासन पहुंची है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि यह हादसा उस समय हुआ जब सुबह में सभी लोग नाव पर सवार होकर खेत खलियान शेष पेज 11 पर

## यात्री बस दुर्घटनाग्रस्त, तीन की मौत

**हजारीबाग(आईएएनएस)**

जिले के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र में रविवार शाम एक यात्री बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमें तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 10 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में एक की पहचान विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के नरकी निवासी मंगर कमार के रूप में हुई है। अन्य दो की शिनाख्त नहीं हो पाई है। बताया गया कि 'नेहा' नामक मिनी बस (जेएच02वी 0543) हजारीबाग से फुसरो (बोकारो) जा रही थी। विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र में नरकी नामक जगह



पर बस का अगला टायर अचानक ब्लास्ट कर गया और तेज गति में जा रही बस अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर यात्रियों की चीख-पुकार मच गई। कई लोग बस के नीचे दब गए। सूचना पाकर स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। इनमें से तीन लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

शेष पेज 11 पर

**इंडिया**

# समाज से ही आएगा तारणहार नेतृत्व



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

हम सबसे अधिक आलोचना खराब व्यवस्था की करते हैं पर जब कोई सफल लेखक, पत्रकार, अधिकारी या जज राजनीति में आकर उसे सुधारना चाहता है तो उसकी भी नीयत पर सवाल उठाए जाते हैं । भारत में सबसे अधिक आलोचना नेताओं की होती है और दूसरी ओर सत्ता का आकर्षण भी सबसे बड़ा होता है जिसे हर कोई प्राप्त करना चाहता है । हजारों साल की गुलामी के बाद मिली आजादी के बाद सबसे बड़ा संकट नेतृत्व का था क्योंकि गलत आदमी के हाथों सत्ता जाने पर उसके दूरगामी प्रभाव पड़ते हैं । अनेक मामलों में विभिन्न राज्यों के साथ झारखंड भी अपेक्षित विकास नहीं कर पाया जिसका दोष नेतृत्व पर ही थोपा जाता है । राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पार्टियां जब तक सत्ता से दूर रहती हैं तब तक जमीनी स्तर के नेताओं को अवसर देने की बात करती है और सत्ता में आने पर समर्पित कार्यकर्ताओं के बजाय उन पर टिकट बेचने के आरोप लगने लगते हैं । आजकल चलन में है कि अपने काले धंधे को कवर करने या नेतागीरी की आड़ में करोड़ों कमाने के लिए अनेक लोग राजनीति में आना चाहते हैं और उनका समाज सेवा से दूर का भी रिश्ता नहीं होता । जबकि विभिन्न पार्टियों की विचारधारा से प्रभावित हजारों समर्पित कार्यकर्ता किनारे कर दिए जाते हैं । जैसे जैसे लोगों में राजनीतिक चेतना और परिपक्वता विकसित हो रही है टिकट खरीदवाले या समाज सेवा का ढोंग करने वाले आपराधिक प्रवृति के कथित नेताओं को पब्लिक ने नकारना शुरू कर दिया है ।पिछले लोकसभा में अपेक्षित सफलता से दूर भाजपा भी इस बार विधानसभा चुनाव में जिस तरह महीनों पहले से सक्रिय है उससे लग रहा है कि इस बार टिकट वितरण में सावधानी बरतेगी । अन्य पार्टियां भी चुनाव जिताने वाले उम्मीदवारों की तलाश में धन के साथ जन से मजबूत लोगों को प्रश्रय देगी । फैसला तो जनता के हाथों में है पर स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीति में परिवारवाद व जातिवाद को लेकर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि राजनीति में ऐसे नए लोगों को अवसर मिलना चाहिए जिनके परिवारों का पहले से कोई राजनीतिक बैकग्राउंड न हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीतिक दलों को परिवारवाद से बचाने के लिए एक लाख ऐसे युवाओं को आगे लाने की बात की ।उन्होंने कहा कि ये एक लाख युवा ऐसे परिवारों से आएं जिनका राजनीति से कोई संबंध न रहा हो। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसे एक लाख लोग, फ्रेश ब्लड चाहे ग्राम पंचायत में आएं, नगर पालिका में आएं,



जिला परिषदों में आएं, चाहे विधानसभाओं में आएं या लोकसभा में आएं। इससे पहले उनके परिवार का कोई राजनीतिक इतिहास न हो, ऐसे फ्रेश लोग राजनीति में आएं। लाल किले से अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा, मैं एक चिंता हमेशा कहता हूं परिवारवाद, जातिवाद भारत के लोकतंत्र को बहुत नुकसान कर रहा है। देश की राजनीति को हमें परिवारवाद और जातिवाद से मुक्ति दिलानी होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक मिशन यह भी है कि हम जल्द से जल्द राजनीतिक जीवन में जनप्रतिनिधि के रूप में एक लाख ऐसे नौजवानों को आगे लाना चाहते हैं, ऐसे नौजवानों को आगे लाना चाहते हैं जिनके परिवार में किसी का भी कोई राजनीतिक बैकग्राउंड न हो, जिनके माता-पिता, भाई-बहन, चाचा ताऊ आदि कोई भी राजनीति में न रहे हों। किसी भी पीढ़ी में कोई राजनीति में न रहा हो। प्रधानमंत्री ने कई बार कहा कि यह जरूरी नहीं है कि ऐसे युवा किसी एक ही दल में आएं, उनको जो दल पसंद हो, उसमें आएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ऐसा होने से परिवारवाद से मुक्ति मिलेगी, जातिवाद से मुक्ति मिलेगी। लोकतंत्र को समृद्धि मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश तय करके चले कि आने वाले दिनों में एक लाख ऐसे नौजवान जिनके परिवार का राजनीति में दूर-दूर का संबंध न हो, उनको राजनीति में लेंगे। इससे नई सोच आएगी, नई शक्ति आएगी और लोकतंत्र मजबूत होगा। अनेक पत्रकार,साहित्यकार, अधिकारी, प्रबंधक या न्यायपालिका से जुड़े लोग जब राजनीति में आना चाहते हैं तो कुछ लोग सोशल मीडिया में व्यर्थ का शोर मचाकर उनकी नीयत पर सवाल उठाते हैं जबकि उनके अनुभवों से राजनीति और समृद्ध हो सकती है। अनेक उदाहरण हमारे सामने भी हैं।

**राहुल गांधी पर मुसीबत**

## 'इंडिया स्टेट' बयान पर बिहार के बाद गुवाहाटी में भी केस दर्ज

**एजेंसी**



**गुवाहाटी ।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को भाजपा, आ र ए स ए स के साथ ही 'इंडिया स्टेट' से लड़ाई वाले बयान को लेकर मुसीबतों से घिर गए हैं। बयान को लेकर राजनीतिक विरोध झेल रहे राहुल गांधी के खिलाफ गुवाहाटी के पान बाजार पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। कांग्रेस नेता के खिलाफ गुवाहाटी के पान बाजार थाने में शनिवार को बीएनएस के तहत गैर जमानती धाराओं में यह केस दर्ज किया गया। आरोप है कि राहुल ने भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले बयान दिए।

शिकायतकर्ता मोनजीत चेतिया ने आरोप लगाया कि राहुल का बयान अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की सीमाओं का उल्लंघन है। इससे सार्वजनिक व्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। चेतिया ने दावा किया कि राहुल गांधी के शब्द राज्य के अधिकार को अवैध ठहराने की कोशिश है। इससे एक खतरनाक धारणा तैयार होगी, जो अशांति और अलगाववादी भावनाओं को भड़का सकती है। 15 जनवरी को दिल्ली में नए कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन के उद्घाटन में राहुल ने मोहन भागवत के एक बयान पर कहा था कि भाजपा, आरएसएस ने हर संस्था पर कब्जा कर लिया है।

शेष पेज 11 पर

# झारखंड के गोमो से जुड़ी है नेताजी सुभाष चंद्र बोस के द ग्रेट एस्केप की रोमांचक कहानी

**प्रधानमंत्री ने मन की बात में इस घटना का विशेष तौर पर उल्लेख किया**







**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची (आईएएनएस)।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने भारत की आजादी के लिए सशस्त्र संघर्ष छेड़ने के अपने इरादे को अंजाम तक पहुंचाने और आजाद हिंद फौज को कायम करने के लिए जब देश छोड़ा था, तो उन्होंने आखिरी घंटे झारखंड के गोमो में गुजारे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात की 118वीं कड़ी में इस घटना का विशेष तौर पर उल्लेख किया।

प्रधानमंत्री ने उस घटना का चित्र खींचते हुए कहा, कोलकाता में जनवरी का समय है। दूसरा विश्व युद्ध अपने चरम पर है और इधर भारत में अंग्रेजों के खिलाफ गुस्सा उफान पर है। इसकी वजह से शहर में चप्पे-चप्पे पर पुलिसवालों की तैनाती है। कोलकाता के बीचों-बीच एक घर के आस-पास पुलिस की मौजूदगी ज्यादा चौकस है। इसी बीच, लंबा ब्राउन कोट-पैंट और काली टोपी पहने हुए एक व्यक्ति रात के अंधेरे में एक बंगले से कार लेकर बाहर निकलता है। मजबूत सुरक्षा वाली कई चौकियों को पार करते हुए वो एक रेलवे स्टेशन गोमो पहुंच जाता है। ये स्टेशन अब झारखंड में है। यहां से एक ट्रेन पकड़कर वो आगे के लिए निकलता है। इसके बाद अफगानिस्तान होते हुए, वो यूरोप जा पहुंचता है - और यह सब अंग्रेजी हुकूमत के अभेद किलेबंदी के बावजूद होता है।

पीएम मोदी ने आगे कहा, साथियो, ये कहानी आपको फिल्मी सीन जैसी लगती होगी। आपको लग रहा होगा, इतनी हिम्मत दिखाने वाला व्यक्ति आखिर किस मिट्टी का बना होगा। दरअसल ये व्यक्ति कोई और नहीं, हमारे देश की महान विभूति, नेताजी सुभाष चंद्र बोस थे। 23 जनवरी यानी उनकी जन्म-जयंती को अब हम पराक्रम दिवस के रूप में मनाते हैं। उनके शौर्य से जुड़ी इस गाथा में भी उनके पराक्रम की झलक मिलती है।

द ग्रेट एस्केप की यादों को सहेजने और उन्हें जीवंत रखने के लिए झारखंड के नेताजी सुभाष चंद्र बोस जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या 1-2 के बीच उनकी आदमकद कांस्य प्रतिमा लगाई गई है। इस जंक्शन पर द ग्रेट एस्केप की दास्तां भी संक्षेप रूप में एक शिलापट्ट पर लिखी गई है। कहानी ये है कि 2 जुलाई 1940 को हालवेल मूवमेंट के कारण नेताजी को भारतीय रक्षा कानून की धारा 129 के तहत गिरफ्तार किया गया था। तब डिप्टी कमिश्नर जान ब्रीन ने उन्हें गिरफ्तार कर प्रेसीडेंसी जेल भेजा था। जेल जाने के बाद उन्होंने आमरण अनशन किया। उनकी तबीयत खराब हो गई। तब अंग्रेजी हुकूमत ने उन्हें 5 दिसंबर 1940 को इस शर्त पर रिहा किया कि तबीयत ठीक होने पर पुनः गिरफ्तार किया जाएगा। नेताजी रिहा होकर कोलकाता के एल्गिन रोड स्थित अपने आवास आए। केस की सुनवाई 27 जनवरी 1941 को थी। ब्रिटिश हुकूमत को 26 जनवरी को पता चला कि नेताजी तो कलकत्ता में नहीं हैं। नेताजी तो आठ दिन पहले 16-17 जनवरी की रात करीब एक बजे ही हुलिया बदलकर वहां से गोमो के लिए निकल गए थे। बताया जाता है कि भतीजे डॉ शिशिर बोस के साथ गोमो पहुंचने के बाद वह गोमो हटियाटाड़ के जंगल में छिपे रहे। जंगल में ही स्वतंत्रता सेनानी अलीजान और अधिवक्ता चिरंजीव बाबू के साथ इन्होंने गुप्त बैठक की थी। इसके बाद रात में वह गोमो के लोको बाजार में मो. अब्दुल्ला के यहां पहुंचे थे। गोमो से कालका मेल में सवार होकर गए तो उसके बाद कभी अंग्रेजों के हाथ नहीं लगे।

शिशिर बोस अपनी किताब में लिखते हैं, कालका मेल गोमो स्टेशन पर देर रात आती थी। गोमो स्टेशन पर नींद भरी आँखों वाले एक कुली ने सुभाष चंद्र बोस का सामान उठाया। मैंने अपने रंगा काका बाबू को कुली के पीछे धीमे-धीमे ओवरब्रिज पर चढ़ते देखा। थोड़ी देर बाद वो चलते-चलते अंधेरे में गायब हो गए। कुछ ही मिनटों में कलकत्ता से चली कालका मेल वहां पहुंच गई। मैं तब तक स्टेशन के बाहर ही खड़ा था। दो मिनट बाद ही मुझे कालका मेल के आगे बढ़ते पहियों की आवाज सुनाई दी।

इतिहास के दस्तावेज बताते हैं कि अंग्रेजी हुकूमत को सुभाष चंद्र बोस के गायब होने की खबर नौ दिनों बाद 27 जनवरी को लगी थी। नेताजी सुभाष चंद्र बोस के सम्मान में रेल मंत्रालय ने वर्ष 2009 में गोमो स्टेशन का नाम नेताजी सुभाष चंद्र बोस गोमो जंक्शन कर दिया। 23 जनवरी 2009 को तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव ने यहां इनके स्मारक का लोकार्पण किया था।

### गोमो जंक्शन को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जंक्शन के नाम से जाना जाता है

सुभाष चंद्र बोस के देश छोड़ने की यह परिघटना भारतीय आजादी के इतिहास में द ग्रेट एस्केप के नाम से जानी जाती है। वह झारखंड के गोमो स्टेशन से ही कालका मेल पकड़कर दिल्ली और फिर वहां से फ्रंटियर मेल पर सवार होकर पेशावर के लिए रवाना हुए थे। अब गोमो जंक्शन को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जंक्शन के नाम से जाना जाता है। वो तारीख थी 18 जनवरी, 1941, जब कोलकाता के एल्गिन रोड स्थित अपने आवास में अंग्रेजी हुकूमत द्वारा नजरबंद किए गए नेताजी पुलिस को चकमा देकर निकल भागे थे। अंग्रेजी हुकूमत के सख्त पहरे के बावजूद उनके कोलकाता से निकलने की योजना बांग्ला वालंटियर के सत्यरंजन बख्शी ने बनाई थी। वह अपने घर से निकलने के बाद अपने भतीजे डॉ शिशिर बोस के साथ वांडरर कार (बीएलए 7169) से उस रोज रात आठ बजे गोमो पहुंचे थे और यहां लोको बाजार में रहने वाले अपने वकील मित्र शेख मोहम्मद अब्दुल्ला के घर पहुंचे थे। उन्होंने शेख अब्दुल्ला से पेशावर जाने की अपनी योजना साझा की। तय हुआ कि वह पठान का भेष धरकर स्टेशन से हावड़ा-पेशावर मेल 63 अप ट्रेन पकड़ेंगे। शेख अब्दुल्ला के कहने पर गोमो के अमीन दर्जी ने उनके लिए आनन-फानन में पठान ड्रेस तैयार की। अमीन दर्जी ने ही रात एक बजे उन्हें स्टेशन पहुंचाया, जहां तीन नंबर प्लेटफार्म से उन्होंने यह ट्रेन पकड़ी। बाद में यह ट्रेन कालका एक्सप्रेस के रूप में जानी जाने लगी। तीन साल पहले रेलवे ने इस ट्रेन का नामकरण नेताजी एक्सप्रेस कर दिया है।

## जन्म प्रमाण पत्र विवाद पर भाजपा ने उठाई जांच की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कैडर के आईएएस अधिकारी राजीव रंजन के बेटे के नाम पर तीन-तीन जन्म प्रमाण पत्र जारी होने के मामले पर भाजपा ने उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने इस घटना को झारखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार का एक चिंताजनक उदाहरण बताया है। श्री साह ने कहा कि रांची नगर निगम में आम नागरिकों को अपने बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए महीनों तक चक्कर लगाने पड़ते हैं। अधिकारियों की लापरवाही के कारण न जाने कितने बच्चों का स्कूल में दाखिला तक नहीं हो पाता। वहीं, दूसरी ओर प्रभावशाली अधिकारी अपने रसूख का इस्तेमाल कर नियम-कानूनों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह मामला पासपोर्ट में संशोधन से जुड़ा हुआ है, जिससे यह आंतरिक सुरक्षा के लिहाज से भी गंभीर हो जाता है। यदि नगर निगम इतने आसानी से फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जारी कर देता है, तो संभव है कि पहले भी ऐसे कई मामले सामने आए हों। श्री साह ने मांग की कि इस पूरे प्रकरण में दोषी आईएएस अधिकारी और नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों पर फजीर्वाड़े के कानून के तहत मामला दर्ज होना चाहिए। उन्होंने भारतीय दंड संहिता की धारा 336 (फजीर्वाड़ा) के तहत कार्रवाई की मांग की। इसके साथ ही, श्री साह ने इस मामले को नगर निकाय चुनावों से भी जोड़ा। उन्होंने कहा कि झारखंड में नगर निकाय और निगम पूरी तरह अधिकारियों के भरोसे चल रहे हैं, जहां जवाबदेही लगभग न के बराबर है। जनप्रतिनिधियों की गैर-मौजूदगी ने इन संस्थानों को भ्रष्टाचार के अड्डे में बदल दिया है।

# रांची से होकर जाएंगी 38 कुंभ स्पेशल ट्रेनें

## पहली ट्रेन को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने दिखाई हरी झंडी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची रेलवे जंक्शन से कुंभ स्पेशल ट्रेन (नंबर 08067) रविवार को हर-हर महादेव के नारों के बीच रवाना हुई। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाई।

इस ट्रेन पर कुंभ क्षेत्र जाने वाले दो हजार से अधिक श्रद्धालु सवार रहे। ट्रेन को रवाना किए जाने के मौके पर राज्य सभा के भाजपा सांसद दीपक प्रकाश, झामुमो सांसद महुआ माजी, रांची के विधायक और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष चंद्रेश्वर प्रसाद सिंह, रांची रेल मंडल के डीआरएम जसमीत बिंद्रा विशेष रूप से मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने ट्रेन से रवाना होने वाले श्रद्धालुओं को तिलक लगाए, उन पर पुष्प वर्षा की और पांव छूकर उनका अभिवादन किया।



ट्रेन को रवाना करने के बाद मीडिया से बात करते हुए रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि हर सनातनी की इच्छा होती है कि वह कुंभ में स्नान का पुण्य अर्जित करे। इस वर्ष का कुंभ और विशिष्ट है, क्योंकि 144 वर्षों के बाद ग्रह-नक्षत्रों के सुखद संयोग बने हैं। सेठ ने झारखंड को कुंभ स्पेशल ट्रेन देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार जताया।

रांची रेल मंडल के प्रबंधक जसमीत बिंद्रा ने बताया कि रांची से खुलने वाली यह पहली स्पेशल ट्रेन है, लेकिन इसके पहले दूसरे स्टेशनों से खुलने वाली कई ट्रेनें रांची होकर रवाना हुई हैं। उन्होंने कहा कि रेल यात्रियों और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए रांची रेलवे जंक्शन से होकर कुल मिलाकर 38 कुंभ स्पेशल ट्रेनों का शेड्यूल तय हुआ है।

इस मौके पर उपस्थित रहीं राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कुंभ क्षेत्र जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए रेलवे की ओर से की गई विशेष व्यवस्था की सराहना की।

## बाबूलाल मरांडी ने मोदी सरकार का जताया आभार

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने प्रधानमंत्री एवं सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का आभार जताया है। श्री मरांडी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा झारखंड के धनबाद जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-19 के बरवा अड्डा - पानागढ़ के निरसा और गोबिंदपुर क्षेत्र में मौजूदा फुटपाथ के पुनर्निर्माण/पुनर्वास सहित दो 6-लेन एलिवेटेड फ्लाईओवर के निर्माण के लिए 1130.54 करोड़ रुपए की लागत के साथ स्वीकृति दी गई है। कहा कि झारखंड और बंगाल को जोड़ने वाली इस महत्त्वपूर्ण सड़क पर फ्लाईओवर की स्वीकृति प्रदान कर कोयलांचल की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का झारखंड की जनता की ओर से आभार।

## प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम एक भारत-श्रेष्ठ भारत की गाथा है : बाबूलाल



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने रविवार को प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर कार्यकताओं और आम लोगों के साथ बूथ स्तर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात को सुनी। प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने रांची महानगर के बरियातू मंडल में कार्यकताओं के साथ पीएम के मन की बात सुनी।

इस मौके पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम एक राजनीतिक संबोधन नहीं, बल्कि यह एक भारत-श्रेष्ठ भारत की गाथा है। विविध क्षेत्रों की महत्वपूर्ण जानकारियों से परिपूर्ण यह संविधान आमजन को प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि आज के संबोधन में भारत की सांस्कृतिक विरासत और विकास की चर्चा हुई है। साथ ही कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास की गाड़ी अपनी विरासत को सहेजते और संवारते हुए आगे बढ़ रही है।

मरांडी ने कहा कि संविधान सभा में दिए गए देश के महापुरुषों के संबोधन ने आमजन को संविधान की मूल भावनाओं से परिचित कराया। विरासत पर गर्व करने के अवसर दिए। स्टार्टअप की चर्चा ने युवाओं को नए-नए क्षेत्र से अवगत कराया।

संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह एवं सांसद दीपक प्रकाश ने हरमू मंडल में कार्यक्रम को सुना। प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर पार्टी के प्रदेश, जिला मंडल के पदाधिकारियों, सांसदों, विधायकों एवं कार्यकर्ताओं ने एक साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना।

कार्यक्रम सुनने वालों में कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा और मनोज कुमार सिंह आदि शामिल रहे।

## सम्मेलन में भाग लेने के लिए विस अध्यक्ष पहुंचे पटना



**रांची।** बिहार के पटना में रविवार को 85वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबिंद्रनाथ महतो पटना पहुंचे। दो दिवसीय सम्मेलन का विषय है 'संविधान की 75वीं वर्षगांठः संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करने में संसद और राज्य विधायी निकायों का योगदान' है।

### केंद्रीय मंत्री ने सफाईकर्मियों के साथ सुनी 'मन की बात', कहा

## पीएम की बातें करोड़ों लोगों को प्रेरित करती है

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात की 118वीं कड़ी का प्रसारण रांची शहर के सफाई कर्मियों के साथ बैठकर सुना।

प्रसारण संपन्न होने के बाद उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की बातें करोड़ों लोगों को प्रेरित करती हैं। 3 अक्टूबर 2014 से शुरू हुए इस प्रसारण के जरिए उन्होंने अनुकरणीय उदाहरणों और उद्धरणों के साथ देशवासियों को जितने प्रेरक और ऊर्जादायी संदेश दिए हैं, वह अद्भुत हैं।





रक्षा राज्य मंत्री ने रांची के हेहल इलाके में स्थित अपने आवासीय परिसर में शहर को स्वच्छ रखने वाले सफाईकर्मियों को मन की बात कार्यक्रम सुनने के लिए आमंत्रित किया था। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अनुभव साझा करते हुए लिखा, समाज के हर वर्ग को प्रेरणा देने वाला कार्यक्रम मन की बात अपने आवासीय परिसर में स्वच्छता दूतों के साथ सुना। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का यह कार्यक्रम, हर किसी को एक दूसरे से जोड़ने वाला है। स्वच्छता दूतों के साथ इसे सुनना, अनूठा अनुभव देने वाला रहा।

संजय सेठ ने कहा कि आज के एपिसोड में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद और नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसी विभूतियों की आवाजें लोगों ने सुनीं। जिनके बारे में आज की पीढ़ी किताबों में पढ़ती है, उनकी आवाजें जब आज के कार्यक्रम में सुनाई गईं तो ऐसा एहसास हुआ, जैसे वे साक्षात हमसे संवाद कर रहे हों। प्रधानमंत्री ने सुभाष चंद्र बोस के जीवन के प्रसंगों के बारे में बताते हुए झारखंड के गोमो का भी जिक्र किया, जब वह देश की आजादी की लड़ाई को धार देने के लिए देश छोड़कर गए थे। मन की बात के जरिए वह हमें इतिहास की प्रेरक कहानियों को आज के संदर्भ में प्रस्तुत करते हैं। सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 2047 में सर्वश्रेष्ठ भारत का जो लक्ष्य निर्धारित किया है, उसे पूरा करने की दिशा में हम सभी लोग संकल्पित हैं।

### प्रवीण प्रभाकर ने फिर थामा आजसू पार्टी का दामन

# युवा आजसू के नेताओं ने एक साथ छोड़ी पार्टी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रवीण प्रभाकर ने आजसू पार्टी में घर वापसी की है। आजसू पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में रविवार को आयोजित मिलन समारोह में प्रवीण प्रभाकर ने आजसू का दामन थामा। आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने माला पहनाकर उनका पार्टी में स्वागत किया। मौके पर प्रवीण प्रभाकर ने कहा कि झारखंड के इतिहास को किसी ने गढ़ने का काम किया है तो वह आजसू ने किया है। आजसू के पहल से ही झारखंड राज्य बना और झारखंड नाम भी रखा गया। आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि ऐसे लोग जिन्होंने झारखंड को सींचने व आगे लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है ऐसे लोगों को पुनः मैं स्वागत करता हूं। वहीं आशा करता हूं कि प्रवीण प्रभाकर अब आजसू को भी इसी तरह आगे बढ़ाएंगे। युवा आजसू के प्रमुख पदाधिकारियों ने जहां एक तरह पार्टी के पुराने नेता घर वापसी घर रहे हैं। वहीं युवा आजसू के कई प्रमुख पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से पार्टी से त्यागपत्र दे दिया है। इनमें प्रदेश संयोजक गौतम सिंह, रांची जिला सह प्रभारी नीरज वर्मा, नीतीश सिंह, रांची महानगर संयोजक अभिषेक शुक्ला, रोहित चौधरी, विशाल यादव सहित सैकड़ों पदाधिकारी शामिल हैं। इन सभी ने पार्टी सुप्रीमो को अपना इस्तीफा भेज दिया है।




**युवाओं के इस्तीफा पर बोले सुदेश, मैं उनके नाम भी नहीं जानता**

मिलन समारोह के दौरान आजसू सुप्रीमो सुदेश ने पार्टी से इस्तीफा दिए युवा नेताओं के बारे में कहा- पार्टी छोड़ने वाले युवा कार्यकर्ताओं का नाम भी मैं नहीं जनता हूं।

### झारखंड आंदोलनकारी परिवारों के प्रति अनदेखी पर गहरी नाराजगी

नेता नीरज वर्मा ने कहा कि बीते एक दशक से उन्होंने संघर्ष, सेवा और समर्पण के साथ पार्टी की विचारधारा और सिद्धांतों को आगे बढ़ाने का कार्य किया। लेकिन हाल के दिनों में पार्टी के भीतर पनपी साजिशों और समर्पित कार्यकर्ताओं की अनदेखी ने उन्हें यह कठोर निर्णय लेने पर विवश कर दिया। उन्होंने कहा, पार्टी, जो कभी युवाओं के नेतृत्व और संघर्ष के लिए जानी जाती थी, अब बाहरी-भीतरी, अगड़ा-पिछड़ा जैसे विद्वेषों में उलझ चुकी है। संगठन के भीतर कुछ चुनिंदा लोगों के द्वारा गुटबाजी को बढ़ावा दिया जा रहा है, और आंदोलनकारियों के परिवारों के साथ साजिश के तहत अपमानजनक व्यवहार किया जा रहा है। नीरज वर्मा ने झारखंड आंदोलनकारी स्व. कमल किशोर भगत की पत्नी नीरू शांति भगत के साथ हुई सांगठनिक अभद्रता और सोशल मीडिया पर हुए अपमान को घोर निंदनीय बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया पर साजिश के तहत अपमानित किया जा रहा है, जिससे संगठन का आंतरिक ढांचा कमजोर हो रहा है।

### पार्टी के भीतर कार्यकर्ताओं के साथ हो रहा अन्याय : नीतीश सिंह

युवा नेता नीतीश सिंह ने कहा, हमारा यह निर्णय किसी व्यक्तिगत द्वेष या दबाव का परिणाम नहीं है। यह हमारे स्वाभिमान और आदर्शों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पार्टी और इसके नेता सुदेश महतो के प्रति हम आदर और सम्मान व्यक्त करते हैं। लेकिन पार्टी के भीतर कार्यकर्ताओं के साथ हो रहे अन्याय और साजिशों ने हमें अलग राह चुनने पर विवश कर दिया। त्यागपत्र देने वाले पदाधिकारियों ने झारखंड के विकास और जनहित के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि वे राज्य के हित में अपने प्रयास जारी रखेंगे।

### प्रवक्ता देव शरण भगत ने युवाओं को दी शुभकामनाएं

कई युवा नेताओं के सामूहिक इस्तीफा पर केन्द्रीय प्रवक्ता देव शरण भगत ने कहा- आजसू को समझना होगा लोगों को, आजसू बना क्यों था, पार्टी की क्या सोच है। उन्होंने कहा चुनाव में या चुनाव के बाद या चुनाव के पहले लोगों में परिवर्तन होता ही है। उन्होंने यह भी कहा कि पेड़ से टहनियां तो टूटती ही है जड़ें कायम रहती है। वहीं युवाओं के द्वारा पार्टी के लिए किए गए टिप्पणी पर देव शरण भगत ने कहा- लोगों के सुझाव पर काम किया जायेगा।

## राष्ट्रीय स्वाभिमान दिवस के रूप में मनी महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारत के वीर शिरोमणि महान योद्धा राष्ट्रगौरव महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि को झारखंड क्षत्रिय राजपूत महापंचायत एवं महाराणा प्रताप स्मृति संस्थान की केंद्रीय इकाई ने राष्ट्रीय स्वाभिमान दिवस के रूप में संयुक्त तत्वाधान में मनाया। झारखंड क्षत्रिय राजपूत महापंचायत एवं महाराणा प्रताप स्मृति संस्थान के केंद्रीय इकाई के पदाधिकारियों ने रविवार की अपराह्न को झारखंड प्रदेश के रांची महानगर अंतर्गत पुराना विधानसभा के सामने धुर्वा के सेक्टर टू गोलचक्कर अवस्थित राष्ट्रगौरव महाराणा प्रताप के आधार स्तंभ में स्थापित तैलचित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। राष्ट्रीय स्वाभिमान दिवस के अवसर पर आयोजित राष्ट्ररत्न महाराणा प्रताप स्मृति समारोह का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।इस अवसर पर राष्ट्ररत्न महाराणा प्रताप के संघर्ष व बलिदान से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का युवाओं ने संकल्प लिया। इस दौरान मौजूद लोगों ने राष्ट्ररत्न महाराणा प्रताप की तरह स्वाधीनता और सम्मान के लिए जीवन भर लड़ने की प्रतिज्ञा की। इस मौके पर मौजूद गणमान्यों ने अपने संबोधन में एक स्वर से कहा कि महाराणा प्रताप राष्ट्रीय स्वाभिमान के प्रतीक हैं सर्वसमाज उनके प्रति आस्थावान है।देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने उन्होंने अंतिम क्षण तक लड़ाई लड़ी जो समस्त भारतवासियों के लिए प्रेरणा है। महान पराक्रम और स्वाभिमान के प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए गणमान्यों ने उनके अदम्य साहस और मातृभूमि के प्रति अटूट समर्पण से सदैव प्रेरणा लेने की बात कही। उपस्थित लोगों ने राष्ट्ररत्न महाराणा प्रताप के विचारों पर चलने का संकल्प लिया और उनकी वीरगाथा को घर घर तक पहुचाने का निर्णय लिया एवं देश पर संकट के समय सभी को एकजुट होकर राष्ट की अखंडता के लिए समर्पित होने का आह्वान किया।कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों लोगों ने 'राष्ट्रगौरव महाराणा प्रताप अमर रहें' के नारों से एवं राष्ट्ररत्न महाराणा प्रताप के जयकारों से पूरे क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया।अंत में वक्ताओं ने अपने धन्यवाद ज्ञापन में कहा कि राष्ट्रगौरव महाराणा प्रताप की सेना में भील, आदिवासी, अल्पसंख्यक, वैश्य, अगरे-पिछड़े सहित सभी वर्गो के लोग शामिल थे जो राष्ट्ररत्न महाराणा प्रताप की समावेशी सोच को दर्शाता है।



# राष्ट्रीय पुस्तक मेला में हरिवंश की दस किताबों पर संवाद, उमड़ी भीड़

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



जिला स्कूल मैदान में आयोजित 10 दिवसीय राष्ट्रीय पुस्तक मेला के तीसरे दिन मेला परिसर में पुस्तक प्रेमियों की गहमा-गहमी रही। रविवार छुट्टी का दिन होने पर लोगों ने अपना समय किताबों के संग बिताया। इस अवसर पर शैक्षणिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश के 1977 से लेकर 2017 तक अखबारों में छपे लेखों का संग्रह दस अध्यायों में प्रकाशित पुस्तकों पर संवाद का कार्यक्रम मेला के सभागार मंच पर आयोजित किया किया गया। संवाद में हरीश चंद्र शर्मा ने कहा कि अशिक्षित लोग सरकारी योजना से पिछड़ते जा रहे हैं परन्तु शिक्षित लोग सरकारी योजना से जुड़ रहे हैं। रवि दत्त वाजपेयी ने श्री परमहंस योगानंद जी की पुस्तक 'योगी कथामृत' पर भी चर्चा की। दयामनी बारला ने कहा कि हरिवंश के संपादकीय नेतृत्व में जो भी घटनाएँ घटी। उन घटनाओं का यथासंभव दृश्य इन पुस्तकों में दिखाई पड़ता है। अनुज कुमार सिन्हा ने कहा कि इनका जन्म 23 जून यानि हुल दिवस के दिन हुआ। इसका प्रभाव एक सौ वर्ष बाद उनके व्यक्तित्व में पत्रकारिता के रुप में दिखाई पड़ता है। आपने तेवर की पत्रकारिता की। महादेव टोप्पो ने कहा कि मुझे दो पत्रकारों ने अखबार में जगह दी- एक बलबीर दत्त और दूसरे हरिवंश । बलबीर दत्त ने कहा कि हरिवंश पुराण में 25 प्रकरण हैं। हरिवंश की पुस्तकों की संख्या भी पचीस हो गई है। इसलिए इसे हरिवंश पुराण का नया संस्करण माना जा सकता है। कार्यक्रम का मंच संचालन अनीश अंकुर तथा धन्यवाद ज्ञापन चंद्रभूषण ने किया। इस अवसर पर डॉ। जेबी पांडेय, डॉ विनोद कुमार, अशोक कुमार प्रमाणिक आदि गन्य-मान्य विद्वान उपस्थित रहे। पुस्तक मेले में उमड़ी भीड़ : रविवार को तमाम पुस्तक प्रेमियों ने मेले से अपनी पसन्द की पुस्तकें चुनीं और खरीदीं । कई पुस्तक प्रेमियों ने विभिन्न स्टॉल्स पर घूमझ्घूमकर पुस्तकों को देखा और फिर आकर खरीदने का मन बनाया । किताबों पर केन्द्रित यह पुस्तक मेला 26 जनवरी तक जारी है । पुस्तक प्रेमियों के लिए मेला परिसर में प्रवेश की समयावधि प्रातः 11 बजे से रात्रि 7:30 बजे बजे तक की है ।

## चित्रकला प्रतियोगिता संपन्न

पुस्तक मेला में जारी शैक्षिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में रविवार को बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता संपन्न हुई । इस प्रतियोगिता में तीनों आयु वर्ग के बच्चों ने बढ़झ्चढ़ कर हिस्सा लिया और रंगों रेखाओं के सहारे अपने भावों को व्यक्त किया । बच्चों की चित्रकला में जहाँ प्रकृति का खूबसूरत संसार रंगों और रेखाओं के माध्यम से चित्रित हुआ। वहीं सामाजिक जीवन और पर्यावरण से जुड़े गहरे सरोकारों की आहट मिली । कविता सुनाओ/कहानी लेखन प्रतियोगिता आज : पुस्तक मेला में बच्चों की कविता सुनाओ/ कहानी लेखन प्रतियोगिता सोमवार अपराह्न 3।00 बजे आयोजित है । इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी कविता सुनाने और कहानी लेखन की कला का प्रदर्शन कर सकेंगे । प्रतियोगिता प्रतिभागियों के लिए नि:शुल्क है ।

# सुजीत सिन्हा गैंग के दो बदमाश गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जिले की ओरमांझी थाना पुलिस ने सुजीत सिन्हा गैंग के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक टैब, दो मोबाइल, एक पैकेट डायरी और एक बैग बरामद किए गए हैं। ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में विक्की वर्मा और आयुष राज शामिल हैं। एसपी ने बताया कि 22 नवंबर, 2024 में ओरमांझी थाना क्षेत्र में दो बदमाश अपाची बाइक पर सवार होकर आये और फायरिंग की। इस दौरान संजीव जायसवाल के साथ काम कर रहे जावेद अंसारी और आजाद अंसारी को एक-एक गोली लगी थी। संजीव जायसवाल ने बताया था कि संगठित गिरोह सुजीत सिन्हा के सदस्यों ने उनसे लेवी मांगी थी और लेवी नहीं देने पर फायरिंग की गई। एसपी ने बताया कि वारदात के बाद एसआईटी टीम का गठन किया गया। टीम ने एटीएस और रांची जिले की तकनीकी शाखा की मदद से गिरोह के एक आरोपित जिशान शेख उर्फ रिक्की खान को पूर्व में गिरफ्तार किया था। टीम ने अनुंसधान के दौरान एक अपराधी विक्की वर्मा को छत्तीसगढ़ (रायपुर) के गंज थाना क्षेत्र से और एक अपराधी आयुष राज उर्फ छोटू को विकास गोलचक्कर (शालीमार नर्सरी) के पास से गिरफ्तार किया है।

## पुलिस ने सुपरवाइजर गंगाधर राव हत्याकांड का किया खुलासा, तीन गिरफ्तार



**रांची।** पुलिस ने तमाड़ थाना क्षेत्र में हुई एक हत्याकांड का पर्दाफाश करते हुए तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। रविवार को ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने प्रेस वार्ता कर घटना की पूरी जानकारी दी। ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि मधुकम प्लांट के सुपरवाइजर की हत्या की गई 7 दिसंबर को की गई थी। वहीं गंगाधर राव के शव को कुएं से बरामद किया गया था। उल्लेखनीय है कि गंगाधर 7 दिसंबर से ही गुमशुदा भी थे। ग्रामीण एसपी ने बताया कि आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी में टेक्निकल सेल की मदद ली गई। गिरफ्तार आरोपियों में विवेक सिंह मुंडा, बिजय लोहार और सचिन मुंडा शामिल हैं। प्रारंभिक जांच में पता चला कि गंगाधर राव की हत्या पैसे लूटने के विवाद में की गई थी। अपराधियों ने हत्या के बाद मृतक के अळट से डेढ़ लाख रुपये निकाले थे। इसके बाद, उन्होंने मृतक के भाई से 20 लाख रुपये की फिरौती की मांग करने के लिए मैसेज किया था। इस घटना के खुलासे से यह स्पष्ट हुआ कि अपराधियों ने पूरी वारदात को पूरी तयारी के साथ अंजाम दिया। पुलिस की ओर से आगे की जांच जारी है।

## आरपीएफ कमल महतो ने महिला की जान बचाई

**रांची।** रांची मंडल में आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर आरपीएफ औचक एवं अलर्ट हैं। इसी क्रम में रविवार सुबह 8:40 बजे प्लेटफॉर्म संख्या 01 से ट्रेन संख्या 02832 स्पेशल ट्रेन प्रस्थान कर रही थी। इसी दौरान एक महिला यात्री, जो चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रही थी, अपना संतुलन खोकर प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच के गैप में गिर गई, उसी वक़्त ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ के स्टॉफ हेड कांस्टेबल कमल महतो ने तत्परता और सूझबूझ दिखाते हुए ऑपरेशन जीवनरक्षा के तहत तुरंत महिला को खींचकर सुरक्षित बाहर निकाला और उसकी जान बचाई। इसके बाद ट्रेन मैनेजर ने ट्रेन को रोका और महिला को ट्रेन में चढ़ाकर उसकी यात्रा जारी रखने में मदद की। जांच में पता चला कि महिला का नाम पुष्पा देवी है, जो राम कुमार भगत की पत्नी हैं और रंगा माटी, जिला गिरिडीह, झारखंड की निवासी हैं। वह भुवनेश्वर से धनबाद की यात्रा कर रही थीं। जब ट्रेन रांची रेलवे स्टेशन पहुंची, तो वह प्लेटफॉर्म पर पानी और स्नैक्स खरीदने के लिए उतरी थीं।

**आज / कल**




## डॉक्टरों का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

17 से 19 जनवरी तक चलने वाला राज्य के 50 प्रखंडों से आए हुए डॉक्टरों का तीन दिवसीय आवासिय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ स्वास्थ बिभाग के क्षेत्रीय उपनिदेशक सह सिविल सर्जन डॉ। प्रभात कुमार ने किया था। उन्होंने समापन समारोह के दौरान हंस फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने में एक मील का पत्थर साबित होगा। साथ हीं उनके द्वारा सभी डॉक्टरों का मनोबल बढ़ाते हुए सरकार द्वारा चलाई जा रही अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों से जुड़ाव करने के लिए सुझाव दिया गया। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण के माध्यम से चिकित्सा अधिकारियों को स्वास्थ्य सेवाओं के व्यापक दृष्टिकोण और समाधान के प्रति प्रशिक्षित किया गया। यह प्रशिक्षण न केवल स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ करेगा, बल्कि स्वास्थ्यकर्मियों को प्रेरित करेगा कि वे सुदूर ग्रामीण इलाकों में और भी बेहतर सेवाएं प्रदान कर सकें। हंस फाउंडेशन के प्रबंधक एवं क्षेत्रीय उपनिदेशक सह सिविल सर्जन, रांची के डॉ। प्रभात कुमार के द्वारा प्रशिक्षकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## झासा के चुनाव में डॉ मृत्युंजय सिंह बने सचिव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



### उपाध्यक्ष पर पर कई चुने गए थे निर्विरोध

नामांकन के बाद उपाध्यक्ष भी लगभग तय हो गए थे। जिसमें डॉ रवि राज डेंटल विंग, डॉ मोसारत्त यामिनी फीमेल विंग, डॉ मो शमीम अख्तर हेड क्वार्टर रांची, डॉ अनुपम किशोर दक्षिणी छोटानागपुर, डॉ संजय कुमार उत्तरी छोटानागपुर, डॉ अंशुमन सागर पलामू और डॉ मोहन पासवान संथाल परगना निर्विरोध चुन लिए गए थे।

रविवार को झारखंड स्टेट हेल्थ सर्विसेज एसोसिएशन (झासा) के वर्तमान सत्र का चुनाव संपन्न हो गया। चुनाव प्रक्रिया 4 बजे तक चली। इसके बाद मतों की गिनती की गई। शाम 4:30 बजे चुनाव परिणाम घोषित किया गया। झासा के चुनाव में डॉ विमलेश सिंह निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिए गए। चूंकि अध्यक्ष पद के लिए एक और उम्मीदवार ने नामांकन किया था। लेकिन चुनाव से पहले और नामांकन खत्म होने के साथ ही उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया था। वहीं कोल्हान के उपाध्यक्ष पद पर डॉ जगन्नाथ हेंब्रम ने 138 वोटों के साथ जीत दर्ज की। इसके अलावा सचिव पद पर डॉ ठाकुर मृत्युंजय सिंह ने जीत दर्ज की। सचिव पद पर डॉ। ठाकुर मृत्युंजय सिंह ने 899 मतों के साथ शानदार जीत दर्ज की, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी डॉ। कृष्ण मुरारी सिंह को 267 मत मिले। परिणाम से साफ हो गया कि झासा के सदस्यों ने डॉ। ठाकुर मृत्युंजय सिंह के नेतृत्व और कार्यशैली पर भरोसा जताया है। वहीं राज्य कन्वेनर पद पर डॉ शरद कुमार ने 827 मत प्राप्त कर जीत हासिल की। उनके प्रतिद्वंदी डॉ सिद्धेश्वर बास्की को 213 मत मिले, जबकि डॉ। संतोष कुमार को 122 मत प्राप्त हुए। अब एसोसिएशन को डॉ। शरद कुमार के नेतृत्व में काम करने का मौका मिलेगा। चुनाव के परिणाम आने के बाद झासा के सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी।

**नामांकन खत्म होते ही कई चुने गए निर्विरोध :** नामांकन खत्म होते ही अध्यक्ष पद के लिए सदर अस्पताल रांची के उपाधीक्षक डॉ। विमलेश कुमार निर्विरोध चुने गए थे। जबकि कोषाध्यक्ष पद में डॉ स्टीफन खेस चुने गए। संयुक्त सचिव के 7 पद के लिए रांची हेडक्वार्टर के लिए सदर अस्पताल रांची के ही लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ। अजित कुमार, कोल्हान के लिए चाइबासा सदर अस्पताल के डॉ। दिनेश चंद्र, दक्षिण छोटानागपुर के लिए सदर अस्पताल गुमला के डॉ। बालकृष्ण महतो, उत्तर छोटानागपुर के लिए सब डिविजनल हॉस्पिटल बरही के डॉ। राहुल कुमार, पलामू के लिए सीएचसी चैनपुर के डॉ। चमन कुमार, संथाल के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज के डॉ। रणविजय कुमार और डेंटल विंग के लिए चक्रधरपुर सब डिविजनल हॉस्पिटल की डॉ। दिक्षा सिंघल चुनी गई थी।

# रोस्ट्रम में प्रदर्शन के लिए रक्षा मंत्रालय ने आईडी कार्ड बनाने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गणतंत्र दिवस के अवसर पर झारखंड के पीएमश्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, पटमदा, पूर्वी सिंहभूम की छात्राओं के दल को रोस्ट्रम में प्रदर्शन करने का गौरवशाली अवसर मिला है। जोनल पुरस्कार विजेता सह राष्ट्रीय पाइप बैंड प्रतियोगिता के लिए चयनित पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, पटमदा, पूर्वी सिंहभूम की छात्राओं के पाइपर बैंड दल ने 22 दिसंबर 2024 को गुवाहाटी में आयोजित जोनल लेवल बैंड प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया था। अब यह टीम राष्ट्रीय स्तर की बैंड प्रतियोगिता में भाग लेंगी। 20 जनवरी, 2025 को आनंद विहार ट्रेन से सभी छात्राएं अपनी शिक्षिका और कोच के साथ दिल्ली जाएंगी। दिल्ली में 24 और 25 जनवरी, 2025 को फाइनल प्रतियोगिता होगी। इसके बाद दिल्ली में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस परेड के रोस्ट्रम में यह दल बैंड प्रस्तुति देगी। रोस्ट्रम में बालिका पाइप बैंड प्रस्तुति के लिए पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, पटमदा का चयन हुआ है। झारखंड के इस बैंड दल में पार्वती महतो, आशालता महतो, पिंकी, कल्याणी महतो, ममता महतो, बसंती महतो, वषार्रानी मांझी, वसंती महतो, साधना महतो, सुभद्रा कर्मकार, रुपाली टुडू, परमिला महतो, रुमा महतो, कल्पना टुडू, पूजा रानी महतो, पूजा महतो, रिया महतो, छाया महतो, सविता महतो, उषारानी सोरेन, पल्लवी महतो, इबिल हांसदा, सुकर्माणि सोरेन, बरनाली मांझी शामिल है। यह सभी पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, पटमदा में कक्षा 8वीं से कक्षा 12वीं तक की छात्राएं है। इनके साथ शिक्षिका सारो हांसदा, बैंड मास्टर प्रेम राणा, समन्वयक चंद्रदेव सिंह, पंजाब रेजीमेंट सेंटर के हवलदार जनरल सिंह और अमर वीर सिंह भी दल में शामिल होंगे। रक्षा मंत्रालय ने संबंधित विभागों को पत्र भेजा है। पत्र में रोस्ट्रम पर प्रदर्शन के लिए पीएमश्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, पटमदा, पूर्वी सिंहभूम (बालिका पाइप बैंड ) और विजय चौक पर प्रदर्शन के लिए पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय, बेलगावी छावनी, कर्नाटक तथा गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल वेस्ट पॉइंट, गंगटोक, पूर्वी सिक्किम के दल के छात्र-छात्राओं का फोटो आईडी कार्ड (प्रवेश पत्र) जारी करने के लिए विभागों को निर्देशित किया गया है। साथ ही दिल्ली पुलिस को प्रवेश/ फोटो आईडी पास जारी करने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया गया हैं। दिल्ली पुलिस को संबंधित सत्यापन के लिए यह सूची भेजने का भी निर्देश दिया गया हैं।

### रोस्ट्रम क्या है?

26 जनवरी (गणतंत्र दिवस) के समारोह में रोस्ट्रम वह मंच होता है, जहां देश के गणमान्य व्यक्ति, जैसे राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, अन्य देशो से आये मुख्य अतिथि और अन्य अधिकारी परेड देखने के लिए उपस्थित होते हैं। यह मंच राजपथ (अब कर्तव्य पथ) पर स्थित होता है, और यहां से वे परेड के विभिन्न प्रदर्शन, जैसे बैंड की प्रस्तुति या झांकियां, देखते हैं।

### कैसे हुआ चयन?

पाइप बैंड प्रतियोगिता का आयोजन सर्वप्रथम प्रखंड फिर जिला एवं राज्यस्तर पर किया गया। राज्यस्तर पर चयनित टीम को जोनल लेवल प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिला, जहां पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, पटमदा, पूर्वी सिंघभूम की छात्राओं के पाइपर बैंड दल ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। अब यह टीम राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेगी। रक्षा मंत्रालय हर साल 26 जनवरी के गणतंत्र दिवस समारोह में स्कूल बैंड्स और सांस्कृतिक समूहों के प्रदर्शन के लिए स्कूलों का चयन करता है। स्कूल बैंड्स की संगीत और परेड प्रदर्शन में गुणवत्ता के आधार पर उनका आंकलन किया जाता है। इसमें उनके वादन कौशल, अनुशासन, और प्रस्तुति की सामूहिक क्षमता परखी जाती है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, पटमदा की बालिका बैंड टीम को सुरों की सटीकता, एकरूपता और अभ्यास के कारण चयनित किया गया।

## एनएसयूआइ में शामिल हुए कई छात्र



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एनएसयूआइ रांची जिला प्रभारी मुशर्रफ हुसैन के नेतृत्व में रांची के विभिन्न महाविद्यालय से रविवार को कई छात्र एनएसयूआई में शामिल हुए। आर्यन सिंह और आर्यन कुमार का स्वागत माला एवं एनएसयूआई पट्टा पहना कर किया। मौके पर उपस्थित कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सभी को सदस्यता देते हुए कहा कि आज देश में लड़ाई विचारधारा की है, और अब इस देश का छात्र युवा ही तय करेगा कि वो किसके साथ है। छात्रों को संबोधित करते हुए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, आलोक दुबे ने कहा कि छात्र युवा इस देश की नींव है, एनएसयूआइ का उद्देश्य है छात्र छात्राओं को छात्र सेवा में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना। प्रदेश उपाध्यक्ष अमन अहमद ने कहा कि छात्र संगठनों में शामिल होने से छात्रों को नेतृत्व क्षमता विकसित करने, समूह चर्चा करने, और सामाजिक- राजनीतिक मुद्दों पर बातचीत करने का मौका मिलता है। छात्र संगठनों में शामिल होने से छात्रों को अपने शैक्षणिक अनुभवों को बेहतर बनाने में भी मदद मिलती है और छात्रों को अन्य छात्रों की मदद करने का मौका मिलता है। मंच का संचालन एनएसयूआई प्रदेश कार्यालय प्रभारी सह प्रदेश सचिव हुसैन ने किया और कहा कि आप सभी नए साथीयों का एनएसयूआई परिवार में हार्दिक हार्दिक स्वागत है अभिनंदन है। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित कांग्रेस प्रदेश कार्यालय प्रभारी अभिलाष साहू जी एवं रांची महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अल्पसंख्यक हुसैन खान जी, प्रदेश सचिव पवन कुमार, सरफराज अहमद थे। सदस्यता ग्रहण करने वालों में आर्यन सिंह, आर्यन कुमार, सम्राट कुमार झा, दिव्यांग तिर्की, दिव्यंग गौरव, प्रियांशु शेखर, विक्की प्रताप, आदिल खान, राज खान, सुमन कुमार, आदित्य प्रभात, रौनक सिंह, आयुष विश्वकर्मा, सोपनिल सूरज, आदित सोनी, मयंक राज, सुभरकर राज, धीरज, अंकित, ह्रितिक आदि छात्र शामिल थे।

# न्यूज बॉक्स

## गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाशोत्सव मना शबद गायन व लंगर का हुआ आयोजन



**रांची।** गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल में रविवार को गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाशोत्सव श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शबद गायन, कथा वाचन के साथ ही गुरु का अटूट लंगर रखा गया। इसमें विभिन्न धर्मों का तथा समुदायों के हजारों श्रद्धालुओं ने संगत की। विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों द्वारा सभी संगत की लंगर सेवा की गई स्कूल के एनसीसी कैडेट्स ने भी इसमें हिस्सा लिया। गांव की संस्कृति तथा परिवेश को प्रदर्शित करने के लिए स्कूल प्रांगण में एक पारंपरिक गांव ' हमारी विरासत हमारी पहचान' का मॉडल लगाया गया जिसे बच्चों द्वारा बनाया गया था। विद्यालय की प्राचार्या शालिनी विजय ने सभी श्रद्धालुओं का धन्यवाद किया तथा छात्रों को 'स्वयं से पहले सेवा' को अपनाने का संदेश दिया।

## आस्था : श्री राधा-कृष्ण मंदिर में श्रद्धालुओं का लगा रहा जमावड़ा



**रांची।** रविवार को पुंदाग मे श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम मे भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे। ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया की 10 हजार से भी ज्यादा श्रद्धालुओं ने सेवा धाम में बने भगवान श्री राधा- कृष्ण मंदिर के दर्शन किए। दिन-भर श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम परिसर में स्थापित श्री राधा कृष्ण मंदिर दरबार हॉल मे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। मंदिर परिसर मे दोपहर मे 2 घंटे तक भक्तगणो ने पूरे भक्तिभाव से भजन- कीर्तन कर पूरे वातावरण को भक्तिमय एवं कृष्णमय बना दिया। तथा दरबार मे सुमधुर भक्ति भजनों में खूब झूमे। दरबार के शीश महल में विराजमान भगवान श्री राधा -कृष्ण मंदिर, श्रीमद् भागवत गीता ग्रंथ, भगवान का वस्त्र, मोर मुकुट, मुरली की पूजा अर्चना किया जा रहा है। दरबार में श्री कृष्ण की जन्म से लेकर महाभारत तक की झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। सेवा- धाम मे झारखंड के विभिन्न जिलों एवं दूसरे राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

## सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में अन्नपूर्णा भंडारा का सेवा दिया गया



**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग मे श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम मे स्थित सदगुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य-प्रेम सभागार)में प्रभु जी का एवं उनकी सेवा करने वाले सेवा साथियों का अन्नापूर्णा भंडारा सुरेंद्र बडजात्या एवं किरण देवी बड़जात्या के सानिध्य में उनके भतीजे श्रेयांस बड़जात्या पुत्रवधु प्रियंका बडजात्या, नम्रता जालान के द्वारा संचालित किया गया। अपना घर आश्रम मे मानसिक रूप से कमजोर एवं निराश्रित और दिव्यांग प्रभु जी की सेवा की जाती है यहां उन्हें आश्रय दिया गया है तथा भोजन, इलाज की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। अभी इस अपना घर में 32 जरूरतमंदों की सेवा की जा रही है?। उक्त जानकारी देते हुए अपना घर आश्रम के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि आज के अन्नपूर्णा भंडारे में आश्रम के उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, डुंगरमल अग्रवाल,निर्मल जालान, विजय अग्रवाल, सुरेश भगत, पूरणमल सर्राफ,सुरेश चौधरी,ओम प्रकाश सरावगी, शिव भगवान अग्रवाल, विशाल जालान,पवन पोद्दार,संतोष देवी अग्रवाल, संजय सर्राफ, श्रवण सिंघानिया, आदि उपस्थित थे।

## अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर का 20वां स्थापना दिवस 2 फरवरी को

**रांची।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर का 20 वां स्थापना दिवस 2 फरवरी को मनाया जाएगा। पूरे मन्दिर की साफ- सफाई, साज -सज्जा विगत कई दिनों से कार्य हो रहा है। साथ ही इस खास अवसर पर पूरे मन्दिर परिसर को रंग बिरंगी विद्युत की रंगीन लड़ियों के साथ



रंगीन बैलून तथा फूलों आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। श्री श्याम मन्दिर के 20 वें स्थापना दिवस पर सर्व प्रथम 2 फरवरी 2025 को हरमू रोड स्थित गो शाला में सुबह 8:30 बजे से गो पूजन एवं गो सेवा के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया जायेगा । 2 फरवरी 11:30 बजे से मन्दिर के निकट शीतल कॉम्प्लेक्स के पार्किंग स्थल पर विशाल श्री श्याम भंडारा का आयोजन होगा जिसमें सैकड़ों भक्तगण श्याम प्रभु का पूर्ण प्रसाद ग्रहण करेंगे। 2 फरवरी को मुख्य कार्यक्रम का शुरूआत अपराह्न 4:30 बजे से रात्रि 8 बजे तक श्री श्याम मन्दिर में होगा जिसमें श्री श्याम प्रभु का नैनाभीराम श्रृंगार, दर्शन, अखण्ड ज्योत व संगीतमय संकीर्तन का आयोजन होगा। इस अवसर पर जयपुर से प्रसिद्ध भजन गायक प्रेम सोनी अपने मधुर स्वर से श्री श्याम प्रभु को भजनों द्वारा रिझाने पधार रहे हैं ।

## श्री श्री ठाकुर अनुकूलचंद्र के 137वें जन्मोत्सव पर निकाली भव्य शोभायात्रा

**रांची।** श्रीश्री ठाकुर अनुकूलचंद्र के 137वें जन्मोत्सव पर हरमू मैदान में रविवार को कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वेद मांगलिक कार्य सुबह 4.30 बजे से शुरू हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने इसमें भाग लिया। कीर्तन के साथ सामूहिक प्रार्थना और पवित्र ग्रंथ का पाठ हुआ। अनुष्ठान कर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। पुष्पसज्जित वाहन में अनुकूलचंद्र की सजी तस्वीर के साथ इसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा हरमू मैदान से निकलकर एजी कालोनी, डीएवी कपिलदेव होते हुए आयोजन स्थल पर वापस लौटी। सैकड़ों श्रद्धालु और महिलाओं के कतारबद्ध होकर चलने से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। आयोजन स्थल पर लौटने के बाद 11.30 बजे से धर्मसभा का आयोजन हुआ। संचालन सत्संगी डॉ जयदेव पति ने किया। प्रथम वक्ता आईआईएसएम धनबाद के डॉ आरके चौधरी ने श्रीश्री ठाकुर जी के जीवन पर प्रकाश डाला। कहा, सद्गुरु जिनके जीवन में होते हैं उनका जीवन सूव्यवस्थित तथा नियंत्रित होता है। दूसरे वक्ता दुगार्पुर के प्रख्यात हृदय चिकित्सक डॉ हेमंत नायक ने श्रीश्री ठाकुर अनुकूलचंद्र की भावधारा की चर्चा की। कहा, अज्ञानता रूपी इस जीवन में सफल होना है तो धर्म और विज्ञान को साथ-साथ लेकर चलना होगा। शाकाहार प्राकृतिक भोजन का महत्व बताया। कहा, शाकाहार से मनुष्य निरोगी जीवन जी सकता है। मातृ सम्मेलन में डॉ संविता, रोमी, तनीषी मोहिनी, चंपा, अर्यमा, मनीषा, श्रुति मां ने संबोधन किया। जन्मोत्सव का समापन संध्या विनती प्रार्थना के पश्चात आलोक सज्जा के साथ हुआ।

## एक नजर

### झारखंड स्टेट सब जूनियर रग्बी चैंपियनशिप के दोनों वर्गों में खूंटी बना चैंपियन

**खूंटी।** स्थानीय लोयोला हाई स्कूल मैदान में रविवार को आयोजित झारखंड स्टेट सब जूनियर रग्बी चैंपियनशिप के दोनों वर्गों में खूंटी की टीम लगातार तीसरी बार विजेता बनी। बालक वर्ग के फाइनल मैच में खूंटी की टीम ने पश्चिम सिंहभूम को कड़े संघर्ष के बाद 5- 0 से तथा बालिका वर्ग में गोड्डा की टीम को 30-0 से हराकर खूंटी की टीम ने विजेता का खिताब अपने नाम किया। बालिका वर्ग में तीसरा स्थान बोकारो तथा बालक वर्ग में तीसरा स्थान गुमला को मिला। मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि सह झारखंड रग्बी फुटबाल एसोसिएशन के अध्यक्ष विष्णु कुमार जालान, फादर बिमल मिंज, झारखंड रग्बी फुटबाल एसोसिएशन के महासचिव हेजाज असदक और मनोज सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विभिन्न जिला संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### ग्लोबल ट्राइबल क्वीन ऑफ अर्थ अभिजल कंडुलना को किया गया सम्मानित

**खूंटी।** ग्लोबल ट्राइबल क्वीन ऑफ इंडिया तथा ग्लोबल ट्राइबल क्वीन ऑफ अर्थ का खिताब जितने वाली रनिया प्रखंड की बलंकेल निवासी अभिजल कंडुलना को रविवार को तोरपा में सम्मानित किया गया। विधायक सुदीप गुड़िया, एसडीपीओ क्रिस्टोफर केरकेट्टा तथा जिला बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष जुबैर अहमद ने उसे शॉल ओढ़ाकर तथा मोमेंटो देकर सम्मानित किया। मौके पर विधायक ने कहा कि अभिजल ने अपने संघर्ष से जो मुकाम हासिल किया है, वह आदिवासी लड़कियों के लिए रोल मॉडल है। उन्होंने कहा उन्हें आगे बढ़ने के लिए जो भी मदद की जरूरत होगी, वे करेंगे। मौके पर तोरपा के एसडीपीओ क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने कहा कि ईमानदारी से प्रयास करने से सफलता जरूर मिलती है। अभिजल की सफलता से आज की युवा पीढ़ी को सीख लेने की जरूरत है।

### लाभुकों के बीच तीन करोड़ 53 लाख की परिसंपत्तियों का वितरण

**खूंटी।** नालसा दिल्ली और झालसा रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेश कुमार की अध्यक्षता में रविवार को खूंटी जिले के सभी छह प्रखंड मुख्यालयों में प्रखंड स्तरीय विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य सुदूरवर्ती क्षेत्र कें लोगों को मुख्य धारा से जोड़ना है और उनके निकटवर्ती प्रखंड में सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और लाभ देना है। शिविर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेश कुमार, जिला जज प्रथम संजय कुमार, जिला द्वितीय राकेश कुमार मिश्रा, जिला जज तृतीय प्राची मिश्रा, डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर, ट्राई साइकिल, धोती-साड़ी योजना, सर्वजन पेंशन योजना, जॉब कार्ड, मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना, केसीसीसी योजना, जेएसएलपीएस एवं अन्य का लाभ आमजन को दिया गया।

# चूरी में कलश यात्रा के साथ महाकाली प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ शुरू, निकली कलश यात्रा



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
खलारी के चूरी कालोनी में चार दिवसीय महाकाली प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की शुरूआत कलश यात्रा के साथ की गई। रविवार की सुबह गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें 301 महिला व पुरुष श्रद्धालुओं षामिल हुए। पूजा अर्चना के बाद सपही नदी से कलश में जल भर कर कालोनी की परिक्रमा कर कलश को यज्ञ मण्डप में लाया गया। पुजारी नरेंद्र पाठक के द्वारा कलश यात्रा के अनुष्ठान कराए गए। यजमान के रूप में नरेश विश्वकर्मा और उनकी पत्नी थी। सोमवार को महायज्ञ के दौरान अरणी मंथन किया जाएगा। इसके बाद यज्ञशाला की परिक्रमा शुरू हो जाएगी। मंगलवार को मां काली की प्रतिमा का नगर भ्रमण कराया जाएगा। वहीं बुधवार को मां काली की प्राण प्रतिष्ठा कराई जाएगी। यज्ञ संपन्न करने के लिए वाराणसी से पंडित रामानंद पाठक सहित कई आचार्य आए हुए हैं। कलश यात्रा के मौके पर अतिथियों में एनके एरिया के महाप्रबंधक दिनेशकुमार गुप्ता, चूरी परियोजना पदाधिकारी अनुज कुमार, केनरा बैंक के शाखा प्रबंधक सुनील कुमार आदि शामिल हुए। जिन्हें महायज्ञ आयोजन समिति के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कलश यात्रा को सफल बनाने में हिमांशु मंडल, नंदू विश्वकर्मा, पवन विश्वकर्मा, अजय विश्वकर्मा, सागर राम, शिवप्रसाद चौहान, सुदेश पासवान, गुड्डू विश्वकर्मा, विक्रम सिंह, कन्हैया सिंह, रवि विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा, राधा पासवान आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

### स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर झामुमो ने की प्रमंडलीय बैठक

**दुमका।** 46 वां झारखंड स्थापना दिवस भव्य तरीके से मनाने को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा की संथाल परगना प्रमंडल स्तरीय बैठक दुमका क्लब में रविवार को आहूत हुई। बैठक की अध्यक्षता दुमका विधायक बसंत सोरेन ने किया। बैठक में झारखंड दिवस मनाने के उद्देश्य, भव्यता और सफल आयोजन को लेकर चर्चा हुई। बैठक में दो फरवरी को गांधी मैदान में एकजुटता का परिचय दिखाते हुए अधिक से अधिक संख्या में जुटने का आह्वान किया। इस दौरान अल्प संख्यक और कल्याण विभाग के मंत्री हफीजुल अंसारी ने कहा कि दो फरवरी का आयोजन झामुमों कार्यकत्ताओं के लिए टॉनिक का काम करता है। मंत्री हसन ने भाजपा को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि भाजपा वाले एक खास समुदाय को टारगेट कर चुनाव जीतना चाहते थे। यहां तो देशी मिल ही नहीं रहा है, सभी जगह पोल्टी इस्तेमाल हो रहा है। यहां तक की पोल्टी को ही रंग कर देशी मुर्गा बना रहे है और भाजपा वाले बंग्लादेशी और घुसपैठी की बात करते है।

## न्यूज बॉक्स

### इंस्पेक्टर बने खलारी थाना में पदस्थापित पुअनि अशोक कुमार



**खलारी।** खलारी थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक अशोक कुमार को विभाग ने प्रान्नति दी है। उन्हें पुलिस निरीक्षक बना दिया गया है। रविवार को पुलिस उप अधीक्षक कार्यालय खलारी में डीएसपी आरएन चौधरी तथा पुनि विजयकुमार सिंह ने उनके कंधे पर स्टार लगाया। उनके प्रोन्नति पर खलारी थाना के पुअनि देवकुमार दास, पुअनि कपिलदेव यादव, पुअनि शंकर राम, सअनि राजकिशोर कुमार सिंह, सअनि सहदेव महतो, मुंसी कलेन्द्र कुमार आदि ने बधाई दिया है।

### झारखंड इंटर स्कूल और कॉलेज कराटे चैंपियनशिप 22 मार्च से



**रांची।** इमा कप झारखंड इंटर स्कूल और कॉलेज कराटे चैंपियनशिप का आयोजन रांची के संत जोसेफ क्लब में 22 मार्च से किया गया है। प्रतियोगिता की मेजबानी संत जोसेफ क्लब करेगा। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए बहु बाजार बसर टोली स्थित इमा कराटे स्टूडियो में कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के ट्राईबल एंड माइनॉरिटी डेवलपमेंट कमिश्न के चेरमैन सह ईस्ट इंडिया कराटे एसोसिएशन के संयुक्त सचिव शिहान सुनील किस्पोट्टा की अध्यक्षता में बैठक कर आयोजन कमेटी का गठन किया गया। कमेटी में आयोजन निदेशक शिहान सुनील किस्पोट्टा, आयोजन अध्यक्ष अनिल किस्पोट्टा, आयोजन उपाध्यक्ष - मोहिनी रितिक टोप्पो, राकेश तिर्की, आयोजन सचिव उमाशंकर महतो, पीटर कच्छप, कुन्दन उरांव, आयोजन संयुक्त सचिव - रवि कुमार सिंह, स्वस्तिक तरफदार, कुमार अभिषेक, सदस्य सुदेश कुमार महतो, देवंती कुमारी , एनी कोनगाड़ी, अक्षय कुमार महतो, आरती टोप्पो , दीपशिखा तिग्गा, रितिका तिग्गा, दीपा विनीता लिंडा, प्रतिभा तिग्गा, आयुष सांगा शामिल हैं।

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ पकड़ाए आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया



**खलारी।** खलारी थाना पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकल के साथ पकड़ाए उपवन करमाली उर्फ गोलू (20 वर्ष) को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस संबंध में पुलिस द्वारा बताया गया कि शनिवार को दिवा गश्ती के क्रम में बलथरवा कोल डिपो के पास एक बिना नंबर के काला पल्सर मोटरसाइकिल के साथ उपवन करमाली उर्फ गोलू से कागजात की मांग की गई। वह कागज नहीं दिखा पाया। गोलू लुकैया (पिपरवार) का रहने वाला है। सख्ती से पूछताछ करने पर स्वीकार किया कि यह चोरी का मोटरसाइकिल है। जिसे महावीरनगर निवासी जोशील केशरी से 25 हजार रूपए में खरीदा है। बताया कि अन्य अभियुक्तों की पहचान की जा चुकी है। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### दोवाड्डु गांव में चोरों ने आठ घरों का तोड़ा ताला पर चार घरों में की चोरी



**सिल्ली।** सिल्ली थाना अंतर्गत दोवाड्डु गांव में बीते रात शनिवार को चोरों ने आठ घरों का ताला तोड़ा जिसमें चार घरों में चोरी करने में सफल रहे। जानकारी के मुताबिक दोवाड्डु निवासी कामेश्वर उपाध्याय, लक्ष्मण उपाध्याय एवं अजीत उपाध्याय के घर में चोरों ने चोरी की। बताते चले कि कामेश्वर उपाध्याय के घर में ताला लगा था एवं शनिवार की रात चोरों ने ताला तोड़कर सोने का हार, मांग टीका, चांदी का आभूषण, कांसा की थाली, नगद 55 हजार रुपये साथ में जमीन के कागजात एवं एलआईसी का बॉन्ड पेपर भी चोरी कर ले गए। भुक्तभोगियों द्वारा सिल्ली थाने में लिखित आवेदन दिया गया जिसके आलोक में पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले को लेकर छानबीन में जुट गई है।

### जमीन विवाद में हुए मारपीट में बुजुर्ग की मौत



**दुमका।** जमीन विवाद में हुए मारपीट में एक बुजुर्ग की मौत रविवार को हो गई। घटना जिले के तालझारी थाना क्षेत्र के कालाडुमरिया पंचायत के बांसजोड़ा गांव में रविवार की सुबह घटी। जानकारी के अनुसार भाई के परिवार वालों ने रामधनी मेहतर ( 59) पर लाठी से प्रहार कर दिया। चोट लगने की वजह से उसकी मौत हो गई। घटना में बेटा राहुल भी चोटिल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पत्नी माया हाजरा ने आधा दर्जन रिश्तेदारों के खिलाफ आवेदन दिया है। पत्नी ने पुलिस को बताया कि पति के अपने ही भाई शिकर मेहतर से एक खेत को लेकर विवाद चल रहा था। सुबह पति खेत में मिटटी बांध रहे थे। तभी शिकर मेहतर, अमित, मीना देवी, नीलम देवी, खुशबू कुमारी और अभिषेक मेहतर ने आकर विरोध जताया। इस बात को लेकर दोनों पक्ष में कहासुनी होने लगी। इसी बीच आरोपितों ने बेटे राहुल की पिटाई कर दी। बेटे को मार खाते देख पति बचाने आए तो सभी ने मिलकर पिटाई कर दी। शिकर ने लाठी से हमला कर दिया। अंदरूनी चोट लगने की वजह से वे गिर गए और मौके पर ही दम तोड़ दिया। पत्नी ने बताया कि पुलिस को सारी जानकारी देने के बाद भी किसी की गिरफ्तारी का प्रयास नहीं किया गया। तालझारी थाना प्रभार अजीत कुमार ने बताया कि जमीन विवाद में मारपीट तो हुई है। गिर जाने के कारण वृद्ध की मौत हो गई। परिजन की ओर से जिस तरह का आवेदन दिया जाएगा। उसी के आधार पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सब स्पष्ट हो जाएगा।

# धरती का धूल गिना जा सकता है पर परमात्मा के नाम नहीं : स्वामी प्रमोद जी

*ईश्वर से कोई स्थान खाली नहीं है। इंद्रियां माया रूपी जोंक है, जो हमें विषयों में डालकर दुःख देती हैं*



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
महर्षि मेंही आश्रम शांतिपुरी मुरहू में चल रहे दो दिवसीय सत्संग में प्रवचन करते हुए रविवार को स्वामी प्रमोद जी महाराज ने कहा कि दुनिया में सभी सुख चाहते हैं। इसके लिए जतन भी करते हैं, पर इसके लिए सही युक्ति सद्गुरु का बताया गया भक्ति मार्ग ही है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि धरती का धूल गिना जा सकता है, पर परमात्मा के नाम की गिनती नहीं हो सकती। गुरु भी परमात्मा का ही एक नाम है और भगवान श्रीराम भी कहते हैं मोते अधिक संत कर लेखा, यानी बिना सच्चे संत का संग किये सच्चा सुख नहीं मिलता है। उन्होंने कहा कि ईश्वर से कोई स्थान खाली नहीं है। इंद्रियां माया रूपी जोंक है, जो हमें विषयों में डालकर दुःख देती हैं। सत्संग से मन निर्मल और मनुष्यों के सारे कष्टों का समाधान हो जाता है। हमें बस गुरु के बताए मार्ग पर चलकर नशा, हिंसा, झूठ, चोरी, व्यभिचार रुपी पांच पाप त्याग कर ध्यान भजन सत्संग करना चाहिए। स्वामी परमानंद जी महाराज ने कहा कि जीव परमात्मा का अंश है। जैसे एक मिट्टी के ढेले को उछाल दीजिए, वह नीचे गिर कर रुकता है, शांत हो जाता है, वैसे ही हमारी आत्मा परमात्मा से भक्ति मिलन को प्राप्त कर संतुष्ट होती है। स्वामी लक्ष्मणजी महाराज, स्वामी जयकुमार, स्वामी बालकृष्ण, स्वामी नरेंद्र जी, स्वामी राममूर्ति, स्वामी दिवाकर, स्वामी राजेंद्र, स्वामी अखिलेश ने भी अपने प्रवचन में सदाचार-शाकाहार और भक्ति करने की विधि बताई। मौके पर खूंटी विधायक राम सूर्या मुंडा भी पहुंचे और सत्संगियों संग भक्ति में खूब झूमे और संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# कपड़ा बैंक लगातार पांच वर्षों से कपड़ा व कंबल वितरित कर रही है : कैलाश कुमार



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
रविवार को कपड़ा बैंक बेड़ो के अध्यक्ष कैलाश कुमार के नेतृत्व में तुको के सेमरटोली में जरूरतमंदों के बीच 300 कपड़े एवं कंबल वितरित किया गया। कपड़ा बैंक के द्वारा लोगों में स्वेटर, जैकेट , साड़ी, सलवार , जींस , टीशर्ट एवं बच्चों के कपड़े एवं कंबल का वितरण किया गया । कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार ने कहा कि कपड़ा बैंक बेड़ो लगातार पांच वर्षों से ठंड के मौसम में गांव गांव जाकर जरूरतमंदों के बीच कपड़े एवं कंबल वितरित करती है। हमलोगों के द्वारा जितने भी कपड़े ले जाया जाता है कम पड़ जाता है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया की यदि आपके पास घरों में अनुपयोगी कपड़े छोटे हो गए कपड़े हो तो कपड़ा बैंक में जमा कर दें ताकि हम उसे जरूरतमंदों तक पहुचा सकें । जो कपड़े हमारे लिए पुराने और बेकार लगते हैं वो किसी के लिए जरूरत है और किसी के चेहरे में मुस्कान ला सकती है कपड़ा बैंक में कपड़े की कमी हो गयी है कपड़ा बैंक का संचालन लोगों के सहयोग से ही चल रहा है लोग रांची, रातु, नगड़ी, दलादिली एवं बेड़ो से कपड़े पहुचाते हैं उन सभी का कपड़ा बैंक दिल से आभार जताती है । आप भी कर के देखिए अच्छा लगेगा। कपड़ा बैंक की टिम द्वारा बुजुर्गों और असहायों के बीच अपने खर्च से कंबल खरीद कर वितरित करती है । रविवार को कपड़ा बैंक की टीम में आज टीम लीडर कैलाश कुमार, शक्ति साहु, सुनील कुमार , रवि केशरी और अनुज कुमार गुप्ता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### झारखंड में एक बार फिर शुरू होगा एकलव्य और आश्रम विद्यालय : चमरा लिंडा

**रामगढ़।** झारखंड के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री चमरा लिंडा हजारीबाग जाने के दौरान रविवार को रामगढ़ के मांडू में रुके। यहां झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव फागू बेसरा ने उनका स्वागत किया। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए चमरा लिंडा ने कहा कि झारखंड में एक बार फिर एकलव्य विद्यालय और आश्रम विद्यालय की शुरूआत की जाएगी।

# बैंक एजेंसी के बाइकर ने खलारी व राय रेलवे स्टेशन से चार लाख रूपए का किया घोटाला




**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
बैंक द्वारा अधिकृत एजेंसी के बाइकर ने खलारी व राय रेलवे स्टेशन के आय का करीब चार लाख रूपया घोटाला कर दिया। मालूम हो कि रेलवे स्टेशन के आय को बैंक में जमा करने के लिए संबंधित बैंक एक एजेंसी नियुक्त करती है। अलग अलग स्टेशनों के लिए एजेंसी का एजेंट होता है जो स्टेशन से राशि लेकर बैंक में जमा करता है। एजेंसी के एजेंट का पदनाम एटीएमओ बाइकर है। इसी बाइकर ने पैसों का घोटाला कर दिया है। खलारी व राय स्टेशन में जिस बाइकर अवधेश राम ने पैसे का गबन किया है वह स्टेट बैंक आफ इंडिया की अधिकृत एजेंसी ह्वराइटर सेफगार्ड प्राइवेट लिमिटेडह्व का एजेंट है। इस संबंध में खलारी स्टेशन के वाणिज्य पर्यवेक्षक हेमलाल यादव द्वारा खलारी थाना को दी गई जानकारी के अनुसार लेखा विभाग हाजीपुर द्वारा जानकारी दी गई कि बरवाडीह रेलवे स्टेषन में 16 लाख 10 हजार 409 रूपए का वित्तीय गबन का मामला प्रकाश में आया है। मामले को देखते हुए धनबाद रेल मंडल कार्यालय की ओर से सभी स्टेशनों को स्टेट बैंक आफ इंडिया के रेलवे अकाउंट में जमा किए गए रकम की जांच करने का आदेश दिया गया। खलारी स्टेशन को प्राथमिक जांच में पता चला कि खलारी स्टेशन से तीन दिन की राशि 3,02,595 रूपए स्टेट बैंक आफ इंडिया में रेलवे के खाता संख्या 32595570076 में जमा नहीं हुआ है। बाइकर ने हमेशा की तरह टीआरडी नोट के माध्यम से स्टेशन से पैसे उठाया था और बैंक में जमा होने का टीआरडी नोट स्टेशन को लाकर दिया। इसलिए स्टेशन को तुरंत गबन की जानकारी नहीं हो सकी। अब रेल मंडल के निर्देश के बाद जांच में पाया गया कि रेलवे के अकाउंट में उक्त पैसे जमा ही नहीं हुए हैं। वाणिज्य पर्यवेक्षक हेमलाल यादव की सूचना पर खलारी थाना में बाइकर अवधेश राम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। इधर राय रेलवे स्टेशन के वरीय वाणिज्य लिपिक जमादार दोराई ने भी राय स्टेशन के आय का 94,535 रूपया उसी बाइकर अवधेश राम द्वारा गबन किए जाने की सूचना खलारी थाना को दिया है।

### स्वास्थ्य के प्रति लोगों की बढ़ती लापरवाही बन रहा है मौत का कारण

# योगाभ्यास या व्यायाम के साथ नियमित स्वास्थ्य जांच व सावधानियां अनिवार्य



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
वर्तमान भाग दौड़ की जिंदगी में लोग जितना अथोर्पार्जन के लिए चिंतित है, स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर उतना ही बेफिक्र है. रूटीन चेक अप जो हर व्यक्ति के लिए अनिवार्य है, बहुत कम ही लोग इसे उत्प्रेषित या अपनाते है. नतीजा हार्ट अटैक, ब्रेन हेंब्रेज, पैरालिसिस आदि जैसे जानलेवा बीमारी के मरीजों की संख्या बढ़ रही है. एक शोध के अनुसार 50 वर्ष के उम्र के बाद मनुष्य में खान पान और आदतन सुधार की आवश्यकता होती है. इस उम्र के बाद सुबह और दोपहर में संतुलित आहार के साथ रात्रि में हल्के तरल या सुपाच्य भोजन ही उचित बताया गया है. इसके साथ ही एक निश्चित अवधि के अंतराल में बीपी, शुगर, हार्ट बीट, हिमोग्लोबिन इत्यादि की नियमित जांच करवानी चाहिए. सुविधाएं मौजूद पर, लोग गंभीर नहीं : हार्ट अटैक, लकवा आदि जैसे मरीजों की बढ़ती संख्या ने सष्ट मनुष्य की लापरवाही की ओर इंगित कर रहा है. अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ पी ज्ञानी की माने तो आए दिन इस प्रकार के मामले देखने को मिल रहे है. लोगो को नियमित जांच के लिए अनुमंडलीय अस्पताल से संपर्क करनी चाहिए. इसके लिए अस्पताल में सभी सुविधाए मुफ्त उपलब्ध है. असावधानी की वजह से इस प्रकार के मामले अत्यधिक आ रहे है. उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य शरीर के लिए संतुलित भोजन व नियमित व्यायाम या योगाभ्यास के साथ नियमित स्वास्थ्य जांच भी और सावधानियां अनिवार्य है.

# फुटबॉल के जादूगर काशीनाथ महतो की स्मृति में मेला 21 को

*फुटबॉल खेलने वाले लोगों को काशीनाथ महतो के परिवार के सदस्यों द्वारा सम्मानित किया जाता है*



**नवीन मेल संवाददाता। मुरी/सिल्ली**
फुटबॉल खेल के जादूगर कहे जाने वाले एजी बिहार रांची के प्रसिद्ध फुटबॉल खिलाड़ी स्वर्गीय काशीनाथ महतो की स्मृति में लगने वाला भेलवा टुंगरी टुसू मेला का आयोजन प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 21 जनवरी को किया गया है जिसमें फुटबॉल खेल, क्रिकेट खेल ,महिला पाता नाच, टुसू प्रदर्शनी और मुर्गा लड़ाई का भी आयोजन किया गया है ।स्वर्गीय काशीनाथ महतो अपने जमाने के जाने-माने फुटबॉल खिलाड़ी थे। लेंगाहातु फुटबॉल क्लब के नाम से उन्होंने फुटबॉल टीम की स्थापना की थी जिसका वह कप्तान थे। एलएफसी की जर्सी में वे 10 नंबर की जर्सी पहनते थे। स्वर्गीय काशीनाथ महतो को उनकी खेल की जादू देखने के लिए काफी बड़ी भीड़ जमा हो जाता था । उनके साथ खेलने वालों में मधुसूदन महतो, रामनाथ महतो, भंदु उरांव, नीताई उरांव , श्रीदाम महतो, सूंची राम महतो, बनमाली महतो, भृगु राम उरांव, फूलचंद उरांव ,हरेंद्र उरांव ,राजेंद्र महतो, रविंद्र महतो, समरा महतो,हराधन महली ,रोहिना महतो ,बुधराम कर्मकार ,अनूप साहू ,जोगेंद्र महतो , रंजीत महतो, रंजीत मिंज, राजेंद्र उरांव जैसे खिलाड़ी लेंगहातु फुटबॉल क्लब टीम से खेला करते थे। स्वर्गीय काशीनाथ महतो के निधन से फुटबॉल खेल को बड़ा झटका लगा, लोगों ने उसकी स्मृति में भेलवा टुंगरी लेंगहातु में मेला का आयोजन कर उनको श्रद्धांजलि देते हैं तथा मेला कमेटी की ओर से उनके साथ फुटबॉल खेलने वाले लोगों को काशीनाथ महतो के परिवार के सदस्यों द्वारा सम्मानित किया जाता है । मेला में श्रद्धांजलि देने के लिए काशीनाथ महतो का पूरा परिवार उपस्थित रहता है ।मेला के आयोजन में मधुसूदन महतो, लक्ष्मण महतो, विशाल महतो, विकास महतो, सुभाष महतो, मनोहर महतो, फारूक मोमीन, चांद हुसैन,धनेश्वर बेदिया, बंशीधर उरांव, जीतू महतो, जितेंद्र महतो, हराधन महतो, कैलाश महतो, शिशुपाल महतो, दिलीप मिंज आदि लोगों का बड़ा योगदान है। मेला की मॉनिटरिंग मुखिया लालु राम उरांव की देख रेख में की जा रही है।

## एक नजर

### गणतंत्र दिवस पर झंडोतोलन को लेकर समय निर्धारित

**बरकट्ठा।** प्रखंड मुख्यालय में झंडोतोलन प्रमुख रेनू देवी के द्वारा किया जाएगा। इस बाबत प्रखंड सह अंचल कार्यालय द्वारा एक पत्र जारी किया गया है। जिसमें कहा है कि प्रखंड सह अंचल कार्यालय में 8:30, बरकट्ठा थाना में 9बजे, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 9:30 बजे, गोरहर थाना में 10 बजे, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में 10:30 बजे झंडोतोलन की जाएगी।

### बरकट्ठा सीएचसी में 22 को लगेगा स्वास्थ्य मेला




**बरकट्ठा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा परिसर में आगामी 22 जनवरी को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा। इस बाबत में सीएचसी के बीपीएम रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि 22 को बरकट्ठा और 24 जनवरी को चलकुशा पीएचसी में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला में लोंगो के स्वास्थ्य जांच, इलाज और दवा दी जाएगी।

### हाता बिजली सब स्टेशन से 15 लाख रु. की तांबा तार की लूट

**जादूगोड़ा।** पोटका थाना क्षेत्र के हाता स्थित बिजली सब स्टेशन में शनिवार देर रात्रि हथियार के बल पर 10 की संख्या में आए अपराधी बिजली कर्मियों को बंधक बनाकर रात भर गैस कटर के जरिए ट्रांसफार्मर को काट कर 15 लाख का कॉपर तार लूट कर फरार हो गए. घटना के सूचना मिलने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है. घटना के बाबत बताया जाता है कि हाता स्थित विद्युत उपकेंद्र का लाइन अचानक कट गया. जिसके बाद ड्यूटी में तैनात दो बिजली कर्मी बाहर आकर जांच करने निकले तो पहले से घात लगाकर बैठे अपराधियों ने उन्हें बंधक बना लिया व घटना को अंजाम देकर चलते बने. इस बीच, घटना की सूचना मिलते ही पोटका विधायक संजीव सरदार ने भी घटना स्थल का दौरा किया व प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की.

### सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के पुराने डंप को किया ध्वस्त

**चाईबासा।** बोंगासिउ में सक्रिय भाकपा माओवादी नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों के द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है. इसी दौरान एसपी आशुतोष शेखर के निर्देश पर गुरुवार को गोईलकेरा थाना क्षेत्र के बोंगासिउ के आसपास जंगली और पहाड़ी क्षेत्र में एक पुराने नक्सली डम्प को सुरक्षाबलों के द्वारा ध्वस्त किया गया. इस नक्सली डम्प से दैनिक उपयोग और अन्य सामग्री बरामद की गयी है.

---

निशुल्क हेल्थ चेकअप जांच शिविर का आयोजन

# गुणवत्तापूर्ण जांच उपलब्ध करना हमारी प्राथमिकता है : डॉ प्रवीण श्रीनिवास




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** शहर के झील परिसर में श्रीनिवास डायग्नोस्टिक ने दिन रविवार को हेल्थ चेकअप जांच शिविर का आयोजन किया। जिसमें सुगर एवं हीमोग्लोबिन का जांच मुफ्त किया गया। इसमें 44 से अधिक जरूरतमंदों ने सुगर एवं हीमोग्लोबिन का जांच एवं उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श प्राप्त किया। साथ ही कई लोगों ने अन्य जांच का परामर्श प्राप्त किया। इस दौरान अन्य जांच पर बाजार से किफायती दर पर उपलब्ध होने से कई जरूरतमंदों ने पंजीकरण कराया। जरूरतमंदों लोगों ने बताया कि सप्ताहिक छुट्टी रविवार के दिन पब्लिक पलेस में इस प्रकार की जांच से आमजन में काफी राहत पहूंचेगा। गंभीर बिमारियों का पूर्वत जानकारी होने से गंभीर बीमारियों से बचाव एवं राहत मिलेगा। ज्ञात हो कि श्रीनिवास डायग्नोस्टिक रविन्द्र पथ मिशन रोड स्थित मिशन हॉस्पिटल के परिसर में सेवारत है। जिसमें शरीर पूरा जांच आधुनिक तरीके एवं किफायती दर पर उपलब्ध है। पूरा शरीर का जांच में सीबीसी, थायराइड प्रोफाइल, लिवर फंक्शन टेस्ट, किडनी फंक्शन टेस्ट, वसा प्रालेख एचबीए, आरबीएस, इलेक्ट्रोलाइट, विटामिन-डी, विटामिन बी, ई.सी.जी यूएसजीडब्ल्यू, छाती का एक्स-रे एवं मुत्र का जांच सहित कई जांच के अलावे निशुल्क डॉक्टर्स परामर्श भी उपलब्ध है। मौके पर श्रीनिवास डायग्नोस्टिक संचालक डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि सुगर की बिमारी एवं हीमोग्लोबिन संबंधित बिमारी काफी सामान्य होते जा रही है। विशेष पहल के साथ हेल्थ चेकअप कैंप में सुगर एवं हीमोग्लोबिन की जांच निशुल्क लोगों के लिए उपलब्ध करवा रहें हैं। ताकि समय से पूर्व सुगर एवं हीमोग्लोबिन संबंधित बिमारी का उपचार कराकर घातक एंव गंभीर बीमारियों से लोगों को बचाया जा सकता है।

---

सांसद मनीष जायसवाल ने गिनाई उपलब्धियां

# जनहित से जुड़े कई क्रांतिकारी व कल्याणकारी मुद्दे उठाए



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** मनीष जायसवाल की पहली बार में ही देश के सर्वोच्च सदन संसद के तीनों सत्रों में बेमिसाल उपलब्धि रही। उन्होंने तीन सत्रों के 54 दिनों की सदन अवधि में कुल वर्किंग डे 44 में दमदार अपनी सौ फीसदी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अनमोल अवधि में अपने हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के जनहित से जुड़े कई क्रांतिकारी और कल्याणकारी कुल 72 मुद्दे उठाए और 07 बार उन्हें लोकसभा के पटल बोलने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्हें लोकसभा की तीन प्रमुख समितियों का सदस्य बनाया गया जिसमें प्राक्कलन समिति, कोल तथा माइंस की सलाहकार समिति और उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण संबंधी समिति शामिल है। हजारीबाग जिला मुख्यालय में सांसद सेवा कार्यालय के माध्यम से लोकसभा क्षेत्र में सेवा कार्यों और विकास को नई गति दी। सदन में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के साथ ही लगातार लोकसभा क्षेत्र के दौरे और सांसद सेवा कार्यालय के माध्यम से जनता से सीधे जुड़कर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए और यथासंभव समस्याओं के निराकरण का भरसक प्रयास किया।

---

## न्यूज | बॉक्स

### नगर अध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपाईयों ने सुनी मन की बात



**रामगढ़।** नगर अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव के नेतृत्व में रविवार को शहर के बूथ नंबर 11 एवं 12 लोहार टोला में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 118वां एपिसोड भाजपाईयों ने सुना। इस दौरान प्रधानमंत्री ने देश के संविधान के निर्माण से जुड़े महापुरूषों को नमन किया। साथ ही प्रधानमंत्री ने देश वासियों को मन की बात के दौरान देश वासियों को गणमंत्र दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं दी। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मन की बात में कहा कि यह गणतंत्र दिवस विशेष है। क्योंकि यह भारतीय गणमंत्र की 75वीं वर्षगांठ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं उन सभी महापुरूषों को नमन करता हूं जिन्होंने हमें हमारा पवित्र संविधान दिया है। मन की बात सुनते हुए भाजपा नगर अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव ने कहा कि हम सभी प्रधानमंत्री के मन की बात की प्रतीक्षा करते रहते हैं। कहा कि मन की बात सभी के लिए प्रेरित करने वाला होता है।

### बीएफटी मनरेगा कर्मियों ने विधायक से की मुलाकात, मानदेय वृद्धि को लेकर सौंपा ज्ञापन



**बरकट्ठा।** प्रखंड के मनरेगा बीएफटी कर्मी रविवार को विधायक अमित कुमार यादव के आवास पर पहुंचे और विधानसभा चुनाव में हुई जीत की बधाई देते हुए पुष्प गुच्छ भेंट किया। साथ ही लोगों ने मासिक कार्य दिवस एवं मानदेय वृद्धि को लेकर विधायक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा है कि झारखंड सरकार का मार्गदर्शिका (एन) के अनुसार माह में 20 दिनों का कार्य दिवस दिया गया है तथा कुशल मजदूरी के दर से पारिश्रमिक भुगतान करने का प्रावधान है। जबकि सरकार के सभी महत्वाकांक्षी योजनाएं जैसे निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव ,विधानसभा चुनाव, कोविड-19 जैसे महामारी तथा पदाधिकारियो के द्वारा दिए गए अन्य निदेर्शों का पालन हमलोग पूरी निष्ठा पूर्वक करते हैं। साथ ही मार्गदर्शिका के अनुकूल बीएफटी के कार्य एवं जिम्मेदारियां निभाने के लिए पूरे माह का समय व्यतीत होता है, जबकि पारिश्रमिक मात्र 20 दिनों का ही मानदेय के रूप में भुगतान किया जाता है। इसलिए मासिक कार्य दिवस और मानदेय वृद्धि में आंशिक संशोधन करते हुए 20 दिनों की कार्य दिवस को बढ़ाकर मासिक कार्य दिवस करने, मानदेय वृद्धि के अलावा व्यक्तिगत सुरक्षा, बीमा, स्वास्थ्य जैसे मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है। मौके पर दिलीप दास , उदय चौधरी अजय कुमार समेत दर्जनों कर्मी उपस्थित थे।

### निजी विद्यालय संचालकों की बैठक संपन्न, अध्यक्ष बने प्रेम व रंजीत बने सचिव



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल बेड़ोकला के प्रांगण में बरकट्ठा प्रखंड के सभी निजी विद्यालय संचालकों की एक बहुत महत्वपूर्ण बैठक की गई। बैठक में संगठन मजबूती पर चर्चा की गई। साथ ही पुरानी कमेटी को भंग करते हुए नई कमेटी का गठन किया गया। बैठक में चुनाव के माध्यम से संघ के सदस्य अपने वोट मत का प्रयोग करते हुए प्रेम कुमार गुप्ता को अध्यक्ष मनोनीत किया। रणजीत कुमार रंजन को सचिव तथा सुरेंद्र प्रसाद को कोषाध्यक्ष पद नियुक्त किया गया। उपाध्यक्ष के रूप मे जीतेन्द्र प्रसाद को तथा सह सचिव के रूप में संजय पंडित को नियुक्त किया गया। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को उपस्थित लोगों ने बधाई दी। इस दौरान पदाधिकारियों ने कहा कि हम सभी अपने अपने पद का उपयोग पूरी लगन एवं मेहनत से करेंगे तथा संघ को एक नयी ऊंचाई पर पहुंचाने एवं सबों को एक सूत्र मे साथ लेकर चलने का हर संभव प्रयास करेंगे। सरकार की दमनकारी नीति को कुचलने का कार्य करेंगे।

---

जरूरतमंदों के बीच अब तक 1200 कंबलों का किया गया वितरण

# मानवता की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म : चंद्र प्रकाश जैन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** ठंढ के कहर को कम करने और जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से हजारीबाग यूथ विंग द्वारा चलाया जा रहा शीतकालीन राहत अभियान अपने नए मुकाम पर पहुंच चुका है। दिसंबर के प्रथम सप्ताह से प्रारंभ हुए इस अभियान के तहत अब तक 1200 से अधिक कंबलों का वितरण किया जा चुका है। संस्था ने रविवार को मंडई खुर्द मुक्तिधाम के समीप जरूरतमंदों को कंबल वितरित कर उनकी मदद की। संस्था न केवल रविवार को आयोजित विशेष कार्यक्रमों के माध्यम से जरूरतमंदों तक पहुंच रही है, बल्कि रात्रि के समय चौक-चौराहों, सार्वजनिक स्थलों और सड़कों पर खुले आसमान के नीचे सो रहे लोगों के बीच जाकर राहत सामग्री प्रदान कर रही है। हर बार नए जोश और उत्साह के साथ हजारीबाग यूथ विंग अपने इस अभियान को निरंतर आगे बढ़ा रही है। संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने इस अभियान को लेकर कहा की हजारीबाग यूथ विंग का यह प्रयास सिर्फ जरूरतमंदों को राहत देने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक बड़ी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन भी है। हम मानते हैं कि मानवता की सबसे बड़ी सेवा जरूरतमंदों की मदद करना है।

---

# विधायक ममता देवी को महिला व बाल विकास समिति का सदस्य बनने पर दी बधाई



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** रामगढ़ विधायक ममता देवी को झारखंड विधानसभा की महिला एवं बाल विकास समिति और सरकारी आश्वासन समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। यह न केवल दुलमी प्रखंड बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने विधायक ममता देवी की इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह नियुक्ति क्षेत्र के विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि ममता देवी अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ करेंगी। जिससे महिला और बाल विकास से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर समाधान मिलेगा। सुधीर मंगलेश ने कहा कि ममता देवी की यह नियुक्ति दुलमी प्रखंड के लोगों के लिए प्रेरणादायक है और इससे महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। बीस सूत्री अध्यक्ष ने ममता देवी को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और उम्मीद जताई कि वे अपने कार्यकाल में क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित रहेंगी। विधायक ममता देवी को बधाई देने वाले पूर्व प्रमुख सुरेन्द्र करमाली, पूर्व जिला परिषद सदस्य राजू महतो, प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश करमाली, उतम कुमार, इकबाल अंसारी, युगल किशोर महतो, महताब राही, अल्ताफ अंसारी, इमाम अंसारी, छुटु गंझु, क्युमुदीन अंसारी, छोटन कुमार, महेंद्र ओहदार, हेमलाल महतो, लिलेश्वर महतो,प्रदीप भोक्ता,प्रेम मुंडा, प्यारी मुंडा, बाबू राम महतो आदि शामिल हैं ।

---

जेएलकेएम की बैठक में कमेटी का हुआ विस्तार

# अध्यक्ष पवन कुमार महतो व महासचिव बनें सन्नी कुमार



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** रविवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ इकाई के रामगढ़ नगर परिषद कमेटी गठन करने को लेकर रामगढ़ जिला कार्यालय में पार्टी के जिला अध्यक्ष देवानंद कुमार की अध्यक्षता तथा जिला महासचिव डॉ.राजेश महतो के संचालन में बैठक हुई। बैठक में कहा गया कि नगर परिषद रामगढ़ में जेएलकेआम की सशक्त एवं मजबूत संगठन बन रही है। मौके पर सभी लोगों ने जयराम महतो के विचारधारा से प्रभावित होकर तन मन धन के साथ काम करने की बात कही है और उनके विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने व सभी संप्रदाय के लोगों को संगठन से जोड़ने पर बल दिया गया। कहा गया की झारखंड लोक लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा में गरीब, शोषित, पीड़ित, दबे कुचले तथा भ्रष्ट सिस्टम के सताये लोग शामिल हैं। लोगों ने कहा नगर निकाय चुनाव में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा पार्टी की अच्छी परफॉर्मेंस करेगी।

---

# पुलिस ने व्यवहार न्यायालय में चोरी करते चोर को पकड़ा



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने 19 जनवरी को प्रेस वार्ता को संबोधित किया। प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए उन्होंने बताया कि 18 जनवरी को उन्हें न्यायालय रामगढ़ के कर्मी के माध्यम से सूचना मिली कि रामगढ़ थाना अंतर्गत व्यवहार न्यायालय रामगढ़ के पास कुछ चोर न्यायालय परिसर में पैनल बोर्ड में लगे तार की चोरी करने के लिए घुसे हुए हैं। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए व्यावहार न्यायालय रामगढ़ में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी पुनि अजय कुमार एवं आरक्षियों को त्वरित कार्रवाई करते हुए चोर को पकड़ने तथा समानों की बरामदगी करने का निर्देश दिया गया। मा०न्या० में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी / कर्मियों द्वारा कोर्ट परिसर में एक व्यक्ति को संदिग्ध हालात में देखा गया। पुलिस को देखते ही संदिग्ध व्यक्ति दौड़कर भागने का प्रयास किया परंतु पुलिस बल द्वारा दौड़ाकर न्यायालय कर्मियों के सहयोग से उसे पकड़ लिया गया। पकड़ो गए व्यक्ति से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम हामिद खान, पिता मंजूर खान, ग्राम 12 नं0 चौक, घाटो, थाना मांडू (वे०बो०), जिला रामगढ़ बताया। पकड़े गए चोर की निशानदेही पर 11 तांबे का ब्रैकेट (जो पैनल बोर्ड में लगा हुआ था), 02 रिंच, 20 नट बोल्ट बरामद किया गया। इस संदर्भ में रामगढ़ थाना कांड सं0-22/2025, दिनांक-18.01.2025, धारा-303 (2)/317 (4) ठछै 2023 अंतर्गत कांड दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

---

पूर्णिया के धनंजय कुमार के अपहरण मामले का पुलिस ने किया खुलासा

# अपहरणकर्ताओं के पास से बरामद किया सामान



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने 19 जनारी को प्रेस वार्ता को संबोधित किया। प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि 18 जनवरी को उन्हें गुप्त सूचना मिली कि रामगढ़ थाना अंतर्गत सिद्धू कान्हू फुटबॉल ग्राउंड के पीछे स्थित कुलदीप साव के मकान में किसी व्यक्ति को अपहरण कर छुपा कर रखा गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सूचना के उपरांत उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया। गठित टीम द्वारा बिना विलम्ब किये कुलदीप साव के मकान की घेरा बंदी कर छापामारी किया गया तो मकान के नीचे पार्किंग में काले रंग के स्कार्पियों के पास दो युवक खड़े दिखाई दिये। उसमें से एक युवक पुलिस को देखते ही दौड़कर भागने लगा तत्पश्चात भाग रहे युवक को पुलिस टीम के द्वारा पीछाकर पकड़ा गया तथा दूसरे युवक को स्कार्पियों के पास ही पकड़ लिया गया। बताया कि इसी क्रम में कमरे की खिड़की से अपहृत व्यक्ति द्वारा पुलिस को देख कर चिल्लाते हुए आवाज लगाया कि सर मुझे बचा लीजिए हमको ये दोनों लोग इस रूम में किडनैप कर बंद किये हुए हैं। हमको जान से मार देंगें। इसके बाद पकड़े गये दोनों युवको से रूम की चाभी मांग कर दरवाजा को खोलकर अपहृत व्यक्ति को कमरे से सकुशल बरामद किया गया। इसके उपरांत अपहरण करने वाले दोनों युवकों से अपहरण करने का कारण पूछने पर अपहरणकर्ता अमित कुमार द्वारा बताया गया कि धनंजय कुमार जो हमारा दोस्त है उसे हम 02 लाख रूपया बहन को एग्जाम में पास कराने के लिए 2017 में दिये थे । हमारी बहन जब एग्जाम पास नहीं हुई तो हम पैसा धनजंय कुमार से मांगने लगे लेकिन वह मुझे पैसा नहीं लौटा रहा था। तब हम अपने सहयोगी रविश मुंडा के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से धनंजय कुमार को रामगढ़ 18 जनवरी के सुबह करीब 5.00 बजे ठग कर बुलाया और उसे बस स्टैण्ड रामगढ़ से अपने सहयोगी रविश मुंडा, पे० स्व० बहादुर मुंडा , सा० सांडी, कोरी टोला, थाना माण्डू (कुज्जू), जिला रामगढ़ का स्कार्पियो जेएच01एफडब्लू 4543 से अपने किराये के मकान जिसका मालिक कुलदीप साव है लाया गया।

### बरामद सामानों की सूची

❑ 9 एमएम का पिस्टल लोडेड हालत में जिसके मैगजीन में 6 जिंदा गोली, ❑ नशा में प्रयुक्त करने वाला छः रिडोफ इंजेक्शन, 3. 3 सिरिंज ❑3 मोबाईल फोन ❑1 लैपटॉप ❑ घटना में प्रयुक्त किया गया काले रंग का स्कार्पियो जेएच01एफडब्लू 4543

छापामारी दल में अनुमंडल पुलिय पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद, पुनि सह रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार,पुअनि जॉनी कुमार, पुअनि नागेन्द्र सिंह आजाद, पुअनि उपेन्द्र कुमार, सअनि सुजीत सिंह, आ0 23 निकेत कुमार, सैप आरक्षी मृत्युंजय कुमार, सुशील कुमार एवं रिजर्व गार्ड के जवान शामिल थे।

---

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में नवीन नामांकन जांच परीक्षा का हुआ आयोजन



**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली, हजारीबाग में नवीन नामांकन जांच परीक्षा का आयोजन हुआ। कक्षा अरुण से लेकर कक्षा अष्टम में नामांकन हेतु बच्चों ने परीक्षा दी। विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया है कि नामांकन जांच परीक्षा का परिणाम जारी होने के बाद चयनित अभ्यर्थी विद्यालय में आकर नामांकन करा सकते हैं' मौके पर वरिष्ठ आचार्य अनिल कुमार, नामांकन प्रभारी विनीत कुमार वर्मा,आचार्य संतोष कुमार राय, आचार्य तारकेश्वर राय एवं आचार्य बंधु- भगिनी उपस्थित थे।

---

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का चूड़ा-दही सह मिलन कार्यक्रम आयोजित

# सांगठनिक विकास के लिए उपसमिति समर्पित : अध्यक्ष

*संगठन मंत्री दीपक शरण ने संगठन की मजबूती के लिए अर्थोपार्जन के विभिन्न मार्ग बताए*



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** अखिल भारतीय केस महासभा उप समिति बरही का चूड़ा दही सह मिलन कार्यक्रम संपन्न हुआ. कार्यक्रम उपसमिति के अध्यक्ष अशोक बख्शी को निगरानी में सूर्य मंदिर परिसर स्थित चित्रगुप्त मंदिर के प्रांगण में संपन्न हुआ. जिसमे उपसमिति के दर्जनों चित्रांश शामिल हुए. इस दौरान सबों ने चूड़ा, दही, गुड़ और तिलुकुट का सार्वजनिक भोज किया. साथ ही सांगठनिक और सार्वजनिक विकास के मुद्दों पर चर्चा हुई. वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत प्रसाद कटरियार ने चित्रांश एकता पर जोर दिया तो कल्याण प्रकोष्ठ के विनय कुमार सिन्हा ने सार्वजनिक कल्याण कार्यक्रम की चर्चा किया. संगठन मंत्री दीपक शरण ने संगठन की मजबूती के लिए अथोर्पार्जन के विभिन्न मार्ग बताए. अनुमंडल प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिन्हा ने शीघ्र ही अनुमंडल के अन्य चित्रांशो को एकीकृत कर सांगठनिक इकाई मजबूत करने की बात कही. अध्यक्ष ने आगामी 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाने की बात कही, जिसे उपस्थित लोगों ने ध्वनिमत से स्वीकार किया. कार्यक्रम बरसोत में अध्यक्ष के आवास पर मनाया जायेगा. जिसमें नेताजी की जीवनी पर आधारित परिचचाएं भी होगी. परिचर्चा में शामिल होने वाले बच्चे या वक्ता को सम्मानित भी किया जायेगा. कार्यक्रम सफल बनाने में महासचिव संजय कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष निखिल कुमार, कार्यक्रम प्रभारी श्याम कुमार सिन्हा, विवेक कुमार सिन्हा आदि ने महत्ती भूमिका निभाई. कार्यक्रम में कार्यकारी अध्यक्ष पूर्णेंदु शेखर, उपध्यक्ष अनूप प्रधान, संयुक्त महासचिव प्रवीण बख्शी, संयुक्त कोषाध्यक्ष अमर प्रधान, कार्यसमिति सदस्य महेश श्रीवास्तव, गोपाल चंद्र घोष, नगीन कुमार सिन्हा, चंदन कुमार सिन्हा, रविंद्र प्रसाद, राजेश कुमार सिन्हा, चितरंजन घोष इत्यादि चित्रांश भी शामिल हुए.

# महात्मा गांधी के नाम पर 75 वर्षों से सिमडेगा में लग रहा ऐतिहासिक गांधी मेला

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा।** झारखंड के आदिवासी बहुल जिलों में शुमार सिमडेगा जिला भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम, उनके व्यक्तित्व व कृतित्व को जीवंत रखा है। उनके नाम नाम पर विगत 68 वर्षों से गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में विशाल गांधी मेला लगता रहा है। यह मेला जहां एक ओर सामाजिक समरसता का एक बेजोड़ उदाहरण पेश करता है तो दूसरी ओर मेला स्वदेशी रंग व खुशबू के रूप में बापू के स्वराज की परिकल्पना को भी साकार करता है। प्रत्येक वर्ष करीब एक सप्ताह तक चलने वाले इस गांधी मेला में जिले के साथ-साथ निकटवर्ती जिले व पड़ोसी राज्य ओडिशा, छत्तीसगढ़ से लाखों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। मेले में एक ओर पारंपरिक आदिवासी संस्कृति की झलक मिलती है तो दूसरी ओर स्वदेशी निर्मित खाद्य सामग्री एवं परिधान भी मिलते हैं। इसके अलावा हस्त निर्मित सामग्री, उत्कृष्ट दर्जे के कृषि उत्पाद, दैनिक जरूरत की वस्तुओं के भी स्टॉल सजाए जाते हैं। मेला का शुभारंभ भी विधिवत राष्ट्रीय ध्वज फहराकर किया जाता है।

### प्रथम गणतंत्र दिवस से शुरू हुआ मेला

**सिमडेगा।** गांधी मेला की आरंभिक इतिहास भी बेहद रोचक व प्रेरणादायी रहा है। जब देश को आजादी मिली थी तब यहां बीरू गढ़ के राजा धर्मजीत सिंह देव ने गांधी मैदान में तिरंगा ध्वज फहराया था।उस घटना के प्रत्यक्षदर्शी रहे 90 वर्षीय आचार्य नरोत्तम शास्त्री ने इस संबंध में बताया कि उस ऐतिहासिक मौके पर ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम गाया गया था। इसी मौके पर राजा धर्मजीत सिंह देव ने धनुष पर तीर चढ़ाकर भूमि से मिट्टी निकाला और महात्मा गांधी के नाम जमीन दान दी। जिसका नाम गांधी मैदान रखा गया। मौके पर तत्कालीन एसडीओ एस के चक्रवर्ती, स्वतंत्रता सेनानी गंगा विष्णु रोहिल्ला, आचार्य रमापति शास्त्री, वकील रऊफ साहब,संत मरीज विद्यालय के प्राचार्य फादर हेनरी ग्रिस्ट आदि शामिल हुए थे।वहीं जब देश में पहला गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 1950 को मनाया गया तब इस गांधी मैदान में गांधी मेला का आयोजन शुरू हो गया। आरंभ में गांधी जी की प्रतिमा माटी से बनाई गई थी,वैसे अब यहां पाषाण प्रतिमा बनाई गई है। 31 जनवरी 1993 में यहां गांधी प्रतिमा चबूतरा निर्माण का आधार शिला रखा गया। ठीक एक साल बाद 26 जनवरी 1994 में प्रमुख टिकैत धनुर्जय सिंह देव एवं एसडीओ अमृत प्रत्यय ने प्रतिमा का उद्घाटन किया। इधर 2016 में तत्कालीन उपायुक्त विजय कुमार सिंह ने चबूतरा सौंदर्यीकरण व गेट आदि बनवाए।



### बेहतर किसानों को मिलता है पुरस्कार

**सिमडेगा।** गांधी विकास मेला सह प्रदर्शनी में प्रत्येक वर्ष जिले के किसान बड़ी उत्साह के साथ भाग लेते हैं। किसान अपने बेहतर कृषि उत्पाद को प्रदर्शनी में लगाते हैं। मेला की समाप्ति के मौके पर बेहतर उत्पाद के लिए किसानों को पुरस्कृत किया जाता है।इधर मौके पर विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल लगाए जाते हैं। जहां विभिन्न प्रकार के योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी जाती है।वहीं स्वरोजगार से जुड़ीं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं भी आचार, मुरब्बा, हैंडक्रॉफ्ट आदि सामग्री की स्टॉल इस मेला में लगाती है। राजकीय मेला की होती रही हैं मांग सिमडेगा:गांधी मेला को राजकीय मेला बनाने की मांग उठती रही है। झारखंड इस तरह का सांस्कृतिक, ऐतिहासिक मेला शायद ही कहीं लगता है। इधर मेला के लिए नगर परिषद् के माध्यम से डाक बंदोबस्ती की जाती है। एक वर्ष पूर्व तो यहां करीब 20 लाख में बंदोबस्ती हुई थी। जिसका लोगों ने जमकर विरोध किया था। लोगों का मानना है कि इस तरह के मेले को टैक्स फ्री किया जाना चाहिए। जिससे की ऐतिहासिक व सांस्कृतिक धरोहर को सुरक्षित रखा जा सके।

## कुम्हार समाज जिला समिति की हुई बैठक, सामाजिक सम्मेलन पर हुई चर्चा

**सिमडेगा।** रविवार को कुम्हार समाज जिला समिति का एक बैठक जिला अध्यक्ष रमेश महतो की अध्यक्षता में सिमडेगा बाजार टाड़ शेड में किया गया।बैठक में समाज के द्वारा 9 मार्च 2025 दिन राविवार को जिला स्तरीय सामाजिक मिलन समारोह बन भोज सह संघठन का बिस्तार का आयोजन सिमडेगा केलाघाघ परिषर में रखा जाएगा ।इस कार्यक्रम में जिले के सभी प्रखण्ड के समिति सदस्य के साथ मातृ शक्ति भी शामिल होंगे बैठक में आने वाले दिन में हमारे पुस्तैनी कार्य माटी कला को बढ़ावा एवम दूर दराज से आने वाले विद्यार्थियों के लिए भवन निर्माण की ओर भी ध्यान देने का निर्णय लिया गया ।सम्मेलन को सफल बनाने के लिए आगामी 2 फरवरी को एक आवश्यक बैठक कर आगे का रणनीति तैयार कर सफलता पुर्बक आयोजन किया जा सके इस बैठक में अशोक कुमार महतो को शिक्षा एवम खेल विभाग का प्रभारी घोषणा किया गया ।इस बैठक में मुख्य रुप से रामचरण महतो, राम कृष्ण महतो, भरोषा महतो गणेश महतो कमल महतो सुबोध महतो उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### बोलबा प्रखंड मुख्यालय गेट के पास गड्ढे में आठ लोग गिरकर हुए चोटिल




**बोलबा।** बोलबा प्रखंड मुख्यालय स्थित स्वास्थ्य केंद्र बोलबा का मुख्य पर गढ़ा होने से अब तक आठ लोग गिरकर घायल क मामले को लेकर ग्रामीणों ने उपायुक्त सिमडेगा से तत्काल ठीक कराने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया था ।इस सम्बन्ध मे तत्काल करवाई करते हुए अस्पताल गेट के गढ़े को ठीक कर लिया गया और लोगों का आवागमन शुरू हो गया उपायुक्त सिमडेगा ने तत्काल मुख्य गेट का काम पूरा करने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया था. इस सम्बन्ध प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी नवल कुमार बेहरा ने कहा कि दो से तीन दिन के अन्दर मुख्य गेट ठीक कराने का आश्वासन दिया था।

### पारा शिक्षकों ने किया वनभोज का आयोजन



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के दनगदी में पारा शिक्षक संघ की बोलबा इकाई के द्वारा पिकनिक सह वनभोज कार्यक्रम का किया गया आयोजन ।इस अवसर पर जिला कंप्यूटर एमआईएस,बीपीओ मनमोहन गोस्वामी, जेई राजेश कुमार,रोहित कुमार , पूर्व जिला अकाउंटेंट ,मुखिया सुरजन बड़ाइक,बिनोद बड़ाइक आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।वही सेवा. निवृत होने वाले दो शिक्षकों को भी भावभीनी बिदाई दी गयी।इस मौक़े पर.संघ में मुख्य रूप से लोकेंद्र सिंह,चंद्रशेखर सिंह, कमल सिंह,सतनारायण सिंह,रामजतन सिंह और सभी सदस्यों की उपस्थिति रही।वही जलडेगा से आए कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की बच्चियों ने भी भरपूर आनंद उठाया।वार्डन प्रेमा केरकेट्टा के साथ उनके सहयोगी स्टाफ उपस्थित थे।

### डुमरिया पंचायत के सुदूरवर्ती ग्राम उरमु में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**सिमडेगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा चलाए जा रहे 90 दिवसीय आउटरीच जागरूकता अभियान के तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता शिविर आयोजित कर लोगों को विधिक रूप से सशक्त बनाने की कोशिश की जा रही है। विभिन्न गांवों में शिविर आयोजित कर पारा लीगल वोलेंटियर ग्रामीणों को विधिक सेवाओं के बारे जानकारी दे रहे हैं। रविवार को कई गांवों में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित कर लोगों को विधिक जानकारी दी गई। साथ ही सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे जानकारी देते हुए इसका लाभ उठाने की बात कही गई। हेठमा पंचायत के झारेन गांव में लोगों को विधिक जानकारी दी गई। यहां पीएलवी ने टोल फ्री नंबर 15100 और क्यू आर कोड के बारे बताया। कहा गया कि उक्त माध्यमों से अपनी शिकायत प्राधिकार तक पहुंचा सकते हैं। उन्होंने बाल विवाह,अंधविश्वास,महिला हिंसा उन्मूलन के लिए बनाए गए कानून के बारे जानकारी दी। कोलेबिरा पंचायत के कोलेबिरा पहाड़ टोली में ग्रामीणों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा दी जाने वाली निशुल्क कानूनी सहायता,दिव्यांग पेंशन,अनाथ बच्चों के लिए संचालित स्पॉन्सरशिप योजना,डायन प्रथा अधिनियम, सड़क दुर्घटना मुआवजा,बाल विवाह,बाल श्रम,मानव तस्करी एवं टोल फ्री नंबर 15100 से संबंधित जानकारी पीएलवी के द्वारा दी गई। बानो प्रखंड के डुमरिया पंचायत के सुदूरवर्ती ग्राम उरमु में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर ग्रामीणों के बीच जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा दी जानेवाली निःशुल्क कानूनी सहायता के बारे जानकारी दी गई। पीएलवी ने बताया कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्राधिकार से संपर्क कर सकते हैं।

### मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में एनसीसी 'ए' सर्टिफिकेट का लिखित परीक्षा संपन्न



**सिमडेगा।** डिस्ट्रिक्ट सी एम स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस सिमडेगा में एनसीसी 'ए' सर्टिफिकेट का लिखित परीक्षा सम्पन्न हुआ। परीक्षा के दौरान निरीक्षण हेतु कमांडिंग ऑफिसर कर्नल बी.पी. शर्मा पहुंचे। उन्होंने परीक्षा केंद्र की व्यवस्था पर खुशी जाहिर की तथा परीक्षा संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश का अक्षरसह पालन करने को कहा ।एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर सत्यजीत कुमार ने बताया कि डिस्ट्रिक सी एम स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस सिमडेगा के 34 कैडेट्स, जवाहर नवोदय विद्यालय के 24 कैडेट्स एवं डी. ए . बी.पब्लिक स्कूल सिमडेगा के 25 कैडेट्स ने परीक्षा दिया। परीक्षा लेने हेतु 46 झारखंड बटालियन से नायब सूबेदार मनोज कुमार बोरो तथा हवलदार मोनिसाना सिंघा को प्रतिनियुक्ति किया गया था। परीक्षा के सफल संचालन हेतु एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर सत्यजीत कुमार, विकास चंद्रा एवं कृष्ण प्रसाद बारिक परीक्षा केंद्र पर मौजूद थे। परीक्षा केंद्र पर व्यवस्था हेतु शिक्षक संजीव कुमार एवं अजय मेहता वह विद्यालय के अन्य कर्मचारी गण मौजूद थे।

### सिमडेगा डायट सेंटर में एक दिवसीय उल्लास कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**सिमडेगा।** सिमडेगा के डायट सेंटर में एक दिवसीय उल्लास कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में डीएससी दीपक राम ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को कहा की प्रत्येक विद्यालय के पोषक क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति शिक्षा बिहिन ना हो इसके लिए शिक्षा विभाग के सभी पदाधिकारी और कर्मियों को मिलकर साक्षर करना है। इसके लिए जिला से लेकर प्रखंड स्तर और विद्यालय स्तर पर कार्य करने की जरूरत है ।उन्होंने इसके लिए जिला में 186 जन चेतना केंद्र बनाए गए की जानकारी दी ।उन्होंने सभी कर्मियों को इस पर कार्य करने का निर्देश दिया गया ।वही प्रशिक्षक जमील अंसारी ,अभिषेक कुमार आदि ने उल्लास कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई ।वही डायट के प्रशिक्षक पियूष लकड़ा ने भी दीक्षा ,निष्ठा और जय गुरुजी एप की विस्तृत जानकारी सभी को उपलब्ध कराई गई ।कार्यक्रम में बीपीओ, बीआरपी और सीआरपी को प्रशिक्षण दिया गया ।मौके पर भगवती प्रसाद,निर्मला लिंडा,सोनी देवी,अभिनंदन कुमार ,रामानंद कुमार आदि उपस्थित थे।

## 366 छात्राओं के बीच किया गया साइकिल का वितरण

नवीन मेल संवाददाता



**बानो।** प्रखंड कार्यालय परिसर मे मुख्यमंत्री साइकिल योजना के तहत साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर मुख्य रूप से तौर पर विधायक सुदीप गुड़िया उपस्थित थे। कार्यक्रम में 366छात्र-छात्राओं के बीचविधायक ने साइकिल का वितरण किया गया।जिसमे मध्य विधालय मंयगसोर, बडकाडुइल, माडल स्कुल बानो मध्य विधालय बांकी, गिरजाटोली, उच्च विधालय केवेटांग, पाडो, बुम्बुलडा, चोडोरदा, पुकैदा, सिकरोदा, जमत इ व रायकेरा स्कूल के 366 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया ।इस अवसर पर विधायक ने कहा कि झारखंड सरकार बच्चों के सुविधा के लिए निशुल्क साइकिल दे रही है बच्चे साइकिल का सदुपयोग करें दुर दराज से विद्यालय आने वाले बच्चों को साइकिल से आने में समय बचत होगी जिसके कारण बच्चों को पढ़ाई लिखाई करने में सुविधा मिलेगी ।उन्होंने कहा कि मन लगाकर पढ़ाई करें बेहतर प्रदर्शन कर गांव घर व समाज का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा के विकास हेतु हर संभव प्रयास किया जाएगा बच्चे बच्चियो आगे बढ़ाने मैं सहयोग तथा प्रोत्साहन किया जाएगा ।इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी बानो पंचायत के मुखिया विश्वनाथ बडाइक, नाजीर रेणु देवी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी प्रसाद, मो तनु, विदेशिया बडाइक, मनीर खान, संतोष सखहु, केदार सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

## अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित सलीमा टेटे के माता-पिता को किया गया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** भारतीय महिला हॉकी टीम के कप्तान अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित सलीमा टेटे के पैतृक आवास बड़कीछापर गाँव में रविवार को सिमडेगा जिला झामुमो जिला संयोजक मंडली के सदस्य सफीक खान एवं खाड़िया समुदाय के पदाधिकारी गण माथियास कुल्लू, लिबनुस टेटे आदि ने सलीमा टेटे के माता पिता को शॉल एवं पुष्प गुच्छा देकर सम्मानित किया। सफीक ने कहा यहाँ का हॉकी मैदान खेलने लायक नहीं है जिसकी वजह से बच्चे आगे नही बढ़ पा रहे हैं जिसका जितना जल्द हो सके समाधान होना चाहिए।स्वास्थ्य केंद्र नही होने से लोगों को बीमारी के क्षेत्र मे बहुत परेशानी होती है जिसका समाधान अति आवश्यक है। खाड़िया समुदाय के माथियस कुल्लू ने कहा यह क्षण देश, राज्य और हमारे समुदाय के लिए बहुत गौरव की बात है।अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित के गाँव मे पेयजल की समस्या है लोग के लिए पानी की व्यवस्था जितना जल्द हो सके सरकार के द्वारा होनी चाहिए जलमिनार लगाया गया है जो ख़राब होने के कारण बंद पड़ा है लिबनुस टेटे ने कहा गाँव को और अधिक बेहतर बनाने के लिये टेक्नोलॉजी से जोड़ने की अतिआवश्यक है मोबाइल नेटवर्क नही होने के कारण यहाँ के लोग बहुत सारे उपयोगिता से वंचित है | सलीमा के माता पिता के साथ साथ गाँव के लोगों के लोग भी उपस्थित थे। मौके पर उनके माता-पिता को सम्मानित किया गया इस दौरान उनके माता-पिता काफी खुश नजर आए।

### दो दिवसीय यज्ञोपवित संस्कार समारोह का हुआ समापन

## समापन समारोह में तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया हुए शामिल

नवीन मेल संवाददाता



**कोलेबिरा।** लचरागढ़ में आयोजित दो दिवसीय यज्ञोपवीत संस्कार समारोह के समापन के अवसर पर तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया पहुंचे,कार्यक्रम में शामिल हुए तथा संस्कार ग्रहण कर रहे 51 बटुकों को आशीर्वाद दिया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि लचरागढ़ जैसे छोटे से कस्बे में इतना बड़ा धार्मिक आयोजन सराहनीय पहल है। इससे सामाजिक समरसता बढ़ेगी और आपसी प्रेम बढ़ेगा ।इस तरह के धार्मिक कार्यक्रम लगातार होते रहना चाहिए,भगवान का आशीष हम सबको मिलता रहे,सबके जीवन में सुख समृद्धि आए ।केंद्रीय अध्यक्ष केदार महंती ने बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से ब्राह्मण समाज के बच्चों को संस्कारित किया जा रहा है ताकि बच्चे संस्कारवान बने आने वाले पीढ़ी को भी इससे शिक्षा मिलेगी साथ ही समाज में अलग मिशाल कायम होगा। बच्चे आगे जाकर बेहतर समाज का नागरिक बनकर समाज के विकास में भागीदारी निभाएंगे ।संस्कार कार्यक्रम में कोलेबिरा प्रखंड के प्रखंड प्रमुख दुतामी हेमरोम और कोलेबिरा थाना प्रभारी शशिशंकर सिंह शामिल हुए तथा संस्कार ग्रहण कर रहे बटुकों को आशीर्वाद दिया ।दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान कोलेबिरा थाना प्रभारी के निर्देशानुसार लचरागढ़ टीओपी के एएसआई जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस जवान मुस्तैदी से तैनात रहे। इस अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष केदार महंती,संतोष पैत,केंद्रीय सचिव केशव चंद्र पाणीग्राही कोषाध्यक्ष अमित कुमार पाढी,संरक्षक कुमुद सारंगी सिमडेगा के अध्यक्ष आचार्य विद्या बंधु शास्त्री,उपाध्यक्ष सुमंत बीसी, उपाध्यक्ष नागेश्वर महतो, उपाध्यक्ष श्याम सुंदर आचार्य, उपाध्यक्ष पवन मिश्रा, उपाध्यक्ष शिवपति मिश्र, सचिव जयंत मिश्रा,उप सचिव जितेंद्र कुमार पांडा,उप सचिव सूरज कुमार बीसी,कोषाध्यक्ष सुनिल कुमार द्विवेदी,मुकेश कुमार पंडा,सुरेन्द्र बीसी सुरेश द्विवेदी आदि उपस्थित। थे।

### आंगनबाड़ी केंद्र महाबुआंग डुमरटोली में सेविका पद का चयन


**बानो।** प्रखंड क्षेत्र के आंगनवाड़ी केंद्र महाबुआंग डुमरटोली में पूर्व निर्धारित तिथि के अनुसार सेविका पद का चयन हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी बानो नईमुद्दीन अंसारी की अध्यक्षता में आम सभा का आयोजन कर किया गया। आंगनबाड़ी सेविका चयन समिति में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी बानो नईमुद्दीन अंसारी, जिला परिषद सदस्य बानो बिरजो कंडुलना,प्रखंड प्रमुख सुधीर डांग,महिला बाल विकास परियोजना के महिला पर्यवेक्षिका सलोमी तिग्गा और मेरी तोपनो,ए.एन.एम लक्ष्मी देवी,पंचायत समिति सदस्य नामलेन जड़िया महाबुआंग वार्ड सदस्य संदीप समद,ग्राम प्रधान फ्रांसीस समद,ग्राम प्रधान सचिव अनिल लुगुन,सुलेमान जोजो,जुनुल समद,रेजन समद,राधेश्याम सिंह, ने भाग लिया।आंगनबाड़ी केंद्र डुमरटोली में कुल 3 आवेदन प्राप्त किए गए जिसमें दुलारी समद पति आमिना समद को आंगनवाड़ी सेविका चयनित मापदंडों के मानकों के अनुसार शैक्षणिक योग्यता प्राप्तांक एवं देय अंक के आधार पर सर्वाधिक अंक मिला,चयन समिति ने कुल देय अंक के आधार पर दुलारी समद को डुमरटोली आंगनवाड़ी केन्द्र का सेविका चुना गया।

## मातृशक्ति टीम ने चलाया जागरूकता एवं स्वच्छता अभियान

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** पाहन टोली कोचेडेगा में साई सेवा संस्थान कोचेडेगा की मातृशक्ति टीम द्वारा जन जागरूकता अभियान और स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर भजन-कीर्तन और पूजा के साथ-साथ स्वच्छता और आत्म-देखभाल अभियान चलाया गया। इस अभियान में स्नान, सफाई, कंघी करना, और दांतों की सफाई जैसी बुनियादी स्वच्छता आदतों पर जोर दिया गया ।कार्यक्रम की शुरुआत भजन-कीर्तन और पूजा से हुई जिससे पूरे गांव में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ और ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से ईश्वर का स्मरण किया ।व्यक्तिगत स्वच्छता की महत्ता समझाई गई और इसे जीवनशैली का हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी गई। जूनियर कैम्ब्रिज स्कूल, सिमडेगा ने अपने स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर बच्चों में शिक्षा का प्रचार करते हुए उपस्थित 150 अभिभावकों और बच्चों के बीच किताबें वितरित कीं। इसके साथ युवाओं को गणित, वित्त, और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की उपयोगिता समझाई गई ताकि वे अपने दैनिक जीवन में सशक्त बन सकें। कार्यक्रम को मुख्य रूप से राहुल कुमार, जूनियर कैम्ब्रिज स्कूल, गणपति बराइक, ममता देवी और भगवती देवी ने संबोधित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शोभा देवी, सावित्री देवी, लक्ष्मी कुमारी, मनीषा कुमारी, आशिका कुमारी, धनसुख पहन, महेश महतो, पुणा सिंह का अहम योगदान रहा ।इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामवासियों को स्वास्थ्य, स्वच्छता और आधुनिक शिक्षा की दिशा में जागरूक करना था। जूनियर कैम्ब्रिज स्कूल ने स्वर्ण जयंती वर्ष के अंतर्गत शिक्षा और नवाचार को बढ़ावा देने का संकल्प लिया है। साई सेवा संस्थान की मातृशक्ति टीम और जूनियर कैम्ब्रिज स्कूल ने ग्रामीण युवाओं को शिक्षा और स्वच्छता की ओर प्रेरित करते हुए बताया कि कैसे यह पहल उनके जीवन को बेहतर बना सकती है।

## कोऑपरेटिव बैंक के मैनेजरों ने किसानों को किया सम्मानित




नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग सिमडेगा द्वारा उद्यान विकास योजना अंतर्गत पांच दिवसीय प्रशिक्षण का किया गया समापन, प्रशिक्षक के रूप में जलडेगा एग्रो के सीईओ सोनू सिंह ने किसानों को जैविक खेती, मल्टीप्लेयर फार्मिंग, ग्राफ्टिंग, बागवानी, फुल कि खेती, सब्जी की खेती एवं कृषि तकनीकी गुर सिखाया। मौके पर बैंक आफ इंडिया के शाखा प्रबंधक रंजन कुमार जायसवाल, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक आशुतोष दस एवं झारखंड राज्य सहकारिता बैंक लिमिटेड के शाखा प्रबंधन राजीव कुमार ने किसानों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड का ज्यादा से ज्यादा लाभ लें इससे अगर एक साल के अंदर वापस करते हैं तो ब्याज मुक्त हो जाता है साथ ही शाखा प्रबंधकों ने किसानों से किसी भी प्रकार का फ्रोड कॉल से बचने की अपील की। किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपने खाता अथवा गोपनीयता से संबंधित कोई भी जानकारी साझा नहीं करने की अपील की। मौके पर लीड्स के प्रखंड समन्वयक आलोक कुमार, बीटीएम राजेश बागे सहित कलिंद्र प्रधान, फ्रिस्का केरकेट्टा एवं किसान उपस्थित थे।

## वर्षगांठ पर केलाघाघ डैम किनारे वनभोज सह मिलन समारोह का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** जिला ग्राम सभा मंच सिमडेगा के वर्षगांठ के शुभ अवसर पर वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन केलाघाघ परिसर सिमडेगा में किया गया है।इस समारोह में मुख्य अतिथि झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन जन संगठन के संस्थापक प्रो संजय बसु मलिक,ब्लासीयूस टोप्पो, अलेक्सीयूस खलखो एवं विशिष्ट अतिथि अजय एक्का एवं रावेल लकड़ा उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में ग्राम सभा मंच के पदाधिकारी,सदस्य सहित ग्राम सभा के अध्यक्ष,सचिव,पदाधिकारी एवं सदस्यों ने उपस्थित होकर अपने अपने ग्राम सभा को सशक्त बनाने के लिए संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में प्रो संजय बसु मलिक ने अपने वक्तव्य में कहा कि गाँव लोग एकजुट होकर रहोगे तो अपने अधिकार से कभी भी वंचित नहीं हो सकते हो। इसलिए एकजुट होकर वन पट्टा लेना होगा। पेसा कानून 1996 हो या वनाधिकार कानून 2006 हो ये ऐतिहासिक कानून है ये कानून कहता है कि आदिवासियों के साथ ऐतिहासिक अन्याय हुआ है,जिसे जानने की जरूरत है ये कानून आदिवासियों को न्याय दिलाने के लिए ही बनाया गया है क्योंकि आदिवासियों से बेहतर जंगलों के बारे में कोई नहीं जान सकते हैं।आज आदिवासी जहाँ हैं वहीं जंगल बचा हुआ है।आगे अपने वक्तब्य में ये भी कहा कि जिस तरह अलग झारखंड राज्य का निर्माण बड़े बड़े आंदोलन के बदौलत हुई उसी प्रकार अब अपने अधिकार से संबधित कानून को लागू कराने के लिए नये सिरे से आंदोलन की जरूरत पड़ सकती है। इस कार्यक्रम में स्वागत भाषण समर्पन सुरिन ने किया ।समारोह का संचालन अनूप लकड़ा और खुशीराम कुमार ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन सुबरदानी लुगुन ने किया। इस अवसर पर मुल्यानी डांग, प्रिशिला डुंगडुंग,मारियाना टॉपनो, अमृत डांग, अप्लुस एक्का, बिपिन पंकज मिंज, सुनील मिंज, सुशांत कुल्लू,बलिराम मांझी, जुएल कुजुर जुनास् टॉपनो सहित सैकड़ों ग्राम सभा के लोग उपस्थित थे।

अफीम की खेती के खिलाफ लगातार चला अभियान

# 5 एकड़ में लगे अफीम की खेती को पुलिस और वन विभाग ने किया नष्ट



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
चौपारण थाना क्षेत्र के जगोडीह जंगल में पु0अ0नि0 अनुपम प्रकाश, थाना प्रभारी, चौपारण, थाना के सशस्त्र बल तथा वन विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मियों के साथ संयुक्त छापेमारी कर लगभग 5 एकड़ वन भूमि पर लगे अवैध अफीम पोस्ता की खेती को नष्ट किया गया। इस संदर्भ में कांड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। अफीम की खेती के खिलाफ जिले भर में निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस की इस कार्रवाई से तस्करों के मंसूबों को बड़ा झटका लगा है। एसपी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि चौपारण के आस पास अफीम तस्करों के द्वारा अफीम की खेती की जा रही थी जिसे अभियान चलाकर नष्ट कर दिया गया। पुलिस व वन विभाग के संयुक्त कारवाई करते हुए चिन्हित स्थान पर छापेमारी की पुलिस जब स्थल पर पहुंची तो वहां पाया गया कि अफीम के पौधे उग आए हैं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस के द्वारा अफीम की खेती के खिलाफ लगातार कार्रवाई भी की जा रही है और उसे नष्ट भी किया जा रहा है। यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस के द्वारा अफीम की खेती करने वाले लोगों को भी चिन्हित करने का कार्य किया जा रहा है और ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी।

## खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**गोड्डा।** सिदो कान्हू सरस्वती विद्या मंदिर ललमटिया में बालक बालिका व्यक्तित्व विकास वर्ग के दूसरे दिन शनिवार के खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई. बच्चों ने कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, फुटबॉल, सौ मीटर दौड़ एवं अन्य प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन किया. उद्घाटन ललमटिया थाना प्रभारी मुकेश कुमार राउत ने किया. उन्होंने कहा कि खेलकूद से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है. उन्होंने छात्र-छात्राओं को खेलकूद पर ध्यान देने की सीख दी. कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य सुधीर सिंह, आचार्य राकेश किस्कू, महेश्वर हेंब्रम अभयकांत तिवारी, प्रदीप गुप्ता, मनीष उपाध्याय, जयमंती कुमारी, मीनू कुमारी, सिंगा किस्कू ,कल्पना सिंह, अवध बिहारी, सूरज जायसवाल सहित अन्य उपस्थित थे.

संदेहास्पद स्थिति में मिला महिला का शव

# जांच में जुटी पुलिस, क्षेत्र में सनसनी

*मायके वालों ने कहा कि हमारी बेटी की हत्या कर आंगन में रख कर फरार हो गया है। इधर पारिवार वालों ने प्राथमिकी दर्ज की है*



**नवीन मेल संवाददाता। गांडेय, गिरिडीह**
अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के गजकुंडा पंचायत के हरला गांव कि है जहां रविवार दोपहर को वसीम अंसारी की पत्नी लगभग 28 वर्षीय अफसाना खातुन का शव घर के आंगन में मिला। घटना कि सूचना पाकर अहिल्यापुर थाना प्रभारी गुलाम गौस हुस्सामी अपने दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचे व शव को कब्जे में लेकर अहिल्यापुर थाना परिसर लाया। जहां पर कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव का पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया गया है। इस तरह की घटना होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी है और लोग अचंभे में पड़ गये हैं। मृतक के पिता नारायणपुर थाना क्षेत्र के बंदरचुवां गांव के निवासी हैं। उन्होंने बताया कि मेरी बेटी अफसाना खातुन की शादी दो वर्ष पूर्व हुई थी, जिनका महज एक सात माह का नवजात शिशु है। बताया कि मृतक के पति ने ही ससुराल वाले को फोन पर सूचना दी है। दो घरों के बीच आपसी परिवारिक मामला बढ़ गया है जब सूचना मिलने पर मायके वाले बेटी के घर पहुंचे तो देखा कि आंगन में उसकी लाश पड़ी है और मेरा दामाद बच्चे लेकर घटनास्थल से फरार है। उन्होंने कहा कि यह हत्या कर आंगन में रख कर फरार हो गया है। इधर घटना से मृतक के माता पिता व श्वजनों का रो रोकर बुरा हाल है। उक्त गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है। इधर अहिल्यापुर थाना प्रभारी गुलाम गौस हुस्सामी ने बताया कि सूचना पाकर घटनास्थल पहुंचे तो देखा कि आंगन में शव पड़ा है शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह में भेज दिया गया है और आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

## एनडी मार्ट मॉल का हुआ शुभारंभ

**तिसरी।** लंबे समय से इंतजार कर रहे लोगों की प्रतीक्षा अब खत्म हुई. रविवार की शाम तिसरी प्रखंड मुख्यालय स्थित भंडारी रोड में एनडी मार्ट मॉल का शुभारम्भ हो गया है .इसको लेकर सुबह से ही काफी चहल पहल थी, पूजा अर्चना के पश्चात संस्थापक सह समाजसेवी निरंजन राय ने अपने परिवार के साथ विधिवत फीता काटकर मॉल का उद्घाटन किया. वहीं कार्यक्रम के लिए आए कलाकार गोलू राजा और निशा दुबे ने भी मॉल का जायजा लिया साथ ही निरंजन राय की सराहना की. मॉल के उद्घाटन होने के तुरंत बाद से ही बेसब्री से इंतजार कर रहे लोगों की खरीदारी के लिए भारी भीड़ लग गई. इस दौरान मॉल में आए लोगों ने भी निरंजन राय के इस पहल की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया.

# आरएसएस के सेवा सप्ताह का हुआ समापन, शिक्षा संस्कार पर रहा जोर



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आठ दिवसीय सेवा सप्ताह का समापन पारिवारिक मिलन कार्यक्रम के साथ देवचन्दा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के प्रांगण में हुआ. जिसमे मुख्य रूप से क्षेत्र सेवा प्रमुख त्रिवेणी साव, कोडरमा जिला सह संघचालक दयानंद चौरसिया आदि संघ के कई लोग शामिल हुए. श्री चौरसिया ने कहा कि शिक्षा-संस्कार से व्यक्ति व राष्ट्र निर्माण होते हैं. उन्होंने समय के सदुपयोग को चर्चा करते हुए संघ के सेवा परमो धर्मः के उद्देश्यों पर जोर दिया. साथ ही संघ परिवार को अपनी ओर से हर संभव भरपूर सहयोग करने की बात कही. कार्यक्रम में बरही के सभी पांच बाल संस्कार केन्द्र के शिक्षिक, अभिभावक और दो - दो चयनित बच्चे शामिल थे. बच्चों ने ब्रह्मनाद, गायत्री मंत्र, सरस्वती वंदना, प्रातः स्मरण, बोधकथा, व्यायाम योग, योगासन गीत आदि की सुंदर प्रस्तुति दिया. वही शिक्षिकाओ अपने एक वर्ष के अनुभव एवं अभिभावकों ने सेवा मुहल्ला से मिलने वाले लाभ की जानकारी दिया. इस दौरान शाखा के गणशिक्षक बसन्त कुमार, रसोईया धमना शाखा के पालक, नितेश कुमार, शंकर प्रसाद, श्रीदस इन्टरनेशनल स्कूल के संचालक रंजीत चंद्रवंशी आदि उपस्थित हुए.

भारत जकात मांझी परगना महल के तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन

# सोहराय पर्व हमारे झारखंडी संस्कृति की पहचान है : मंत्री

*देश में भी झारखंडी संस्कृति की झलक लोग देखना चाहते हैं। ताकि यहां के बारे में पूरी तरह जान सके*



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
भारत जगत मांझी परगना महल के द्वारा आयोजित सोहराय मिलन समारोह में शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामजी बेसरा और संचालन मनोज मुर्मू ने किया। समारोह में मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, झामुमो नेता संजीव वेदिया उपस्थित थे। सोहराय मिलन समारोह में भारत जगत मांझी परगना महल के सदस्यों ने अतिथियों को चादर देकर सम्मानित किया। लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि सोहराय झारखंड संस्कृति की पहचान है। झारखंड में आदिवासियों के झारखंडी संस्कृति को देखने विदेश से भी आते हैं। देश में भी झारखंडी संस्कृति की झलक लोग देखना चाहते हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि देश की आजादी का पर्व गणतंत्र और स्वतंत्रता दिवस में शामिल हो। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता के लिए सरकार काम कर रही है। हेमंत सरकार सभी क्षेत्र में विकास के लिए सरकार धरातल पर उतर चुकी है। मंइयां सम्मान योजना का महिलाओं के साथ किये गए वादे को सरकार पूरी कर रही है। पूरे आदिवासी, मूलवासी मिलकर सरकार को मजबूत बनाया है तो राज्य भी मजबूत होगा। पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि हेमंत सोरेन की दूसरी बार के सरकार के बरकट्ठा में पहली बार शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन आयी है। झारखंड में गरीब, मजलूमों की सरकार बनी है। हेमंत सोरेन ने मंइयां सम्मान योजना लाकर महिलाओं को सम्मान दिया है। इस योजना का पूरे देश में हेमंत मॉडल लागू होगा।

## न्यूज बॉक्स

### 22 को चांडिल व कुकडू में और 24 को ईचागढ़ व नीमडीह में लगेगा प्रखंड स्वास्थ्य मेला



**चांडिल।** सरायकेला-खरसावां जिले के हर प्रखंड में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा. चांडिल अनुमंडल के चारों प्रखंड में इसको लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है. मिली जानकारी के अनुसार 22 जनवरी को स्वास्थ्य मेला का आयोजन हाट तोला के समीप कुकडू उप स्वास्थ्य केंद्र में किया जाएगा. जबकि इसी दिन अनुमंडलीय अस्पताल चांडिल में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा. वहीं 24 जनवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईचागढ़ और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नीमडीह में प्रखंड स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा. ईचागढ़ प्रखंड कार्यालय में प्रखंड स्वास्थ्य मेला के आयोजन को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी एकता वर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुई. बैठक में स्वास्थ्य मेला को लेकर पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य मेला में स्टाल निर्माण व लोगों को इस संबंध में जानकारी देने पर विचार-विमर्श किया गया. इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी एकता वर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग द्वारा आयोजित स्वास्थ्य मेला में विभिन्न रोगों का जांच एवं उपचार विभिन्न स्टालों में चिकित्सकों द्वारा किया जाएगा.

### ऋण चुकाओ ऋण पाओ योजना के 42 लाख की वसूली



**बरही।** ऋण चुकाओ ऋण पाओ योजना के तहत शनिवार को कोनरा पंचायत भवन में बैंक ऑफ इंडिया का विशेष ओटीएस शिविर का आयोजन किया गया. शिविर बैंक ऑफ इंडिया के एआरडी एवं एएफडी विभाग की ओर से आयोजित किया गया था. उक्त जानकारी देते हुए एएफडी के वरिष्ठ प्रबंधक मधु मिश्रा ने दी. उन्होंने बताया कि इस शिविर में 837 ऋणी आये थे. जिसमें 224 को ओटीएस योजना के तहत सेटलमेंट करते हुए ऋण खाता बंद किया गया. इनमे जिसमें 202 ऋणियों ने नए केसीसी ऋण के लिए आवेदन किया. इस शिविर में कुल वसूली राशि 42 लाख की वसूली की गई. इस दौरान ऋणियों को 70 से 80% तक की छूट दी गई. शिविर में बतौर मुख्यातिथि बैंक ऑफ इंडिया हजारीबाग अंचल के जेडएम नरेंद्र कुमार व विशिष्ट अतिथि डीजेडएम रिकवरी अजीत कुमार पोद्दार व एएफडी के वरिष्ठ प्रबंधक श्रीमती मिश्रा का उपस्थित हुए. जेडएम ने बताया कि केसीसी किसानों के लिए सबसे आसान और उपयोगी ऋण है, बशर्ते किसान इसका उपयोग सही और मानक तरीके से करें. अच्छे खाताधारकों को बैंक हर संभव मदद करेगी. शिविर को सफल बनाने में शाखा प्रबंधक आकाश सिंह, सोनाली अधिकारी एवं बैंक कर्मी मधु दास, सुनीता देवी, सोनाली प्रवीण, पूनम देवी आदि ने अहम भूमिका निभायी. इस शिविर में स्थानीय प्रतिनिधि एवं भारी संख्या में ग्रामीण भी उपस्थित थे.

## लोन के नाम पर धोखाघड़ी मामले में दो पर प्राथमिकी दर्ज

**गावां गिरिडीह।** गावां थाना क्षेत्र जमडार पंचायत में लोन के नाम पर धोखाधड़ी मामले में दो लोगों पर गावां थाना में प्राथमिकी दर्ज कार्रवाई गई है। ज्ञात हो कि उक्त पंचायत में 120 महिलाओं का लोन भारत फाइनेंस कंपनी के द्वारा किया गया था। महिलाओं का आरोप है कि रविशंकर मोदी व सीकेन्द्र कुमार यादव की मिलीभगत से रुपयों की निकासी कर ली गई। महिलाओं का कहना है कि आधार उपडेट के नामपर अंगूठा लगवाया गया व लोन के सारे पैसे निकाल लिए गए। 120 खातों से लगभग डेढ़ करोड़ रुपया की निकासी कर लिए जाने का मामला सामने आया है। थाना प्रभारी महेश चंद्र ने कहा कि मामले में रविशंकर मोदी व सीकेन्द्र प्रसाद यादव पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## विधायक सरयू राय के कार्यकर्ता सम्मेलन सह वनभोज में शामिल हुए हजारों लोग



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय के निर्देश पर आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन सह वनभोज का कार्यक्रम रविवार को आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर में आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम में पूरे जमशेदपुर के जनता दल (यूनाइटेड) के साथ ही भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता भी हजारों की संख्या में जुटे. विधायक सरयू राय ने प्रायः हर कार्यकर्ता से मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम पूछा. कार्यकर्ता विधायक सरयू राय से मिल कर प्रफुल्लित नजर आ रहे थे. इस कार्यकर्ता सम्मेलन सह वनभोज में जमशेदपुर के सांसद बिद्युत बरण महतो भी शामिल हुए. वह अपने समर्थकों संग आये थे. इस आयोजन के कर्ता-धर्ता आशुतोष राय ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की पूंजी होते हैं. उनको मान-सम्मान देना बेहद जरूरी है. उन्होंने कहा कि विधायक सरयू राय कार्यकताओं के लिए हर वक्त उपलब्ध रहते हैं और मानते हैं कि उनकी आन-बान-शान कार्यकर्ता ही हैं. श्री राय ने कहा कि चुनाव परिणाम के बाद से इस बात की शिद्दत से जरूरत महसूस की जा रही थी कि कार्यकताओं के साथ खुले माहौल में बात करना, उन्हें सम्मान देना जरूरी है. इसलिए कार्यकर्ता सम्मेलन सह वनभोज का आयोजन किया गया
इस कार्यकर्ता सम्मेलन सह वनभोज में गीत-संगीत की भी बहार रही. हजारों लोगों ने स्वादिष्ट भोजन का स्वाद लिया. कार्यक्रम की शुरूआत से ही गीत-संगीत का कार्यक्रम प्रारंभ हो गया था. सोनू सिंह दुलरुआ की टीम के देवेंद्र पांडेय और चंचला सिंह ने भोजपुरी में एक से बढ़ कर एक भजन और गीत से लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में धर्मेंद्र तिवारी, अशोक गोयल, अविनाश सिंह, सुबोध श्रीवास्तव, नीरज सिंह, शैलेन्द्र राय, मुकेश मित्तल, आर सी जी, पंकज सिन्हा, भाजपा कदमा मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह, भाजपा मानगो मंडल के अध्यक्ष विनोद राय, भाजपा सोनारी मंडल अध्यक्ष प्रशांत पोद्दार, मनोज सिंह, संजीव कुमार, टाटा वर्कर्स यूनियन महामंत्री शैलेश सिंह, सतीश सिंह, नीरज सिंह(भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ), हरेराम सिंह, शेष नाथ पाठक, द्विपल विश्वास, तारक मुखर्जी, अजय श्रीवास्तव, मुकुल मिश्रा, पप्पू सिंह मानगो, मुन्ना सिंह, कविता परमार, नीरु सिंह, पप्पू सिंह सूर्यवंशी, निमाईचंद्र अग्रवाल, टीडी गांगुली, विश्वजीत सिंह, संजीव सिंह, धर्मेंद्र प्रसाद, निखार सबलोक, रिक्की केशरी, आदित्य मुखर्जी समेत हजारों लोग मौजूद रहे.

# झामुमो की समीक्षा बैठक में बरकट्ठा इकाई ने सदस्यता अभियान पर हुई चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
झामुमो के बरकट्ठा इकाई ने बरकट्ठा विस चुनाव में पार्टी को मिली हार को लेकर समीक्षा बैठक पूर्व विधायक और पार्टी प्रत्याशी रहे जानकी प्रसाद यादव के आवसीय कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष कुदुश अंसारी और संचालन गोपाल प्रसाद ने की। समीक्षा बैठक प्रखंड के उत्तरी जिला परिषद के तहत आने वाले पंचायत बरकनगांगो, चुगलामो, गैंड़ा, गंगपाचो, गयपहाड़ी, सलैया, कपका, तुइयो और बेडोकला पंचायत के सभी बूथों के कार्यकताओं के साथ की गई। बैठक में पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने सभी बुथों की समीक्षा किया। जिन बूथों में झामुमो का जीत हासिल हुआ है। उस बूथ के कार्यकताओं को बूथ जीतने की बधाई दिया और जहां पर झामुमो की हार हुई है उन्हें बेहतर काम करने की सलाह दिया। बैठक में संगठन को मजबूत करने और सघन सदस्यता अभियान चलाने पर चर्चा की गई। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष कुदुश अंसारी ने पूर्व विधायक को सदस्यता फॉर्म भरवाकर अभियान की शुरूआत की। पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि झामुमो के कार्यकर्ता सदस्यता अभियान को सफल बनाकर पार्टी को और अधिक मजबूत बनाएं। राज्य में झामुमो के नेतृत्व में हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री हैं।
जो राज्य के लोगों के हित में कल्याणकारी योजनाएं लागू कर रहें हैं। बैठक में झामुमो के बूथ, पंचायत, प्रखंड स्तर के कार्यकर्ता, नेता उपस्थित थे।

## तेनुघाट डैम पर बनेगा वाटर साइड एडवेंचर व एटरेक्शन प्वाइंट

**बोकारो।** बोकारो डीसी विजया जाधव ने शनिवार को तेनुघाट डैम पर पर्यटकीय सुविधाओं के विकास को लेकर समीक्षा बैठक की. उन्होंने पर्यटन विभाग की प्रस्तावित योजनाओं की प्रगति के बारे में संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली. एजेंसी गौरव होम प्वाइंट के आर्किटेक्ट ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से होने वाले विकास कार्यों के बारे में विस्तार से बताया. कहा कि तीन चरणों में कार्य किए जाएंगे, जिस पर लगभग 54 करोड़ रुपए खर्च होंगे. कहा कि डैम के समीप वाटर साइड एडवेंचर एंड टूरिस्ट एटरेक्शन प्वाइंट का निर्माण होगा, जिसके तहत गार्डन रिसोर्ट, रेस्टूरेंट, वाटर फाउंटेंन, इंफारमेशन सेंटर, पार्किंग एरिया, ई-विह्किलझगोल्फ कोर्ट, चिल्ड्रन पार्क, लैंडस्केपिंग, कियोस्क, वाच टावर, एक्वाटिक गार्डन, बंबू वाकवे गार्डन,रोज गार्डन, कैफेटेरिया, सनराइज झ सनसेट प्वाइंट, ग्लास ब्रिज, सेल्फी प्वाइंट, कोटेज, ईको विलेज, फलावर गार्डन आदि का निर्माण किया जाएगा.

## जमशेदपुर में ट्रांसपोर्टर संतोष सिंह की गोली मारकर हत्या

**जमशेदपुर।** अपराधियों तांडव आभी जारी है। आये दिन कुछ न कुछ हत्याएं और लूटपाट की घटनाएं होती रहती हैं, कुछ इसी तरह का मामला मानगो में रविवार की शाम कांग्रेस के नेता रहे जितेंद्र सिंह के भाई संतोष सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। संतोष सिंह का बालीगुमा में ट्रांसपोर्ट का कारोबार है। देर शाम मानगो बाजार से तकादा कर वे अपने घर मानगो गुरुद्वारा बस्ती लौट रहे थे, उसी वक्त गली में घात लगाए खड़े युवकों ने उनके सिर में दो गोलियां दाग दीं। इससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वारदात की जानकारी मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। शव को एमजीएम मेडिकल कॉलेज पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हत्यारों की पहचान कर ली गयी है। संतोष सिंह की हत्या डब्बू दीक्षित के करीबियों ने की है। कुछ माह पहले डब्बू दीक्षित की भी हत्या कर दी गयी थी।

# सड़क हादसे में जीजा और सरहज की मौत, 5 लोग घायल

*डॉक्टर ताज ने जांच के बाद रजनी देवी को मृत घोषित कर दिया। वहीं आयुष कुमार, सुनीता देवी, और चंद्रशेखर राम को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया*




**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी गिरिडीह**
बिरनी प्रखंड के भरकट्टा ओपी क्षेत्र अंतर्गत बाराडीह पेट्रोल पंप के पास रविवार शाम को हुए एक सड़क हादसे में कार और टेम्पो के बीच जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में चन्दौरी निवासी 45 वर्षीय रजनी देवी और भरकट्टा निवासी 60 वर्षीय चंद्रशेखर तर्वे शामिल हैं।
घायलों की पहचान : चन्दौरी निवासी 48 वर्षीय सत्यनारायण गुप्ता,15 वर्षीय आयुष कुमार, 21 वर्षीय रिया कुमारी, भरकट्टा निवासी 52 वर्षीय सुनीता देवी की हुई है। टेम्पो में सवार 7 लोग राजदह धाम नेचर पार्क घूमने जा रहे थे। बाराडीह पेट्रोल पंप के पास एक कार ने टेम्पो को जोरदार टक्कर मारी, जिससे टेम्पो पलट गया। हादसे के तुरंत बाद घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बिरनी ले जाया गया। डॉक्टर ताज ने जांच के बाद रजनी देवी को मृत घोषित कर दिया। वहीं आयुष कुमार, सुनीता देवी, और चंद्रशेखर राम को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया, लेकिन रास्ते में ही चंद्रशेखर राम की मौत हो गई।जबकी मृतिका रजनी देवी दिल्ली में रहती थीं और एक शादी समारोह के लिए सरिया आई हुई थीं। शादी के बाद वे अपनी बहन से मिलने भरकट्टा आई थीं। इसके बाद बहन और परिवार के साथ नेचर पार्क घूमने के लिए निकली थीं, जब यह हादसा हो गया। घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त कार और टेम्पो को अपने कब्जे में ले लिया। भरकट्टा ओपी प्रभारी अमन कुमार ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

सकारात्मक रहें यही नेग-दक्षिणा आपसे लेने आई है खुशी क्लास

## निःशुल्क किताबों का भी हुआ वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**
धनबाद जिला के बलियापुर प्रखंड के मुकुंदा गांव में रविवार को खुशी रथ पहुंचा। यहां गांव के पंचायत भवन में खुशी चौपाल सजा। चौपाल की अध्यक्षता मुखिया हीरालाल गोराई ने किया, जबकि संचालन त्रिलोचन महतो ने किया। शिक्षक खजांची बाउरी ने विषय प्रवेश व धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर ही गांव के बच्चों के बीच उपयोगी किताबों का निःशुल्क वितरण भी किया गया। लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची और खुशी क्लास के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालनकर्ता त्रिलोचन जी ने खुशी मिशन की पूरी जानकारी लोगों को दी। बताया कि खुशी रथ झारखंड के 24 वो जिले में भ्रमण करेगा। सुदूर गांवों तक पहुंचेगी। तनाव, डिप्रेशन के खिलाफ यह एलान-ए-जंग होगा। खुशी क्लास के संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि प्रकृति ने बहुमूल्य जिंदगी जीने के लिए दी है, गुजारने के लिए नहीं। खुशी के साथ ही हम जिंदगी जी सकते हैं। तनाव, टेंसन में हम नारकीय अंदाज में सिर्फ जिंदगी गुजार सकते हैं। यह खुशी सकारात्मक भाव से ही आती है। कितनी भी झंझावतें आएं, सकारात्मकता का साथ कभी नहीं छोड़ें। यही सकारत्मकता हमें सभी दिक्कतों से उबार कर खुशियों से भर देती है। हाइपरटेंशन, डिप्रेशन, आत्महत्या की प्रवृत्ति महामारी का रुप लेते जा रही है। समाज से इसे भगाना है।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

मैं चैतन्य के विमान में उड़ान भरता हूँ, ऊपर, नीचे, बायें, दायें, अंतर में, बाहर, सभी तरफ, और देखता हूँ कि अपने अन्तरिक्ष-घर के प्रत्येक कोने में मैं सदा ही अपने परमपिता के पवित्र सान्निध्य में रहा हूँ। **- श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

# दमघोंटू राजधानी की हवा

ऐतिहासिक महानगर दिल्ली कितनी बार बसी उजड़ी और बसाई गई पर आम आदमी और खास आदमी की सरकारों ने इन्हें प्रदूषण मुक्त करने का कोई ठोस उपाय नहीं किया। पड़ोसी चीन ने प्रयास किया है। कुछ वर्षों पहले तक दो पड़ोसी देशों, भारत और चीन की राजधानियां दिल्ली और बीजिंग, दोनों ही वायु प्रदूषण की चपेट में फंसी छटपटा रही थीं। तेज आर्थिक विकास, जनसंख्या वृद्धि और वाहनों की बढ़ती संख्या ने शहर के पर्यावरण, खास तौर पर इसकी वायु गुणवत्ता पर बहुत ज्यादा दबाव डाला। बीजिंग ने हाल के वर्षों में अपनी वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए उल्लेखनीय प्रगति की है, जो इसी तरह की चुनौतियों से जूझ रहे अन्य शहरों के लिए एक उदाहरण है। वहीं, दिल्ली अब भी संघर्ष कर रही है। सितंबर, 2013 में जारी एयर पॉल्यूशन एक्शन ने चीन को 2014 और 2017 के बीच अपनी वायु गुणवत्ता में महत्वपूर्ण सुधार करने में मदद की, जिससे बीजिंग में पीएम2.5 का स्तर 33 प्रतिशत और पर्ल रिवर डेल्टा में 15 फीसदी कम हो गया।

*तेज आर्थिक विकास, जनसंख्या वृद्धि और वाहनों की बढ़ती संख्या ने शहर के पर्यावरण, खास तौर पर इसकी वायु गुणवत्ता पर बहुत ज्यादा दबाव डाला।*

भारत ने नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम (एनसीएपी) के तहत वायु प्रदूषण से निपटने के लिए काम शुरू किया गया, लेकिन उसकी प्रगति उम्मीदों के अनुरूप नहीं रही। वहीं वायु प्रदूषण के खिलाफ अपनी लड़ाई के दूसरे चरण के हिस्से के रूप में चीन ने साल 2018 में ब्लू स्काई वॉर जीतने के लिए अपनी तीन साल की कार्ययोजना शुरू की। जहां 2013 की कार्ययोजना में केवल बीजिंग-तियानजिन-हेबेई, पर्ल और यांग्त्जी डेल्टा के शहरी समूहों के लिए पीएम2.5 स्तर के लक्ष्य निर्धारित किए गए थे, वहीं नई तीन वर्षीय कार्ययोजना चीन के सभी शहरों पर लागू होती है। इस सदी के आरंभ में चीन के प्रमुख शहरों में वायु प्रदूषण का स्तर लगभग वैसा ही था, जैसा 1890 में औद्योगिक क्रांति के चरम पर लंदन में था। मगर युद्ध के बाद लंदन में फैले ग्रेट स्मॉग के कारण आठ हजार लोगों की मौत के बाद चीन ने अपनी हवा को ब्रिटेन के मुकाबले दोगुनी तेजी से साफ किया। इतना होने के बावजूद वर्ष 2017 के अंत तक चीन के 338 में से सिर्फ 107 शहर ही डब्ल्यूएचओ के 35 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर के अंतरिम मानक को पूरा कर सके। भारत के वायु गुणवत्ता निगरानी ढांचे को अपने उत्सर्जन के हिसाब से विस्तार देने की जरूरत है। इसके सटीक प्रबंधन के लिए उन्नत मल्टी-मॉडल डाटा एकीकरण आवश्यक है। साथ ही, प्रदूषण हॉटस्पॉट की सटीक पहचान करना भी जरूरी है। नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम 2.0 (एनसीएपी 2.0) बेहतर रणनीतियों, मल्टी-मॉडल डाटा एकीकरण और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के साथ वायु प्रदूषण की समस्याओं से निपटने में कितना सफल होगा, यह तो समय ही बताएगा। प्रदूषण को प्रभावी ढंग से समझने और कम करने के लिए दीर्घकालिक डाटा संग्रह और स्रोत विभाजन महत्वपूर्ण हैं। चार-स्तंभ दृष्टिकोण-नवाचार और अनुसंधान, क्षमता निर्माण, कानूनी रूपरेखा और आउटरीच-वायु गुणवत्ता प्रबंधन को आधार प्रदान करना चाहिए।

# मुफ्त की रेवड़ियों का लोकतंत्र केजरीवाल की 'फ्रीडम सेल'



आज की बात



**प्रो. आर.के. जैन "अरिजीत"**

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री व आप पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल की राजनीति अब राजनीति के रंगमंच पर एक अनोखे नाटक की शक्ल अख्तियार कर चुकी है। उनके 'मुफ्त की रेवड़ियां' मॉडल ने देश की सियासी धड़कनों को कुछ इस तरह तेज कर दिया है, मानो चुनावी मौसम में राजनीतिक गलियारों में कोई नया मसाला परोसा गया हो। ताजा घोषणाओं में किरायेदारों के लिए मुफ्त बिजली और पानी का प्रावधान किया गया है, जो आम आदमी की जेब को राहत देने वाला कदम नजर आता है। इस मुफ्तखोरी के लोकतांत्रिक उत्सव में, जहां जनता को सुविधाओं की मिठास परोसी जा रही है, वहीं यह सवाल अब भी अनुत्तरित है—इस खर्च का असली भार कौन उठाएगा? कहीं ऐसा तो नहीं कि यह 'मुफ्त' की मिठास, अर्थव्यवस्था के भविष्य को खट्टा बना दे?

आज का लोकतंत्र, विशेषकर भारत में, एक नए प्रकार के 'रेवड़ी स्टार्टअप' की अवधारणा पर आधारित हो चुका है। केजरीवाल का मुफ्त सेवा मॉडल अब राजनीति को नीतियों और विचारधाराओं के बजाय एक खतरनाक प्रतिस्पर्धा में बदल चुका है—'कौन कितनी ज्यादा मुफ्त रेवड़ियां बांट सकता है।' बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सेवाओं के बाद, अब किरायेदारों के लिए मुफ्त बिजली-पानी की गारंटी ने इस खेल को एक नया मोड़ दे दिया है। अब अगला कदम शायद 'मुफ्त वाई-फाई', 'मुफ्त ससुराल योजना' या फिर 'नो-वर्क जॉब गारंटी' हो सकता है। राजनीति का यह नया रंग समाज में एक अस्वाभाविक मानसिकता को जन्म दे रहा है, जहां हर व्यक्ति बस यही सोच रहा है—"आखिर और कौन सी मुफ्त सुविधा मुझे मिल सकती है?" यह दृश्य न केवल लोकतंत्र के असली उद्देश्य से दूर जा रहा है, बल्कि आने वाले समय में इसका असर हमारे सामाजिक ढांचे पर भी दिखाई देगा।

दिल्ली जैसे महानगर में, जहां हर दूसरा व्यक्ति किरायेदार है, इस घोषणा ने एक अनकहे तनाव को जन्म दे दिया है, जो मकान मालिकों और किरायेदारों के बीच बढ़ता जा रहा है। मकान मालिक अब चिंतित होंगे कि किरायेदार मुफ्त सेवाओं का लाभ उठाकर और भी निश्चिंत हो जाएंगे, जबकि किरायेदार इसे अपनी 'मुफ्त छत' समझने में बिलकुल भी संकोच नहीं करेंगे। सवाल यह उठता है कि क्या यह राजनीति समाज को और भी ज्यादा खंडित करने का नया हथियार बन चुकी है? किरायेदारों के लिए यह घोषणा किसी सोने की चिड़िया के जैसे तोहफे से कम नहीं, वहीं मकान मालिक इसे एक नए बोझ और जिम्मेदारी के रूप में देख रहे हैं। भारत में अब चुनाव नीतियों और योजनाओं के बजाय मुफ्त सेवाओं के वादों के इर्द-गिर्द घूमने लगे हैं। यह सोचने वाली बात है कि जब सरकारें इन मुफ्त सेवाओं के लिए धन जुटाती हैं, तो इसका स्रोत आखिर है कहां से? अगर इस धन का सही इस्तेमाल शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के लिए किया जाए, तो समाज का व्यापक विकास संभव है। लेकिन 'रेवड़ी बाजार' की इस राजनीति ने दीर्घकालिक विकास और सशक्त भविष्य को पीछे धकेल दिया है।

मुफ्त चीजें हमेशा आकर्षित करती हैं, क्योंकि ये हमारी मेहनत और जिम्मेदारी को कम करने का लुभावना रास्ता दिखाती हैं। लेकिन यह सोच दीर्घकालिक विकास की राह में गंभीर अड़चन डाल देती है। जब समाज मुफ्त सेवाओं का आदी हो जाता है, तो उसकी उत्पादकता और आत्मनिर्भरता पर गहरा असर पड़ता है। किरायेदारों को मुफ्त बिजली-पानी देने की केजरीवाल की घोषणा ने लोगों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि अगली मुफ्त सेवा क्या होगी—क्या ये मुफ्त गिफ्ट पैकेज कभी खत्म होंगे? केजरीवाल की 'मुफ्तखोरी' वाली राजनीति ने दिल्ली ही नहीं, बल्कि पूरे देश में नेताओं के मन में भी एक नई प्रेरणा जगा दी है। अब हर पार्टी एक दूसरे से आगे निकलने के लिए मुफ्त वादों की झड़ी लगाने में व्यस्त हो गई है। कोई मुफ्त राशन का वादा करता है, तो कोई मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं का। लोकतंत्र का यह नया मॉडल अब एक व्यापार का रूप ले चुका है, जहां जनता को ग्राहक और वोट को उत्पाद मानकर वादों का व्यापार किया जा रहा है। यह राजनीति अब न केवल सामाजिक ताने-बाने को कमजोर कर रही है, बल्कि देश की आत्मनिर्भरता को भी एक बहुत बड़ा खतरा पैदा कर रही है।

मुफ्त की चीजें सुनने में जितनी लुभावनी और आकर्षक लगती हैं, उनकी असली कीमत समाज को लंबी अवधि में चुकानी पड़ती है। सरकारी खजाने पर बढ़ता बोझ न केवल राजकोषीय संकट पैदा करता है, बल्कि इसका असर शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर भी पड़ता है। जब सरकारी संसाधन सीमित होते हैं, तो प्राथमिकताएं बदलने लगती हैं, और दीर्घकालिक विकास को ठेंगा दिखाना पड़ता है। ऐसे में एक सोचने की बात यह है कि अगर केजरीवाल की अगली घोषणा की कल्पना की जाए, तो वह शायद 'मुफ्त ससुराल योजना' या 'नो-वर्क जॉब गारंटी' हो सकती है। यह विचार हंसी में उड़ाया जा सकता है, लेकिन वर्तमान राजनीति के परिदृश्य में कुछ भी असंभव नहीं है। कोई नहीं जानता, कल कौन सी नयी 'मुफ्त' योजना सामने आ जाए—चाहे वह 'मुफ्त सॉफ्ट ड्रिंक्स' हो या फिर 'मुफ्त सोशल मीडिया पैकेज'।

जब राजनीति में तर्क और नीति की जगह सिर्फ मुफ्तखोरी और वोट बैंक की राजनीति हो, तो कोई भी कल्पना परे नहीं रहती। मुफ्त की रेवड़ियों की यह राजनीति, भले ही जनता को तत्काल राहत दे रही हो, लेकिन इसका दीर्घकालिक प्रभाव लोकतंत्र के लिए एक गंभीर खतरा साबित हो सकता है। यह जनता की समझ पर निर्भर करता है कि वे इन लुभावने, चीनी की तरह मीठे वादों के जाल में फंसते हैं या फिर दीर्घकालिक विकास के लिए सचेत और समझदार नेताओं का चयन करते हैं। केजरीवाल की यह 'फ्रीडम सेल' न केवल समाज में मुफ्तखोरी की मानसिकता को बढ़ावा दे रही है, बल्कि लोकतंत्र को एक ऐसी मंडी में बदल रही है, जहां वादों और वोट की कीमत बेमूल्य हो चुकी है। मुफ्त सेवाओं की यह राजनीति न केवल नीतियों और विकास के मूल सिद्धांतों को दरकिनार कर रही है, बल्कि देश की आर्थिक स्थिरता और भविष्य को भी दांव पर लगा रही है। ऐसे में यह आवश्यक हो गया है कि जनता और नेता दोनों अपने कर्तव्यों को समझें, ताकि लोकतंत्र के असली मूल्य और उसके स्थायित्व को बचाया जा सके। वरना, यह राजनीति सिर्फ और सिर्फ चुनावी बाज़ार में बदल जाएगी, जहां केवल वादों का व्यापार होगा और विकास के असल मुद्दे कहीं खो जाएंगे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# युद्ध विराम समझौते का ईमानदारी से पालन जरूरी

अलग बात



**ललित गर्ग**

यह शांतिपूर्ण विश्व संरचना के लिये सुखद ही है कि करीब डेढ़ वर्ष से जारी इस्राइल-हमास संघर्ष खत्म करने के लिये युद्धविराम पर सहमति बन गई है। लेकिन इस एवं ऐसे युद्धों ने ऐसे अनेक ज्वलंत प्रश्न खड़े किये हैं कि जब युद्ध की अन्तिम निष्पत्ति टेबल पर बैठकर समझौता करना ही है तो यह युद्ध के प्रारंभ में ही क्यों नहीं हो जाता? युद्ध भीषणतम तबाही, असंख्य लोगों की जनहानि एवं सर्वनाश का कारण बनता है तो ऐसी तबाही होने ही क्यों दी जाये? खेर देर आये दुरस्त आये, इजराइल और हमास ने बुधवार को युद्ध विराम समझौते के पहले मसौदे पर सहमति जताई, जो संघर्ष को समाप्त करने की दिशा में अब तक का सबसे बड़ा एवं अहम कदम है। अन्य बातों के अलावा, 60-दिवसीय युद्ध विराम प्रक्रिया में दोनों पक्षों के बंधकों को रिहा करना, सहायता बढ़ाना, नष्ट हो चुके फिलिस्तीन का पुनर्निर्माण करना और हमलों को रोकना शामिल होगा। डेढ़ साल से अधिक समय के युद्ध के बाद, युद्ध विराम फिलिस्तीन के लोगों तथा हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों के लिए बहुत जरूरी राहत है। इसी तरह रूस एवं यूक्रेन के बीच लम्बे समय से चल रहा युद्ध भी समाप्त हो, यह शांतिपूर्ण उन्नत विश्व संरचना के लिये नितांत अपेक्षित है। क्योंकि ऐसे युद्धों से युद्धरत देश ही नहीं, समूची दुनिया पीड़ित, परेशान एवं प्रभावित होती है। इस तरह युद्धरत बने रहना खुद में एक असाधारण और अति-संवेदनशील मामला है, जो समूची दुनिया को विनाश एवं विध्वंस की ओर धकेलने देता है। ऐसे युद्धों में वैसे तो जीत किसी की भी नहीं होती, फिर भी इन युद्धों का होना विजेता एवं विजित दोनों ही राष्ट्रों को सदियों तक पीछे धकेल देता, इससे भौतिक हानि के अतिरिक्त मानवता के अपाहिज और विकलांग होने के साथ बड़ी जनहानि का भी बड़ा कारण बनता है।

इस्राइल-हमास में पिछले डेढ़ साल से चल रहे युद्ध के विराम को एक अहम कामयाबी माना जा रहा है। भले ही इस समझौते के लिये अमेरिका में सत्ता परिवर्तन के बीच संघर्ष समाप्ति का श्रेय लेने की होड़ हो, लेकिन गाजा के लोग जिस मानवीय त्रासदी से जूझ रहे थे, उन्हें जरूर इससे बड़ी राहत मिलेगी। संयुक्त राष्ट्र के तमाम प्रयासों व मध्यपूर्व के इस्लामिक देशों एवं भारत की बार-बार की गई पहल के बावजूद अब तक शांति वार्ता सिरे न चढ़ सकी थी। जिसकी कीमत करीब पचास हजार लोगों ने अपनी जान देकर चुकायी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# ईमेल, व्हाट्सएप व एसएमएस से कोर्ट के वारंट व समन की तामीली

देश की बात



**डॉ आरके जैन000**

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 64 के अनुसार अब डिजिटल प्लेटफार्म से न्यायालय के समन और वारंट भेजने का काम मध्य प्रदेश में शुरू हो गया है। मध्य प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है, जिसने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अनुसार कार्यवाही शुरू कर दी है। शनिवार को सरकार ने गजट नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। मध्य प्रदेश में इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया था। पायलट प्रोजेक्ट की सफलता के बाद शनिवार को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट जबलपुर में एक समारोह के माध्यम से इसकी शुरुआत की गई है। इस कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश अभय एस ओका, मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कैत ने (ट्रांसमिशन ऑफ वारंट और सम्मन एंड रिपोर्ट्स थ्रू इनफॉरमेशन एंड टेक्नोलॉजी) की शुरुआत की है। न्यायिक प्रणाली में समन और वारंट की तमीली कराना सबसे जटिल प्रक्रिया थी। कई महीनो और वर्षों तक उनकी तामीली नहीं हो पाती थी, जिसके कारण मुकदमों को निपटने में काफी विलंब होता था। केंद्र सरकार द्वारा भारतीय दंड संहिता के स्थान पर बीएनएसएस कानून को लागू किया गया है। इसमें धारा 64 के अंतर्गत 48 घंटे के अंदर समन और वारंट की तमीली डिजिटल एवं सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से कराने का प्रावधान किया गया है।

भारत में यह प्रक्रिया शुरू करने वाला मध्य प्रदेश पहला राज्य बन गया है। डिजिटल और सूचना प्रौद्योगिकी तकनीकी के माध्यम से इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में 10 जिलों में परीक्षण करने के बाद जो सफलता मिली, उसके बाद सबसे पहले इस व्यवस्था को मध्य प्रदेश में लागू किया गया है। इस प्रक्रिया के लागू हो जाने के बाद मध्य प्रदेश में अब न्यायिक सुनवाई तेजी के साथ हो सकेगी। एसएमएस, व्हाट्सएप और ईमेल पर सूचना भेजने को वैधानिक स्वरूप दिया जा चुका है। मध्य प्रदेश में डिजिटल तरीके से ऑनलाइन मुकदमा पेश करने की प्रक्रिया पहले से ही संचालित है। अब सूचनाओं को भी समय पर संबंधित पक्षों को 48 घंटे के अंदर भेजा जा सकेगा और उन्हें उसी समय मिल भी जाएगी। इस कारण मुकदमों की सुनवाई में तेजी आएगी। उल्लेखनीय है, मध्य प्रदेश में सबसे पहले प्रदेश के 10 जिलों में प्रायोगिक रूप से अगस्त 2024 से यह काम शुरू किया गया था। सफलता मिलने के बाद अब इसे पूरे राज्य में लागू किया जा रहा है। मध्य प्रदेश में 44 फ़ीसदी मामले इसलिए लंबित रहते थे, क्योंकि उन लंबित मामलों में कई महीनो तक समन और वारंट तामील नहीं हो पाते थे। अपराधिक मामले कई वर्षों तक लंबित बने रहते थे। संबंधित पक्षकारों को सूचना नहीं हो पाने के कारण अदालतों को मुकदमे में तारीख पर तारीख देना पड़ती थी। जिसके कारण अपराधी दंड पाने से कई वर्षों तक बचे रहते थे। वहीं न्यायालय से जारी समन की तामीली नहीं होने के कारण कई महीनो तक मामलों में सुनवाई नहीं हो पाती थी। मध्य प्रदेश में शुरु की गई इस नई व्यवस्था के परिणाम कई महीनो बाद देखने को मिलेंगे। नई प्रक्रिया अपनाने के बाद मुकदमों का निस्तारण तेजी से हो पता है, या नहीं, इसको लेकर अभी भी आशंका बनी हुई है। बहुत सारे मामलों में अभी बहुत बड़ी आबादी के पास मोबाइल फोन और इंटरनेट की सुविधा नहीं है। ऐसी स्थिति में न्यायालय कौन सा रुख अखतियार करती है यह देखने वाली बात होगी। आपराधिक मामलों में बड़ी संख्या में ऐसे अपराधी हैं, जिनके पास मोबाइल फोन नहीं होते हैं। ऐसी स्थिति में तामीली का विकल्प क्या होगा। इसको लेकर तरह-तरह की चर्चा हो रही हैं। बहरहाल जो नई व्यवस्था शुरू की गई है, उससे यह माना जा रहा है, अदालतों में मुकदमों का निराकरण जल्द से जल्द होगा। लगभग 50 फीसदी से अधिक मामलों में न्यायिक प्रक्रिया तेज होगी। अन्य राज्यों में भी यह व्यवस्था शुरू करने की तैयारी की जा रही है। मध्य प्रदेश सरकार और न्यायपालिका ने इसे सबसे पहले लागू करके यह बता दिया है। पक्षकारों को जल्द से जल्द न्याय मिले। इस नई व्यवस्था को लागू कर मध्य प्रदेश ने देशभर में अपना विशिष्ट स्थान बना लिया है। वहीं न्याय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को भी जाता दिया है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

अगहन भरे चिकोटियां, पूस भरे ललकार।
माघ किटकिटाता दिखे, मौसम भी होश्यार।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# उम्मीदें दु:ख देती हैं किसी से उम्मीद मत रखो

आपकी बात



**नरेंद्र भारती**

एक विद्वान ने कहा था की उम्मीदें दुःख देती हैं इसलिए जिंदगी में कभी भी किसी से उम्मीद मत रखो। आत्म निर्भर बनो किसी के आगे हाथ मत फेलाओ। किसी का अहसान मत लो आधी रोटी खा लेना मगर किसी से उम्मीद मत करना। नमक से खा लेना लेकिन किसी से दाल मत मांगना। अक्सर देखा गया है की लोग किसी की मदद करते हैं तो उसे ताउम्र दबाते हैं की हमने आपको रोजी रोटी दी है और मरते दम तक अहसान जताते हैं ऐसे लोग बहुत ही घटिया किस्म के होते हैं। मददगार बनिये बार बार अहसान मत जताओ। नेकी कीजिये दरिया में डाल दीजिये। कर्म करते रहिए फल की इच्छा मत कीजिये। ईश्वर अच्छा करेगा किसी की जरूरत नहीं पड़ेगी। जरूरतमंदो की सहायता कीजिये दुआएं लीजिये। पुण्य कीजिये पाप मत कीजिये। पापी लोगों को सजा जरूर मिलती है यह अटल सत्य है। आज आदमी खुदगर्ज़ व गिरगिट बन गया आधुनिक इंसान, आधुनिक इनसान खुदगर्ज व गिरगिट बनता जा रहा है। यह बहुत ही मानवीय मूल्यों की त्रासदी है इस त्रासदी को रोकना होगा ताकि इंसानियत जिन्दा रहे। दुनिया में लोगों की सोच बदलती जा रही है। निजी स्वार्थों के लिए कई जघन्य अपराध हो रहे हैं। बुराई का सर्वत्र बोलबाला हो रहा है। आज ईमानदारों को मुख्यधारा से हाशिए पर धकेला जा रहा है। गिरगिटों व बेईमानों को गले से लगाया जा रहा है। विडंवना देखिए कि आज इनसान रिश्तों को कलंकित कर रहा है। भाई-भाई के खून का प्यासा है, जमीन जायदाद के लिए मां-बाप को मौत के घाट उतारा जा रहा है। आज माता -पिता का बंटवारा हो रहा है। आज बुजुर्ग दाने- दाने का मोहताज है। कलयुगी श्रवणों का बोलबाला है। आज संतानें मां-बाप को वृद्ध आश्रमों में भेज रही हैं। शायद यह बुजुर्गों का दुर्भागय है कि जिन बच्चों की खातिर भूखे प्यासे रहे, पेट काटकर जिन्हे सफलता दिलवाई आज वही संतानें घातक सिद्ध हो रही हैं। मां-बाप दस बच्चों को पाल सकते हैं, लेकिन दस बच्चे मां-बाप का बंटवारा कर रहे हैं। साल भर उन्हें महिनों में बांटा जाता है। वर्तमान परिवेश में ऐसे हालात देखने को मिल रहे है। बेशक ईश्वर ने संसार में करोडों जीव जन्तु बनाए, लेकिन इनसान सबसे अहम कृति बनाई। लेकिन ईश्वर की यह कृति पथभ्रष्ट हो रही है। आज सड़को पर आदमी तड़फ-तड़फ कर मर रहा है। इनसान पशु से भी बदतर होता जा रहा है। क्योकि यदि पशु को एक जगह खूंटे से बांध दिया जाए, तो वह अपने आप को उसी अवस्था में ढाल लेता है। जबकि मानव परिस्थितियों के मुताबिक गिरगिट की तरह रंग बदलता है। आज पैसे का बोलबाला है। ईमानदारी कराह रही है। अच्छाई बिलख रही है,भाईचारा, सहयोग, मदद एक अंधेरे कमरे में सिमट गये हैं। आत्मा सिसक रही है। वर्तमान में अच्छे व संस्कारवान मनुष्य की कोई गिनती नहीं है। चोर उच्चकों, गुंडे, मवालिओं का आदर सत्कार किया जाता है। आज हंस भीड में खोते जा रहे हैं, कौओं को मंच मिल रहा है। हजारों कंस पैदा हो रहे हैं एक कृष्ण कुछ नहीं कर सकता। आज कतरे भी खुद को दरिया समझने लगे है लेकिन समुद्र का अपना आस्तित्व है। मानव आज दानव बनता जा रहा है। संवेदनाएं दम तोड रही हैं। मानव आज लापरवाही से जंगलों में आग लगा रहा है उस आग में हजारों जीव-जन्तु जलकर राख हो रहे हैं। जंगली जानवर शहरों की ओर भाग रहे हैं, जबकि सदियां गवाह है कि शहरों व आबादी वाले इलाकों में कभी नहीं आते थे, मगर जब मानव ने जानवरों का भोजन खत्म कर दिया। जीव-जन्तओं को काट खाया तो जंगली जानवर भूख मिटाने के लिए आबादी का ही रूख करेंगें। नरभक्षी बनेगें। आज संवेदनशीलता खत्म होती जा रही है। आज मानव मशीन बन गया है निजी स्वार्थो के आगे अंधा हो चुका है। अपने ऐशो आराम में मस्त है। दुनिया से कोई लेना देना नहीं है। संस्कारों का जनाजा निकाला जा रहा है। मर्यादाएं भंग हो रही हैं। मानव सेवा परम धर्म है। आज लोग भूखे प्यासे मर रहे हैं। दो जून की रोटी के लिए तरस रहे हैं। भूखमरी इतनी है कि शहरों में आदमी व कुते लोगों की फैंकी हुई जूठन तक एक साथ खाते हैं। आज मानव भगवान को न मानकर मानव निर्मित तथाकथित भगवानों को मान रहा है। आज मानव इतना गिर चुका है कि रिश्ते नाते भूल चुका है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## श्रीलंका दौरे से पहले स्मिथ को कोहनी में लगी चोट

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के टेस्ट दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ कोहनी की चोट के कारण चोटिल हो गए हैं, लेकिन उम्मीद है कि वह इस सप्ताह के अंत में दुबई में प्री-टूर कैंप में शामिल होंगे, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को यह जानकारी दी। सीए ने कहा कि बाएं हाथ के स्पिनर मैथ्यू कुहनेमन बिग बैश लीग (बीबीएल) में खेलते समय अपने अंगूठे में हुए फ्रैक्चर की सर्जरी के बाद ठीक हो रहे हैं, जबकि नियमित कप्तान पैट कमिंस के बाएं टखने के दर्द की रिकवरी पर विशेषज्ञ की सलाह के बाद निगरानी जारी रहेगी। शुक्रवार को बिग बैश लीग में सिडनी सिक्सर्स के लिए फील्डिंग करते समय स्मिथ को दाहिनी कोहनी में चोट लग गई। सिडनी थंडर के खिलाफ मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। रविवार को उन्हें अपने दाहिने हाथ पर कोहनी का ब्रेस पहने देखा गया, जहां 2019 में उनका ऑपरेशन हुआ था। सीए ने कहा कि चोट के बावजूद, स्मिथ इस सप्ताह के अंत में दुबई में टेस्ट टीम में शामिल होने की तैयारी कर रहे हैं, जिसके बाद आगे के विशेषज्ञ इनपुट मिलेंगे और अपडेट के बारे में जानकारी साझा की जाएगी।

## पैट राफ्टर लेवर कप में टीम वर्ल्ड के नए उप कप्तान बने



**सैन फ्रांसिस्को(आईएएनएस)।** ऑस्ट्रेलियाई टेनिस दिग्गज और पूर्व विश्व नंबर 1 पैट राफ्टर को लेवर कप के लिए टीम वर्ल्ड के उप कप्तान की भूमिका के लिए चुना गया है, जो कप्तान आंद्रे अगासी के साथ मिलकर काम करेंगे। राफ्टर अमेरिकी पैट्रिक मैकेनरो का स्थान लेंगे, जो 2017 में प्राग में उद्घाटन लेवर कप के बाद से टीम वर्ल्ड के उप कप्तान थे। लेवर कप ने एक बयान में कहा, दो बार के यूएस ओपन चैंपियन राफ्टर 19-21 सितंबर तक सैन फ्रांसिस्को के प्रतिष्ठित चेस सेंटर में होने वाले टूर्नामेंट के आठवें संस्करण में अपनी नई स्थिति में पदार्पण करेंगे। एक खिलाड़ी के रूप में, ऑस्ट्रेलियाई आइकन अपने करियर के दौरान खेल के उच्च स्तर पर एक स्थायी खिलाड़ी थे, जिसका मुख्य आकर्षण 1997 और 1998 में उनके लगातार यूएस ओपन खिताब थे। वह 2000 और 2001 में विंबलडन फाइनल में भी पहुंचे और 1999 में विश्व नंबर 1 थे।

## ऋषभ पंत का लखनऊ सुपर जायंट्स का कप्तान बनना तय

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी ऋषभ पंत का लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) का कप्तान बनना लगभग तय है। उनको एलएसजी ने नवंबर 2024 की नीलामी में 27 करोड़ रुपए में खरीदा था। पंत एलएसजी के दूसरे कप्तान होंगे। इससे पहले 2022 से 2024 तक केएल राहुल ने इस टीम की कमान संभाली थी और टीम पहले दो साल प्ले ऑफ में भी पहुंची थी। हालांकि 2024 में टीम सातवें स्थान पर रही और एक मैच के दौरान कप्तान राहुल और टीम मालिक संजीव गोयनका को टीवी पर गंभीर बहस करते हुए देखा गया। इसके बाद राहुल नीलामी की ओर बढ़ गए, जहां उन्हें इस बार पंत की पुरानी टीम दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा। यह दूसरी आईपीएल टीम होगी, जिसके पंत कप्तान होंगे। इससे पहले उन्होंने 2021, 2022 और 2024 सीजन में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी संभाली थी। 2023 में वह चोटिल होने के कारण नहीं खेल पाए थे।

# अल्काराज ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

## कार्लोस अल्काराज की कोशिशें पटरी पर बनी हुई हैं

**मेलबर्न (आईएएनएस)।** ऑस्ट्रेलियन ओपन में करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने की कार्लोस अल्काराज की कोशिशें पटरी पर बनी हुई हैं, क्योंकि जैक ड्रेपर को मेलबर्न में रविवार को चौथे दौर के मुकाबले से हटने के लिए मजबूर होना पड़ा। स्पैनियार्ड ने 7-5, 6-1 से बढ़त बनाई, जब ड्रेपर, जिन्होंने हार्ड-कोर्ट मेजर में अपने पहले तीन राउंड में से प्रत्येक में पांच सेट खेले थे, को रुकने के लिए मजबूर होना पड़ा। बाद में ड्रेपर ने बताया कि वह पूरे सप्ताह अपने कूल्हे में टेंडिनाइटिस का प्रबंधन कर रहे थे। अल्काराज अब अपने 10वें ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में हैं, जिसमें उनका मुकाबला रिकॉर्ड 10 बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच या जिरी लेहेका से होगा। कोर्ट पर अपने साक्षात्कार में अल्काराज ने कहा, मैं ऑस्ट्रेलिया में एक और क्वार्टर फाइनल में खेलने के लिए खुश हूं लेकिन जैक के लिए थोड़ा दुखी हूं, वह एक अच्छा इंसान है। वह चोटिल होने का हकदार नहीं है।
वह चोट के कारण सीजन की शुरूआत अच्छी तरह से नहीं कर सका। हमें प्रीसीजन का एक अच्छा हफ़्ता (एक साथ) बिताना चाहिए था, लेकिन हम चोट के कारण ऐसा नहीं कर सके। मैं उसके लिए थोड़ा दुखी हूं, लेकिन मुझे यकीन है कि वह और मजबूत होकर वापस आएगा और मैं उसके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करना चाहता हूं। ड्रेपर की सेवानिवृत्ति तब हुई जब अल्काराज ने रॉड लेवर एरिना के अंदर शानदार अंदाज में पहले सेट की चूक को सुधार लिया था।

तीसरे वरीय खिलाड़ी ने शुरूआत में 5-2 की बढ़त बना ली थी और जब उन्होंने गेम का निराशाजनक, अव्यवस्थित क्रम बनाया, तो वे पूरी तरह से नियंत्रण में थे, जिससे ब्रिटिश खिलाड़ी 5-5 से बराबरी पर आ गया।

हालांकि, वहां से अल्काराज ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने अगले नौ में से आठ गेम जीते, जबकि ड्रेपर, जिन्हें पहले सेट के अंत में ऑफ-कोर्ट मेडिकल टाइमआउट मिला था, मेलबर्न में अपने शुरूआती सप्ताह के वीरतापूर्ण प्रदर्शन के कारण थकान महसूस करने लगे।

## गॉफ ने बेनसिक को हराकर क्वार्टरफाइनल में बडोसा से भिड़ंत तय की

**मेलबर्न(आईएएनएस)।** नंबर 3 वरीयता प्राप्त कोको गॉफ को रविवार को ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंचने के लिए एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी की। उन्होंने रॉड लेवर एरिना में नई मां बेलिंडा बेनसिक पर 5-7, 6-2, 6-1 से जीत दर्ज की। गॉफ ने स्विट्जरलैंड की 2021 ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता बेनसिक के खिलाफ अपने राउंड-ऑफ-16 मैच में सीजन का अपना पहला सेट गंवा दिया। हालांकि, अमेरिकी खिलाड़ी ने जोरदार वापसी करते हुए 2 घंटे और 26 मिनट में जीत दर्ज की और अपने 2025 के जीत-हार के रिकॉर्ड को 9-0 तक बढ़ाया। वह 2012-2013 में विक्टोरिया अजारेंका के बाद से एक सीजन में लगातार 9-0 की शुरूआत करने वाली पहली महिला भी बनीं। डब्ल्यूटीए के अनुसार, 20 वर्षीय गॉफ 1992-1993 में मोनिका सेलेस के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाली सबसे कम उम्र की महिला भी हैं।



## सड़क दुर्घटना में मनु भाकर की नानी और मामा की मौत



**चरखी दादरी(आईएएनएस)।** देश का सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद 'खेल रत्न' मिलने के दो दिन बाद ही अंतरराष्ट्रीय शूटिंग खिलाड़ी मनु भाकर की नानी और मामा की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। यह हादसा महेंद्रगढ़ बाइपास रोड पर स्कूटी व ब्रेजा गाड़ी की टक्कर से हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर ही अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मनु भाकर के मामा और नानी की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद गाड़ी चालक फरार हो गया है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। मौके पर थाना शहर प्रभारी सहित पुलिस जांच में जुटी हुई है। दो दिन पूर्व ही मनु भाकर को राष्ट्रपति से खेल रत्न अवॉर्ड मिला था। लेकिन अब इस घटना से उनकी खुशियों पर ग्रहण लग गया है। मनु 10 मीटर एयर पिस्टल और 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में दोहरे कांस्य पदक जीतकर पेरिस में आयोजित ओलंपिक खेलों के एक ही संस्करण में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट बन गईं। टोक्यो ओलंपिक में अपने निराशाजनक अभियान के बाद, जहां वह पिस्तौल की खराबी के कारण पदक जीतने से चूक गई थी, 22 वर्षीय मनु ने पेरिस ओलंपिक में इतिहास रच दिया, वह स्वतंत्रता के बाद एक ही ओलंपिक संस्करण में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बन गई। पेरिस ओलंपिक में उसने अपना पहला पदक जीता जब उसने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य पदक जीता।

## कुलदीप चैंपियंस ट्रॉफी में मध्य ओवरों में भारत के लिए एक्स-फैक्टर होंगे : रैना

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** भारत के पूर्व ऑलराउंडर सुरेश रैना का मानना है कि बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव दुबई में होने वाली आगामी चैंपियंस ट्रॉफी में मध्य ओवरों में टीम के लिए एक्स-फैक्टर होंगे। जनवरी 2023 से, भारत ने 11-40 ओवरों में 186 विकेट लिए हैं, और यह आम तौर पर वह चरण रहा है, जब कुलदीप ने बल्लेबाजों को चकमा दिया है। नवंबर में अपनी हर्निया सर्जरी के बाद से कोई प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेलने वाले कुलदीप को शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ वनडे और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत की टीम में शामिल किया गया। जसप्रीत बुमराह की भागीदारी पर अनिश्चितता और मोहम्मद शमी के खुद अकिलीज चोट से वापसी के साथ, बहुत कुछ कुलदीप पर निर्भर करेगा, जिन्होंने 106 वनडे में 172 विकेट लिए हैं, इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों और 19 फरवरी से शुरू होने वाली आठ टीमों की चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के लिए मध्य ओवरों में अपना जादू बिखेरना है। हालांकि, अच्छी खबर यह है कि कुलदीप बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में गेंदबाजी कर रहे हैं और पूर्ण मैच फिटनेस हासिल करने के लिए अच्छी तरह से तैयार हो रहे हैं। 2013 चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली भारत की टीम के सदस्य रैना को भी लगता है कि हार्दिक पांड्या की सीम गेंदबाजी मध्य ओवरों में महत्वपूर्ण होगी। रैना ने कहा, जिस तरह से आप इसे देखेंगे, बुमराह के साथ अर्शदीप अहम भूमिका निभाएंगे, जो डैथ ओवरों में भी बहुत घातक साबित होंगे। लेकिन यहां सबसे महत्वपूर्ण भूमिका हार्दिक पांड्या की होगी, जैसे कि क्या वह कुलदीप के साथ गेंदबाजी करने आएंगे? हार्दिक, कुलदीप और अक्षर या जडेजा , क्योंकि आप बल्लेबाजी को बढ़ा सकते हैं।





## जोकोविच ने लेहेका को आसानी से हराया

**मेलबर्न(आईएएनएस)।** पूर्व नंबर एक नोवाक जोकोविच ने एक और मास्टरक्लास प्रदर्शन करते हुए रविवार को रॉड लेवर एरिना में 24वीं वरीयता प्राप्त जिरी लेहेका को 6-3, 6-4, 7-6(4) से हराया। उनकी दो घंटे, 39 मिनट की जीत का मतलब है कि उन्होंने हार्ड-कोर्ट मेजर में 15 पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। अपनी जीत के साथ, जोकोविच ने अपने महान प्रतिद्वंद्वी अल्काराज के साथ हार्ड कोर्ट पर पहली ग्रैंड स्लैम मीटिंग बुक की, जो इससे पहले जैक ड्रेपर से 7-5, 6-1 से आगे थे जब ड्रेपर अपने चौथे दौर के मुकाबले से रिटायर हो गए थे। जोड़ी की लेक्सस एटीपी हेड2हेड सीरीज में जोकोविच अल्काराज से 4-3 से आगे हैं, हालांकि अल्काराज ने मेजर में जोड़ी के तीन पिछले मुकाबलों में से दो जीते हैं। लगातार दूसरे मैच में, मेलबर्न पार्क में रिकॉर्ड 10 बार खिताब जीतने वाले इस खिलाड़ी ने संभावित रूप से खतरनाक, कठोर चेक प्रतिद्वंद्वी को आसानी से हराने के लिए शानदार प्रदर्शन किया। टॉमस मचाक के खिलाफ तीसरे राउंड की तरह, 37 वर्षीय जोकोविच ने बेसलाइन से दबदबा बनाया और लेहेका को पछाड़ दिया।

## सौराष्ट्र के अभ्यास सत्र में शामिल हुए जडेजा दिल्ली के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच खेल सकते हैं

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** बाएं हाथ के अनुभवी स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा रणजी ट्रॉफी में सौराष्ट्र की ओर से दिल्ली के खिलाफ मैच खेल सकते हैं। उन्होंने राजकोट में टीम के अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया है। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, जडेजा रविवार सुबह सौराष्ट्र की नेट प्रैक्टिस में शामिल हुए। वह उस टीम के साथ ट्रेनिंग कर रहे हैं, जिसकी कप्तानी बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट करेंगे। जडेजा को इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। जडेजा ने आखिरी बार जनवरी 2023 में रणजी ट्रॉफी में तमिलनाडु के खिलाफ सौराष्ट्र की ओर से खेला था। यह मैच उनके घुटने की चोट से उबरने के बाद पहला था, जिसमें उन्होंने आठ विकेट लिए थे। हाल ही में, उन्होंने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत की पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में से तीन मैच खेले थे। इस सीरीज में भारत 1-3 से हार गया था। इसके बाद, बीसीसीआई ने एक नई 10-पॉइंट पॉलिसी बनाई, जिसमें घरेलू क्रिकेट में खेलना अनिवार्य कर दिया गया। इसका पालन न करने पर अंतर्राष्ट्रीय चयन और केंद्रीय अनुबंध पर असर पड़ सकता है। सौराष्ट्र फिलहाल एलीट ग्रुप डी की अंक तालिका में 11 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है। उनका अगला मैच दिल्ली के खिलाफ 23 जनवरी को नीरंजन शाह स्टेडियम में होगा।






## कर राजस्व में वृद्धि के कारण 'भारत' का राजकोषीय घाटा कम होने की उम्मीद : विश्व बैंक

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** विश्व बैंक की एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, बढ़ते कर राजस्व के कारण भारत में राजकोषीय घाटा लगातार कम होने की संभावना जताई जा रही है। इस ट्रेंड को सरकार के राजकोषीय कंसोलिडेशन प्रयासों को बढ़ावा देने के रूप में देखा जा रहा है। विश्व बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है, भारत में, राजकोषीय घाटे में कमी जारी रहने की उम्मीद है, जिसका मुख्य कारण कर राजस्व में वृद्धि है। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, जहां एक ओर भारत अपनी सुधरती राजकोषीय स्थिति के साथ मजबूत स्थिति में है, दूसरे दक्षिण एशियाई देशों में राजकोषीय घाटा स्थिर रहने का अनुमान है। दूसरे दक्षिण एशियाई देशों में राजकोषीय घाटा स्थिर रहने का कारण पाकिस्तान में उच्च ब्याज भुगतान और बांग्लादेश में इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश द्वारा राजकोषीय एडजस्टमेंट की भरपाई किया जाना है। राजकोषीय परिदृश्य में सुधार के बावजूद, रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि दक्षिण एशिया में सरकारी ऋण-से-जीडीपी अनुपात उच्च बना रहेगा, हालांकि इसमें धीरे-धीरे कमी आने की उम्मीद है। लगातार उच्च उधारी लागत के कारण कई देशों में ऋण-सेवा लागत के उच्च बने रहने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है, क्षेत्र में सरकारी ऋण-से-जीडीपी अनुपात में धीरे-धीरे कमी आने की उम्मीद है, लेकिन वे उच्च बने रहेंगे। विश्व बैंक की इस रिपोर्ट में कहा गया है कि स्थिर विनिमय दरों के कारण क्षेत्र में मुद्रास्फीति में अनुमानित अवधि के दौरान नरमी आने का अनुमान है। भारत, नेपाल और श्रीलंका जैसे देशों में मुद्रास्फीति लक्ष्य सीमा के भीतर या उससे नीचे रहने की उम्मीद है।

WORLD BANK GROUP

- 2025-26 और वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 6.7 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि हो सकती है।
- भारत में सर्विस सेक्टर में निरंतर वृद्धि होगी और मैन्युफैक्चरिंग मजबूत रहेगी
- भारत, नेपाल और श्रीलंका जैसे देशों में मुद्रास्फीति लक्ष्य सीमा के भीतर या उससे नीचे रहने की उम्मीद है।

## मेडटेक सेक्टर के 2030 तक 30 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद : जेपी नड्डा



जेपी नड्डा

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने हाल ही में एक कार्यक्रम में कहा कि मेडटेक सेक्टर तेजी से बढ़ रहा है और 2030 तक इसके 30 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। केंद्रीय मंत्री ने 'आईआईएमए हेल्थकेयर समिट' में कहा, आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट आईडी, लीमेडिसिन और एआई इंटीग्रेशन जैसे डिजिटल हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार के साथ, हम स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच बढ़ा रहे हैं। इसी के साथ एक क्वालिटी वर्कफोर्स को बढ़ावा मिल रहा है और सभी के लिए चिकित्सा समाधानों में आत्मनिर्भरता और सामर्थ्य की दिशा में काम हो रहा है। केंद्रीय मंत्री नड्डा ने अपनी बात पर जोर देते हुए कहा, पिछले एक दशक में भारत के स्वास्थ्य सेवा विकास में महत्वपूर्ण उपलब्धियां शामिल हैं, जैसे मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार, जिसमें एम्स और मेडिकल कॉलेजों की संख्या में वृद्धि शामिल है; आयुष्मान भारत और मिशन इंद्रधनुष जैसी पहलों के साथ पब्लिक हेल्थकेयर को मजबूत करना, जो लाखों लोगों के स्वास्थ्य परिणामों में सुधार कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री नड्डा ने बताया कि मजबूत रोग नियंत्रण उपायों का क्रियान्वयन किया गया है, जिससे मलेरिया के मामलों में जबरदस्त कमी दर्ज हुई है और कोविड-19 महामारी से निपटने में मदद मिली है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल जेनेरिक ड्रग सप्लाई का लगभग 20 प्रतिशत पूरा करने और दुनिया के 60 प्रतिशत टीकों का उत्पादन करके भारत अब किफायती दवाओं और टीकों के मामले में ग्लोबल लीडर बन गया है।

## 2025-26 में भारत की विकास दर 7 प्रतिशत रहने का अनुमान: सीआईआई

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** बिजनेस चैंबर सीआईआई द्वारा रविवार को जारी एक सर्वे के अनुसार, निजी निवेश और रोजगार में वृद्धि से चालू वित्त वर्ष के दौरान भारत की समग्र विकास दर 6.4-6.7 प्रतिशत के आसपास स्थिर रहने की उम्मीद है। इसके अलावा, वित्त वर्ष 2026 में भारत की विकास दर बढ़कर 7.0 प्रतिशत होने की संभावना है।
सर्वे में कहा गया है कि भारत भू-राजनीतिक चुनौतियों के बीच एक 'ब्राइट स्पॉट' के रूप में उभरा है। रिपोर्ट में बताया गया है कि सरकार द्वारा शुरू की गई आर्थिक नीतियों ने अर्थव्यवस्था को दोबारा जागृत करने में मदद की है। सरकार सार्वजनिक पूंजीगत व्यय आधारित विकास पर जोर दे रही है, जो कि देश के आर्थिक विकास में मददगार बन रहा है। पिछले 30 दिनों में किए गए अखिल भारतीय सीआईआई सर्वे ने सुझाव दिया कि 75 प्रतिशत प्रतिभागियों का मानना है कि वर्तमान आर्थिक माहौल निजी निवेश के लिए अनुकूल है। सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा, सर्वे में शामिल 70 प्रतिशत फर्मों ने कहा कि वे वित्त वर्ष 2026 में निवेश करेंगी, इसलिए अगली कुछ तिमाहियों में निजी निवेश में वृद्धि हो सकती है। आर्थिक विकास के साथ-साथ रोजगार सृजन भी हाल की नीतिगत चर्चाओं में केंद्र में रहा है। 2047 तक विकसित भारत का भारत का विजन अच्छी गुणवत्ता वाली नौकरियों के सृजन की अनिवार्यता पर अच्छा प्रदर्शन करने पर टिका है। सर्वे के शुरूआती नतीजों से पता चलता है कि लगभग 97 प्रतिशत सैंपल फर्मों द्वारा 2024-25 और 2025-26 दोनों में रोजगार बढ़ाने की संभावना है। वास्तव में, प्रतिभागियों की 79 प्रतिशत फर्मों ने कहा कि उन्होंने पिछले तीन वर्षों में अधिक लोगों को जोड़ा है।

### विश्व आर्थिक मंच 2025 में शामिल होंगे अश्विनी वैष्णव, बोले

## 'दुनिया भारत की आर्थिक नीतियों को समझने के लिए उत्सुक'

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** केंद्रीय रेल और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) 2025 में भाग लेंगे। रविवार को इसकी घोषणा की गई। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्रालय के अनुसार, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव की यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना के अनुसार समावेशी विकास (इंक्लूसिव ग्रोथ) और परिवर्तनकारी विकास (ट्रांसफोर्मेटिव डेवलपमेंट) को आगे बढ़ाने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। दावोस रवाना होने से पहले केंद्रीय मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने समावेशी विकास पर ध्यान केंद्रित किया है, जो समाज के सबसे निचले तबके के लोगों के जीवन में परिवर्तनकारी बदलाव लाएगा। बैंक खातों के जरिए फाइनेंशियल इंक्लूशन से लेकर शौचालय, गैस कनेक्शन, नल का पानी जैसी आवश्यक सेवाएं प्रदान करने और ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार करने तक, यह कुछ ऐसा है जिसे दुनिया समझना चाहती है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में समावेशी विकास, सामाजिक, फिजिकल और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश और टेक्नोलॉजी के लोकतंत्रीकरण के बारे में विस्तृत चर्चा होगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा, दुनिया भारत की आर्थिक नीतियों, डिजिटल इंडिया कार्यक्रम द्वारा लाए गए डिजिटल परिवर्तन और समाज के सभी वर्गों के नागरिकों को सशक्त बनाने के लिए टेक्नोलॉजी के लोकतांत्रिकीकरण के तरीके को समझने के लिए उत्सुक है।



वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम 2025 में भारत की भागीदारी का उद्देश्य साझेदारी को मजबूत करना, निवेश आकर्षित करना और देश को सस्टेनेबल डेवलपमेंट और टेक्नोलॉजिकल इनोवेशन में ग्लोबल लीडर के रूप में स्थापित करना है। देश इस बार वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में पांच केंद्रीय मंत्रियों, तीन मुख्यमंत्रियों और कई अन्य राज्यों के मंत्रियों को भेज रहा है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के अनुसार, 20 जनवरी से शुरू होने वाली पांच दिवसीय बैठक में विकास को फिर से शुरू करने, नई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करने और सामाजिक और आर्थिक लचीलेपन को मजबूत करने के तरीकों पर विचार किया जाएगा।

## ऑटो एक्सपो 2025 में भारत की पहली उड़ने वाली टैक्सी का प्रोटोटाइप हुआ पेश

**नई दल्ली (आईएएनएस)।** 'भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025' में देश की पहली प्रोटोटाइप एयर टैक्सी को पेश किया गया। इस टैक्सी को 'शून्य' नाम दिया गया है।
इस लक्ष्य के लिए प्रिसिजन मैन्युफैक्चरिंग फर्म सोना एसपीईईडी ने बेंगलुरु स्थित सरला एविएशन के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। सरला एविएशन भारत के सबसे बेहतरीन इलेक्ट्रिक वर्टिकल टेक-ऑफ और लैंडिंग (ईवीटीओएल) विमान विकसित करती है। केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने सरला एविएशन बूथ का दौरा किया और उड़ने वाली टैक्सी के प्रोटोटाइप में गहरी दिलचस्पी दिखाई और इसे ऐतिहासिक बताया। यह समझौता सोना एसपीईईडी को देश में अर्बन एयर मोबिलिटी में क्रांति लाने में एक प्रमुख भागीदार के रूप में स्थापित करता है। सोना एसपीईईडी के सीईओ चोको वलियाप्पा ने कहा, यह साझेदारी एयरोस्पेस इनोवेशन के हब रूप में सोना एसपीईईडी के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है। समझौता ज्ञापन के तहत, सोना एसपीईईडी कर्नाटक में अपनी अत्याधुनिक फैसिलिटी का इस्तेमाल सरला एविएशन के ईवीटीओएल विमान के लिए मोटर और लैंडिंग गियर जैसे क्रिटिकल कम्पोनेंट्स को डिजाइन और निर्माण करने के लिए करेगी।

### जिला के सभी प्रखंडो में विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

# सरकार व न्यायालय के योजनाओं को पहुंचाना हमारा लक्ष्य : मनोज

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) रांची के निर्देशानुसार, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष-जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार मनोज कुमार सिंह, उपायुक्त-सह-उपाध्यक्ष-जिला विधिक सेवा प्राधिकार, उत्कर्ष गुप्ता के नेतृत्व में जिला के सभी प्रखंडों में विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सभी प्रखडं मुख्यालयों, जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल लगाकर लाभुकों को योजनाओं का लाभ दिया गया। साथ ही साथ योग्य लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया गया। इस शिविर के आयोजन का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को शिविर के माध्यम से लाभान्वित कराना था।

इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्रधिकार मनोज कुमार सिंह ने कहा कि इस शिविर के आयोजन का मुख्य उद्देश्य है जिला के अंतिम व्यक्ति तक राज्य सरकार एवं विधिक सेवा प्राधिकार के योजनाओं को पहुंचाना। उन्होंने आम जनता को संबोधित करते हुए कहा कि जिला के हर व्यक्ति को उचित लाभ मिले, वह अपने मौलिक अधिकार का उपभोग सही तरीके से करे इसके लिए न्यायालय हमेशा आपके साथ है। इसी उद्देश्य से आज झालसा द्वारा जिला के सभी थानो में, प्रखंडों में और 09 पंचायतों में कानूनी सहायता केन्द्र खोले गये है। इसमें प्रधिकार द्वारा पारा लीगल वोलंटियरस की नियुक्ति की गई है। उन्होने कहा कि कभी भी किसी तरह की कानूनी सहायता के लिए आप सिविल कोर्ट में आ सकते हैं, आपका हर संभव मदद किया जायेगा। श्री सिंह ने उपस्थित जनों को यातायात नियमों के पालन करने सहित अन्य नियमों के पालन करने की अपील की। उन्होंने बच्चों को पढ़ाने-लिखाने के लिए भी अभिभावको को प्रेरित किया। इसके साथ ही उन्होने मासिक लोक अदालत एवं राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी देते हुए छोटे मोटे वादो का निपटारा लोक अदालत के माध्यम से करा लेने की अपील की। इस अवसर पर श्री सिंह ने लीगल ऐड डिफेंस कॉउसिंल, पीड़ित मुआवजा स्कीम, कोर्ट फी एवं नालसा स्कीम के बारे में भी आम जनों को बताया।

उपायुक्त सह-उपाध्यक्ष-जिला विधिक सेवा प्राधिकार, उत्कर्ष गुप्ता ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस शिविर का उद्देश्य लोगों को उसके कानूनी अधिकार के प्रति जागरूक एवं शिक्षित करना है। साथ ही साथ सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक कर लोगों को लाभ पहुंचाना है। आगे उन्होंने कहा कि शिक्षित बने और जागरूक हों।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने अपने संबोधन में लोगों को अपने आसपास घटित अपराधों के नियंत्रण हेतु जागरूक होने एवं कानूनी सहायता लेने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने अपराध की घटना की जानकारी निकटवर्ती थाना को देने की बात कही।




#### सभी विभागो के लगाए गए थे स्टॉल

जिला के सभी प्रखंडों में आयोजित इस मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर में श्रम विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, समाजिक सुरक्षा विभाग, जिला कल्याण, बाल कल्याण समिति, जिला जन संपर्क, आपूर्ति विभाग एवं जेएसएलएस लातेहार आदि के द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों को लाभान्वित किया गया।

#### लाभुकों को आवास, पेंशन और दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल सहित अन्य योजनाओं का मिला लाभ, पशुपालन किट का हुआ वितरण

जिला के सभी प्रखंडों में हुए इस शिविर में विभिन्न विभागों के द्वारा सैकड़ो लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना, कंबल, जॉब कार्ड, हरा राशन कार्ड, दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल, छड़ी, कृषि यंत्र, पशुपालन किट, बीज, पेंशन स्वीकृति पत्र, दाखिल खारिज स्वीकृति पत्र आदि लाभुकों को प्रदान किया गया। स्कूली छात्राओं के बीच गुरुजी क्रेडिट कार्ड का वितरण किया गया। इसके अलावा सैकड़ो छात्र-छात्राओं के बीच साईकिल का भी वितरण हुआ। लातेहार जिला के सभी प्रखंडों में आयोजित इस विधिक सशक्तिकरण शिविर में व्यवहार न्यायालय लातेहार के सभी न्यायिक पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई थी। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह, उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने लातेहार प्रखंड में आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व किया। मौके पर लातेहार प्रखंड में कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राजीव आन्नद, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, अपर समाहर्ता रामा रविदास, जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### बिजली तार में फंसकर आधा दर्जन पोल गिरा 4 घायल, 1 गंभीर

**मझिआंव।** मझिआंव थाना क्षेत्र के बूढ़ी खाड़ गांव में महेंद्र यादव के घर के पास रविवार को शुबह11बजे मिलर के पिछले हिस्से में बिजली का तार फंस जाने से आधा दर्जन पोल गिर गया। इस दौरान इसके चपेट में आने के कारण बच्ची और महिला समेत चार लोग घायल हो गए। घायलों में बीडीसी पति अशोक यादव की पुत्री कक्षा 07की काजल कुमारी13वर्ष,रामाशीष यादव के पुत्र अभिषेक कुमार 05वर्ष,स्व रामजन्म यादव के पुत्र महेंद्र यादव 35वर्ष, एवं बुधनी कुँवर(पति स्व हरिहर यादव)85वर्ष के नाम शामिल हैं। इनमें काजल की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। उसका पैर टूट जाने की खबर है। उसे मझिआंव रेफरल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक द्वारा बेहतर चिकित्सा हेतु सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया।

### रमना सड़क दुर्घटना में लूना सवार की हुई मौत

**रमना।** रविवार को बहियार मोड़ पर दिल दहला देने वाली सड़क दुर्घटना हुई, जिसमे लूना सवार की चीथड़े उड़ गये। जानकारीनुसार मृतक अंगूठी बेच कर अपना परिवार का भरण पोषण करता था रविवार के लूना नंबर जेएच 03A R 4612 से वंशीधर नगर हनुमान मंदिर से लिफ्ट लेकर रमना की तरफ आ रहा था, इसी क्रम में पीछे से तेज गति से आ रही हाइवा यूपी 64 आरटी 5294 ने पीछे धका मारा और लूना सवार पीछे बैठे अर्जुन लालदेव 59 वर्ष पिता नीलाम्बर लालदेव ग्राम अटहर गोट थाना बहेड़ी जिला दरभंगा बिहार को कुचलते हुए भाग निकला जिसमें लूना चालक तो बच्च गया लेकिन पीछे बैठे व्यक्ति की घटना स्थल पर ही हो गयी।

### दो अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बारियातू।** एनडीपीएस एक्ट के तहत दो अभियुक्त को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया की बारियातु व बालूमाथ कांड संख्या - 227/19, दिनांक - 24.10.19, धारा - 15(c)/22/29 नडीपीएस एक्ट एवं बारियातू थाना कांड संख्या - 77/24, दिनांक -28.12.24 , धारा -15(c)/18(b)/22/25/27 नडीपीएस एक्ट के नामजद अभियुक्त नंदकिशोर गंझु पिता - पचन गंझु ग्राम - कर्माटांड़, थाना - बारियातू तथा बारियातू थाना कांड संख्या - 27/23, दिनांक-24.03.23, धारा - 15(c)/18(b)/22/25/27 नडीपीएस एक्ट के नामजद अभियुक्त जीतन गंझु पिता - बंधु गंझु , ग्राम पंचफेड़ी, थाना बारियातू जिला लातेहार दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है, दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

## पेज एक के शेष

### मताधिकार से लोकतांत्रिक...

उन्होंने कहा कि हजारों वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में कहीं कोई भेदभाव या जातिवाद नहीं है, तभी तो कुंभ को एकता का महाकुंभ कहा जाता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार उत्तर भारत में प्रयागराज, उज्जैन, नासिक और हरिद्वार में कुंभ का आयोजन होता है। इसी प्रकार दक्षिण में गोदावरी, कृष्णा, नर्मदा और कावेरी नदी के तटों पर पुष्करम का आयोजन होता है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में गंगा सागर मेले में संक्रांति के अवसर पर पूरी दुनिया से आए लाखों श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। वर्ष-2025 में भारत की अंतरिक्ष में ऐतिहासिक उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस पर हम सभी भारतीयों को गर्व करना चाहिए। उन्होंने इस दौरान भारतीय स्पेस टैक स्टार्टअप बेंगलुरु के पिक्सेल के बारे में बताया जिसने भारत का पहला निजी सैटेलाइट कांस्टेलेशन फायरफ्लाई सफलतापूर्वक पर लॉन्च किया है। मन की बात में इस बार भी प्रधानमंत्री ने पर्यावरण की दृष्टि से देशभर में हो रहे सराहनीय कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि असम के नौगांव में हाथियों से जुड़ी कई घटनाएं होती थी। इसको देखते हुए गांव वालों ने हाथी बंधु नाम से एक टीम बनाई और करीब 800 बीघा बंजर भूमि को घास युक्त किया। इसके चलते हाथियों का आबादी और खेतों में जाना काम हो गया। प्रधानमंत्री ने टायर टू और टायर थ्री शहरों में लगातार बढ़ते स्टार्टअप्स कल्चर की सराहना की। उन्होंने कहा कि कुछ दिनों में स्टार्टअप इंडिया के 9 साल पूरे हुए हैं। यह हर हिन्दुस्तानी के लिए खुशी का विषय है। अंबाला, हिसार, कांगड़ा, चैंगलपट्टू, बिलासपुर, ग्वालियर और वाशिम जैसे शहरों में स्टार्टअप के केंद्र बन रहे हैं। नागालैंड राज्य में भी पिछले साल स्टार्टअप रजिस्ट्रेशन में 200 से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। समाज सेवा से जुड़े हुए कार्यों को प्रधानमंत्री अक्सर मन की बात में स्थान देते हैं। इसी क्रम में उन्होंने अरुणाचल प्रदेश में दीपक नाबाम की कोशिश का उल्लेख किया। नाबाम ने वंचित, हिंसा पीड़ित, बेसहारा और नशे की लत के शिकार लोगों को की देखभाल के लिए एक संस्था बनाई है। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के अंत में नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि दी। 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती है। इस दिन को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रधानमंत्री ने अपने कार्यक्रम में उनके पराक्रम से जुड़ी हुई एक कहानी का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सुभाष बाबू एक विजनरी नेता थे, उनके स्वभाव में साहस रचा बसा था और वह कुशल प्रशासन भी थे।

### मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज...

का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की। वहीं, प्रशासनिक टीम ने हॉस्टल में नशा और अवैध गतिविधियों की सूचना पर कार्रवाई की बात कही। एसडीओ सुलोचना मीणा ने बताया कि हॉस्टल में नशे का सामान और संदिग्ध सामग्री मिलने की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों और जिला उपायुक्त को सौंपी जाएगी। उन्होंने बताया देखिए कॉलेज में नशा कर मारपीट करने की शिकायत पर उत्पाद विभाग की टीम के साथ में जांच में पहुंची थी जिसमें कई शराब की बोतल है गांजा और कई संदिग्ध सामग्री मिली है। जांच के क्रम में कॉलेज के छात्राएं एकजुट होकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे और गेट में ताला जड़ दिए जिससे प्रशासनिक कार्य में बाधा उत्पन्न हुआ। इन सब की रिपोर्ट वरीय अधिकारियों को प्रेषित की जाएगी। उच्च अधिकारियों के निर्देश के आलोक में अग्रतार कार्रवाई की जाएगी।

**छात्रों ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा आवेदन :** मेडिकल छात्रों ने इस मामले में पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर निष्पक्ष जांच की मांग की। छात्रों ने आरोप लगाया कि प्राचार्य जानबूझकर छात्रों को प्रताड़ित करते हैं और अनुचित सवाल पूछते हैं, जिससे छात्र असहज महसूस करते हैं। बहरहाल, मेडिकल कॉलेज में इस तरह की घटनाएं समाज में डॉक्टरों की छवि और शिक्षा प्रणाली पर सवाल खड़े करती हैं। भविष्य के डॉक्टरों का इस प्रकार का व्यवहार न केवल शिक्षा व्यवस्था पर धब्बा है, बल्कि यह भविष्य में उनके पेशेवर रवैये पर भी गंभीर असर डाल सकता है। पलामू का यह मेडिकल कॉलेज अब राष्ट्रीय स्तर पर आलोचना का केंद्र बन गया है।

### 3 लोगों की...

की ओर फसलों की देखभाल और खेतों में मजदूरी करने जा रहे थे। इसी दौरान अचानक नाव अनियंत्रित होकर गंगानदी में नाव पलट गयी। नाव पर 17 लोग सवारः हादसे की एक बड़ी वजह नाव की क्षमता कम होना बतायी जाती है। जानकारी के अनुसार इसे नाव नहीं बल्कि एक डेंगी(छोटी नाव) कहा जाता है। ओवरलोडिंग होने की वजह से डगमगा कर नदी में पलट गयी। नाव पर करीब 17 लोग सवार थे जिसमें तीन की मौत हो गयी। चार लोगों को ज्यादा पानी पी लेने की वजह से बेदम हालात में स्थानीय अमदाबाद प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया हैं। लापता दस लोगों की खोजबीन की जा रही हैं। छानबीन में जुटी पुलिसः घटना को लेकर कटिहार पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा ने बताया कि घटनास्थल पर स्थानीय थाना को भेजा गया है। जो मृतकों के शव बरामद हुए हैं उसकी शिनाख्त की जा रही है। अग्रेतर कार्रवाई करते हुए शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया की जा रही हैं।

### यात्री बस दुर्घटनाग्रस्त...

घायलों में बस का कंडक्टर फुसरो निवासी मनोज कुमार पंडित, अरजरी गांव निवासी सन्नी कुमार पिता सुरेश लाल, फुसरो निवासी बजरंग नोनिया, खरिका गांव निवासी शांति देवी, बीरबल नोनिया, रूनिया देवी, हीरालाल हांसदा आदि शामिल हैं। घायलों को इलाज के लिए हजारीबाग स्थित शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में दाखिल कराया गया है। तीनों मृतकों के शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजे गए हैं।

### 'इंडिया स्टेट' बयान...

अब हम भाजपा, आरएसएस और इंडियन स्टेट से लड़ रहे हैं। दरअसल, 13 जनवरी को राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख ने इंदौर में एक कार्यक्रम के दौरान कहा था कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को प्रतिष्ठा द्वादशी के तौर पर मनाया जाना चाहिए। इसे ही भारत का 'सच्चा स्वतंत्रता' दिवस मानना चाहिए।

राहुल का बयान चुनावी हार की हताशा का परिणाम : गुवाहाटी हाईकोर्ट के वकील और शिकायतकर्ता मोनजीत चेतिया ने कहा कि राहुल गांधी की का बयान बार-बार चुनावों में मिल रही हार की हताशा का नतीजा है। विपक्ष के नेता के तौर पर राहुल पर लोकतांत्रिक संस्थाओं में जनता का विश्वास बनाए रखने की जिम्मेदारी है, लेकिन वे झूठ फैलाने और विद्रोह भड़काने का काम कर रहे हैं। चेतिया ने कहा, लोकतांत्रिक तरीकों से जनता का विश्वास हासिल करने में नाकाम होने के बाद, वह अब केंद्र सरकार और भारतीय राज्य के खिलाफ असंतोष भड़काने की कोशिश कर रहे हैं।

**बिहार में भी दर्ज हुआ था मामला :** इससे पहले, बिहार के समस्तीपुर जिले रोसरा कोर्ट ने राहुल गांधी के विरोध में परिवाद दायर किया था। परिवादी ने इसे देशद्रोह बताते हुए कोर्ट से आजीवन कारावास की मांग की है। कोर्ट 17 फरवरी को इस मामले की सुनवाई करेगी। रोसरा थाना क्षेत्र के ही सोनूपुर गांव निवासी सुरेंद्र चौधरी के पुत्र मुकेश चौधरी ने यह परिवाद दायर किया है।

## न्यूज बॉक्स

### सउदी अरब में मरे युवक के परिजनों से मिले पूर्व मंत्री, शव मंगाने का दिया आश्वासन



**पलामू (हि.स.)।** सउदी अरब में मृत पलामू के डालटनगंज के युवक सद्दाम हुसैन के परिजनों से रविवार को पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी मिले। शव मंगाने के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। मजदूरी करने के सिलसिले में सउदी अरब गए डालटनगंज के मुस्लिम नगर के सद्दाम की 17 जनवरी को मौत हो गयी है। घटना के 48 घंटे बीत गए हैं। परिजन शव लाने के लिए लगातार गुहार लगा रहे हैं। जिला प्रशासन, केन्द्र एवं झारखंड सरकार से गुहार लगायी है। इस बीच घटना की सूचना मिलने पर पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी मेदिनीनगर के मुस्लिम नगर स्थित मृत युवक के घर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात की। उन्हें सांत्वना दिया। उन्होंने कहा कि हम परिवार के साथ हैं और उनकी पूरी कोशिश होगी कि सद्दाम की डेड बॉडी को डालटनगंज लाई जाए। पूर्व मंत्री ने झारखंड के श्रम मंत्री से बात की और फिर भारतीय दूतावास के माध्यम से डेड बॉडी मंगाने के लिए जरूरी पहल करने की बात कही। इधर परिजनों ने रविवार को पलामू के श्रम अधीक्षक को आवेदन देकर घटना की पूरी जानकारी दी है और डेड बॉडी मंगवाने के साथ-साथ प्रभावित परिवार को मुआवजा देने का आग्रह किया है। मृतक की पत्नी हेना परवीन ने कहा है कि सद्दाम ही परिवार में एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। जुलाई 2024 को मजदूरी करने के लिए सऊदी अरब की कंपनी में नियमानुसार गए हुए थे। अचानक 17 जनवरी को उनकी मौत हो गई।

### अवैध अफीम की खेती को ट्रैक्टर और जेसीबी से रौंदा गया, दहशत में अफीम तस्कर



**चतरा।** पुलिस और वन विभाग को अवैध अफीम की खेती के खिलाफ जिले में चलाए जा रहे अभियान में लगातार सफलता मिल रही है। डीजीपी के निर्देश पर अफीम के खिलाफ जागरूकता और विनष्टिकरण अभियान के बाद पुलिस और वन विभाग की टीम के द्वारा लगातार कार्रवाई भी की जा रहा है। इससे अफीम कारोबारियों में दहशत का माहौल है। इसी क्रम में रविवार को पुलिस और वन विभाग टीम ने हंटरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के लूटा और कोलवा गांव के 3 एकड़ वन भूमी और 2 एकड़ गैर वन भूमि व संजनी गांव पाडे पोखर, एकचटवा, सजनी स्कूल के पास 2 एकड़ में लगे अवैध अफीम की खेती को ट्रैक्टर और जेसीबी से रौंद दिया है। प्रभारी वनपाल मनीष कुमार ने बताया कि वन क्षेत्र पदाधिकारी सूर्यभूषण कुमार के निर्देश पर यह करवाई कि गई है। लगातार जागरूकता अभियान चलाए जाने के बावजूद तस्कर बाज नहीं आ रहे हैं। लोगों से अपील है कि यदि कोई खेती कर भी लिया है तो स्वेच्छा से फसल नष्ट कर दें। अन्यथा एनडीपीएस के तहत लोगों को चिन्हित कर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। तस्करों को किसी भी हाल में बक्शा नहीं जाएगा।

### महुआडांड़ में पुलिस और वन विभाग के संयुक्त अभियान में लकड़ी तस्कर गिरफ्तार

**महुआडांड़।** महुआडांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत सोहर पाठ जंगल में पुलिस और वन विभाग द्वारा अभियान चलाकर जावेद अंसारी पिता कयूम अंसारी ग्राम लुरगुमी को पांच पीस चौखट पटरा और एक मोटरसाइकिल तस्कर को सुबह गिरफ्तार कर जेल भेजा। इस टीम में थाना प्रभारी अवनीश कुमार और वन पाल कुँवर गंझू के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया था।

### शैक्षणिक भ्रमण पर निकले 61 स्कूली बच्चें

**हरिहरगंज।** शहर से सटे महाराजगंज स्थित विक्टोरिया मेमोरियल पब्लिक स्कूल के 61 स्कूली बच्चें शैक्षिक भ्रमण पर निकले। इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय कुमार सिंह ने बताया कि कक्षा 4 से 10 वीं तक के छात्र-छात्राएं सुरक्षित बस से एकदिनी शैक्षणिक भ्रमण के लिए बेतला नेशनल पार्क, मिर्चाइया जलप्रपात, शुगा जलप्रपात एवं लौथ जलप्रपात आदि स्थलों का भ्रमण करेंगे। साथ ही बताया कि शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य बच्चों के मानसिक और बौद्धिक क्षमता का सर्वांगीण विकास करना है। समय-समय पर ऐसे आयोजन से बच्चों में किताबी ज्ञान के अलावा भी बाहरी ज्ञान अर्जित करने में सहायक सिद्ध होगी।

### जंगली जानवर के शिकार के लिए लगाया गया बम फटा

## चरवाहे के एक हाथ की 3 उंगलियां उड़ी

नवीन मेल संवाददाता

**पलामू (हि.स.)।** पलामू में बम की चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। बम मवेशी के शिकार के लिए लगाया गया था, मगर मवेशी चराने गया व्यक्ति के हाथ में बम फट गया। बम से जगदीश बैठा के हाथ की तीन उंगलियां उड़ गई हैं। घटना नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र की रिसियप्पा गांव के जंगल में शनिवार की देर शाम हुआ। जगदीश अपने मवेशियों को लेकर जंगल में चराने गया था। इसी क्रम में जंगल में वह जिस स्थान पर बैठा था वहां पलाश के पत्ता का ढेर था। पत्तों पर हाथ रखने के साथ ही



विस्फोट हो गया। जख्मी हालत में जगदीश अपने घर पहुंचा तो लोगों को घटना की जानकारी हुई।

परिजन उसे इलाज के लिए छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल ले गए। रविवार को प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया है। नौडीहा बाजार के थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी ने रविवार को बताया कि जंगली जानवर के शिकार के लिए किसी ने बम लगाया था। लेकिन बम की चपेट में ग्रामीण आ गया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है और बम लगाने वाले व्यक्ति का पता लगा रही है। जंगली इलाकों में जानवरों के शिकार के लिए लोग देसी बम का इस्तेमाल करते हैं। कई बार जंगली स्थानीय ग्रामीण इसके चपेट में आ जाते हैं।

## विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**बारियातू।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार की ओर से रविवार को बारियातु प्रखंड मुख्यालय सभागार परिसर में विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि माननीय अपर जिला सत्र न्यायाधीश संजय कुमार दुबे प्रखडं विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवन, अंचलाधिकारी नंद कुमार राम, थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख निशा सहादेव उपस्थित हुए। मंच का संचालन प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी केतन गुप्ता ने किया। अपर जिला सत्र न्यायाधीश संजय कुमार ने उपस्थित लोगों को विधिक संबन्धि कई महत्वपूर्ण जानकारी दी । उन्होने कहा कि- कानुन अधिकार व कर्तव्य दोनों का




समिस्त्रन है, केस करना अधिकार है तो गवाही हमारा कर्तव्य है ,लोग कानुन की जानकार नही होने के कारण सही जगह अपनी बात नही रख पाते है । हमारे देश में विवादों से निपटारा के लिए तीन स्तर पर आपसी विवाद को सहमति से निपटारा के लिए सरकार कानूनी स्तर पर लोगों को मदद कर रही है। हमारे देश में बहुत से ऐसे लोग हैं जिन्हें केस मुकदमा में कानूनी जानकारी नहीं होने के कारण अपने विवादों को नहीं निपटा पाते हैं। केस को निपटारा करने के लिए प्रखण्ड क्षेत्र मे बनाए गए पीएलवी के माध्यम से आप लोग सूचना करके अपना जानकारी प्राप्त कर सकते है। शिविर के माध्यम से कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के बीच 4 साइकिल, जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। अबुआ आवास,जन्म प्रणाम पत्र , मनरेगा जॉब कार्ड, पेंसन, मनेणा पूर्णता प्रमाण पत्र, पीएम आवास, योजना के लिए लाभुकों के बीच स्वीकृति प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इसके अलावे लगान रसीद सहित मक्का बीज भी वितरण किया गया।

### पीसीसी सड़क निर्माण का हुआ शिलान्यास

**हरिहरगंज ।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या 10 अंतर्गत अंबा गांव के समीप देवी स्थान से आरइओ रोड़ तक रविवार को पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इस दौरान हरिहरगंज-हुसैनाबाद के क्षेत्रीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव के निर्देश पर राजद प्रखंड अध्यक्ष महेन्द्र यादव और संवेदक अजय सिंह के साथ ही कई राजद और झामुमो नेताओं की मौजूदगी में विधिवत् पूजा अर्चना के बाद नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष महेन्द्र यादव ने कहा कि सड़क के निर्माण होने से मोहल्ले वासियों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी। उन्होंने कार्य के संवेदक से गुणवत्ता पूर्ण सड़क निर्माण करने का सुझाव दिया। इस अवसर पर बुधन सिंह यादव, महादेव यादव, जेएमएम जिला उपाध्यक्ष अतहर हुसैन, हीरालाल यादव, राजकुमार पासवान , इंजीनियर संजय यादव, सूरज यादव के अलावे कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### दंबग ग्रामीण पर श्मशान घाट का रास्ता रोकने का आरोप

## ग्रामीणों का विरोध, 4 घंटे बाद जला शव

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के आरागुंडी पंचायत के पाहन टोला में शमशान घाट पहुंच पथ को अवरुद्ध करने का ग्रामीणों ने आनंद भुईयां पर आरोप लगाया है। ग्रामीण मुकेश अगेरिया, मोतीलाल यादव, कुश कुमार यादव,संगीता देवी, राजेश अगेरिया, रजंती देवी समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि आरागुंडी निवासी आनंद भुईयां के द्वारा मनरेगा योजना से गलत तरीके से



मुर्गी शेड का निर्माण श्मशान घाट जाने वाले रास्ते के बीचों-बीच करा दिया गया था। जिसके कारण अंतिम संस्कार को लेकर शमशान तक जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। हालांकि बाद में बीडीओ समेत अन्य अधिकारियों को आवेदन देने के बाद मुर्गी शेड के निर्माण पर रोक लगा दिया गया। लेकिन निर्माण सामग्री उक्त मार्ग पर होने के कारण लोग श्मशान तक नहीं पहुंच पाते है। यह मामला रविवार को तुल पकड़ लिया। पाहन टोला निवासी शिव नारायण अगेरिया की मौत हो गई थी। जिसका अंतिम संस्कार करने के लिए शमशान घाट तक जाना था। परंतु श्मशान घाट जाने वाले मार्ग पर निर्माण सामग्रियां होने के कारण मार्ग अवरुद्ध देख ग्रामीण भड़क गए। हालांकि इस दौरान ग्रामीणों ने अंचल अधिकारी को संपर्क करने का भी प्रयास किया। ग्रामीणों ने मुखिया रवि भगत समेत अन्य ग्रामीणों के सहयोग से निर्माण सामग्रियों को हटाया और उसके बाद स्व.शिव नारायण अगेरिया का अंतिम संस्कार किया गया।

## हमास ने सौंपे बंधकों के नाम, गाजा में आठ की जान गई

# इस्राइल ने कहा: समझौता लागू करने में हुई देरी

**एजेंसी**

**तेल अवीव।** इस्राइल-हमास के बीच हुए समझौते को लागू करने में फंसा पेच अब दूर हो गया है। दो घंटे की देरी के बाद हमास ने इस्राइल को तीन बंधकों के नाम सौंप दिए हैं। इसके साथ ही इस्राइल-हमास संघर्ष विराम समझौता लागू हो गया है। समझौता लागू करने में देरी को लेकर इस्राइल ने हमास को जिम्मेदार ठहराया। इस्राइल ने कहा कि युद्ध विराम समझौता सुबह 11:15 बजे (स्थानीय समयानुसार ) लागू हो गया। वहीं इस्राइल की ओर से गाजा में किए गए हमलों में आठ लोगों की मौत हो गई। इस्राइल-हमास के बीच छह हफ्ते तक चलने वाले पहले चरण का संघर्ष विराम रविवार सुबह 8.30 बजे से लागू होना था। समझौता लागू करने से पहले इस्राइल की ओर से कहा गया कि जब तक हमास रिहा होने वाले बंधकों के नाम नहीं सौंप देता, तब तक संघर्ष विराम शुरू नहीं होगा। वहीं हमास ने कहा कि तकनीकी कारणों से नाम सौंपने में देरी हो रही है। वह युद्ध विराम समझौते के लिए प्रतिबद्ध है।

दो घंटे बाद हमास की ओर से तीन बंधकों के नाम इस्राइल को सौंपे गए। इसमें तीन महिलाओं के नाम शामिल हैं। इनको सात अक्टूबर 2023 को बंधक बनाया गया था। उधर, हमास की ओर से नाम मिलने में हो रही देरी के बीच इस्राइल ने गाजा पट्टी में हवाई हमले किए। इसमें आठ लोगों की मौत हो गई। दक्षिणी गाजा शहर के खान यूनिस में नासिर अस्पताल ने हमले में लोगों की मौत की पुष्टि की। इस्राइल ने कहा कि हमास ने रिहा किए जाने वाले बंधकों के नाम नहीं बताकर संघर्ष विराम की शुरूआत में देरी की। युद्धविराम शुरू होने के लगभग दो घंटे बाद हमास ने नाम सौंपे।

### पहले चरण में रिहा किए जाएंगे 33 बंधक

समझौते के तहत हमास पहले चरण में 33 बंधकों को रिहा करेगा और बदले में इस्राइल 700 फलस्तीनी कैदियों को मुक्त करेगा। दोनों पक्ष अपने सबसे घातक व विनाशकारी संघर्ष को समाप्त करने के एक कदम और करीब पहुंच रहे हैं।



### बेंजामिन नेतन्याहू ने दी थी चेतावनी

गाजा में युद्ध विराम समझौते से पहले इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास के चेतावनी दी थी। इस्राइल ने कहा था कि इस्राइल को जंग फिर से शुरु करने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि जब तक उन्हें हमास की ओर से रिहा होने वाले बंधकों की सूची नहीं मिल जाती, तब तक वे समझौते पर आगे नहीं बढ़ पाएंगे। नेतन्याहू ने कहा था कि इस्राइल समझौते का उल्लंघन बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगा। हमास इसके लिए जिम्मेदार होगा। जरूरत पड़ी तो इस्राइल अमेरिका के समर्थन से फिर से युद्ध शुरु कर सकता है।

### विरोध में दक्षिणपंथी पार्टी ने छोड़ा साथ

इस्राइल-हमास के बीच हुए युद्ध विराम समझौते के विरोध में दक्षिणपंथी पार्टी ओत्जमा येहुदित ने नेतन्याहू सरकार का साथ छोड़ दिया। पार्टी के नेता और इस्राइल के राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों के मंत्री इटमार बेन ग्वीर कहा कि उनकी पार्टी के कैबिनेट मंत्रियों ने अपना इस्तीफा सौंप दिया। हालांकि नेतन्याहू की सरकार पर यहूदी पार्टी ओत्जमा येहुदित के अलग होने का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। इससे न तो गठबंधन टूटेगा और न ही युद्ध विराम समझौता प्रभावित होगा।

### सीजफायर समझौते के खिलाफ तीन मंत्रियों का इजरायली सरकार से इस्तीफा


**तेल अवीव (आईएएनएस)।** गाजा में कुछ घंटों की देरी के बाद रविवार सुबह 1.15 बजे (स्थानीय समय/ 09: 15 जीएमटी) युद्धविराम लागू हो गया। इस बीच गाजा सीजफायर समझौते के विरोध में तीन मंत्रियों ने रविवार को इजरायली सरकार से इस्तीफा दे दिया। तीनों मंत्री दक्षिणपंथी ओत्जमा यहूदित पार्टी से संबंध रखते हैं। 'टाइम्स ऑफ इजरायल' की रिपोर्ट के मुताबिक राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इटमार बेन ग्वीर, विरासत मंत्री अमीचाई एलियाहू, और नेगेव, गैलिली व नेशनल रेजेलिएंस मिनिस्टर यित्जाक वासेरलाफ ने अपने इस्तीफे प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को सोंप दिए। इसके साथ ही पार्टी ने एक बयान में कहा कि 'इस समय से ओत्जमा यहूदित पार्टी गठबंधन की सदस्य नहीं है। नेतन्याहू को लिखे पत्र में ओत्जमा यहूदीदित के अध्यक्ष बेन ग्वीर ने कहा कि युद्ध विराम समझौता 'आतंकवाद की पूर्ण जीत' है। उन्होंने कहा कि "हमारा इरादा आपके नेतृत्व वाली सरकार को उखाड़ फेंकने का नहीं, लेकिन वैचारिक मुद्दों पर हम अपने नजरिए और अपनी अंतरात्मा के अनुसार मतदान करेंगे। बता दें इजरायली सरकार ने शनिवार को हमास के साथ बंधक-युद्धविराम समझौते को मंजूरी देने के पक्ष में मतदान किया। इससे पहले शुक्रवार को सुरक्षा कैबिनेट ने भी समझौते को अपनी मंजूरी दे दी थी। ग्वीर ने कहा, 'हम हमास के खिलाफ पूरी जीत और युद्ध के लक्ष्यों की प्राप्ति के बिना सरकार की मेज पर वापस नहीं लौटेंगे। पार्टी के बयान में यह भी कहा गया कि एमके जि़्वका फोगेल, लिमोर सोन हर-मेलेक और यित्जाक क्रोइजर ने 'गठबंधन के अध्यक्ष को विभिन्न समितियों में अपने पदों से इस्तीफा पत्र सौंप दिया है। हालांकि बयान में ओत्जमा यहूदित एमके अल्मोग कोहेन का उल्लेख नहीं है, जिन्होंने हाल के हफ्तों में कई बार अपनी पार्टी से अलग रुख अपनाया गठबंधन के साथ मतदान किया, जिससे उनकी वर्तमान स्थिति अस्पष्ट हो गई। बता दें हमास ने तीन महिला बंधकों के नाम सार्वजनिक कर दिए। इन तीनों को गाजा सीजफायर समझौते के तहत रविवार को रिहा किया जाएगा। हमास के इस ऐलान की वजह से कई घंटों की देरी के बाद आखिरकार युद्ध विराम शुरू होने का रास्ता साफ हो गया।



## कश्मीरी पंडितों के पलायन को 35 साल

### अनुपम खेर ने किया भावुक पोस्ट

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



कश्मीर घाटी में 90 के दशक में हिंदुओं के पलायन की दर्दनाक घटना घटी। उनमें से एक परिवार दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर का भी था। एक्टर के दिल में आज भी वो जख्म हरा है और उन्होंने एक इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए उसे साझा किया है। कश्मीर घाटी में 90 के दशक में कश्मीरी हिंदू बड़ी संख्या में पलायन को मजबूर हुए थे। घाटी में आतंकवाद के कारण लाखों कश्मीरी हिंदू परिवारों को अपनी जमीन, घर और संपत्ति छोड़कर भागने के लिए मजबूर किया गया। 19 जनवरी को कश्मीरी हिंदुओं के पलायन दिवस के मौके पर अनुपम खेर ने उस काले दिन को याद करते हुए एक कविता सुनाई। भावुक कविता के एक-एक शब्द में विस्थापितों का दर्द छलका। कविता सुनते हुए अनुपम खेर की आंखें भी भर आईं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अनुपम खेर ने कवि और फिल्म लेखक सुनयना काचरू की एक कविता सुनाई। सुनयना काचरू भी विस्थापित कश्मीरी पंडित हैं। इसके साथ अनुपम खेर ने कैप्शन में लिखा, 19 जनवरी, 1990 कश्मीरी हिंदुओं का पलायन दिवस। 35 साल हो गए हैं, जब 5,00,000 से ज्यादा हिंदुओं को उनके घरों से बेरहमी से निकाल दिया गया था। वे घर अभी भी वहीं हैं, लेकिन उन्हें भुला दिया गया है। वे खंडहर हैं। इस त्रासदी की शिकार सुनयना काचरू भिडे ने उन घरों की यादों के बारे में दिल छूने वाली एक कविता लिखी। कविता की ये पंक्तियां उन सभी कश्मीरी पंडितों को वह मंजर याद दिला देंगी, जो इस भीषण त्रासदी के शिकार हुए थे। यह दुखद और सत्य दोनों है। कश्मीरी पंडितों के घर शीर्षक वाली कविता को अनुपम ने पढ़ा, जिसमें डल झील, केसर की महक, पश्मीना शॉल और झेलम का जिक्र था।

अनुपम खेर इन दिनों कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी में अपने अभिनय से चर्चा में हैं, जिसमें उन्होंने जयप्रकाश नारायण का किरदार निभाया है। यह फिल्म 1975 में भारत में लगे आपातकाल के घटनाक्रम पर आधारित है और इसमें कंगना रनौत ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार अदा किया है। कंगना ने न केवल अभिनय किया है बल्कि इस फिल्म का निर्देशन भी किया है।

## अमेरिका में टिकटॉक की सेवा बंद

**बीजिंग (आईएएनएस)**

शॉर्ट वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टिकटॉक ने शनिवार 18 जनवरी की रात से अमेरिका में अपनी सेवा बंद कर दी। टिकटॉक को गूगल प्ले स्टोर से हटा दिया गया है और टिकटॉक की अमेरिकी वेबसाइट पर वीडियो नहीं चल रहे हैं। टिकटॉक की ओर से अमेरिकी यूजर्स के लिए जारी ताजा सूचना से पता चलता है अमेरिका ने टिकटॉक पर पाबंदी लगाने का कानून जारी किया। इसका मतलब है कि आप फिलहाल टिकटॉक का इस्तेमाल नहीं कर सकते। अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि शपथ ग्रहण के बाद वह टिकटॉक को बहाल करने के समाधान का अध्ययन करेंगे।

बताया जाता है कि टिकटॉक द्वारा अमेरिकी यूजर्स को सूचना भेजने के बाद बाइटडांस के विदेशी एप्प्स कैपकट, लेमन8, गौथ और हाइपिक ने भी अमेरिकी यूजर्स को सेवा बंद करने की सूचना भेजी।

# डोनाल्ड ट्रंप आज अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में लेंगे शपथ...

### शपथ ग्रहण समारोह से पहले वाशिंगटन की सड़कों पर उतरे हजारों लोग

**वाशिंगटन (आईएएनएस)**

डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे। जहां उनके शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं वहीं उनका विरोध भी रहा है। वाशिंगटन में हजारों लोग, जिनमें अधिकतर महिलाएं थीं, नवनिर्वाचित राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह का विरोध करने के लिए इक्ट्ठा हुए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इनमें से कुछ ने गुलाबी टोपी पहन रखी थी, जो 2017 में उनके पहले शपथ ग्रहण समारोह के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन का प्रतीक थी। फ्रैंकलिन पार्क में, प्रदर्शनकारी हल्की बारिश के बीच लैंगिक न्याय और शारीरिक स्वायत्तता (बॉडली ऑटोनॉमी) के लिए रैली करने के लिए इक्ट्ठा हुए। बाकी प्रदर्शनकारी व्हाइट हाउस के पास दो अन्य पार्कों में इक्ट्ठा हुए। इनमें से एक समूह लोकतंत्र और इमिग्रेशन पर और दूसरा स्थानीय वाशिंगटन मुद्दों पर प्रदर्शन कर रहा है। कुछ समय बाद लोग लिंकन मेमोरियल में अंतिम सभा की ओर बढ़े। हालांकि इस बार प्रदर्शनकारियों की संख्या 2017 की तुलना में काफी कम रही। इसकी एक वजह नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव में उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की हार रही जो कि यूएस महिला अधिकार आंदोलन के लिए एक बड़ा झटका थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एक महिला प्रदर्शनकारी ने कहा कि वह गर्भपात तक पहुंच के लिए अपना समर्थन दिखाना चाहती थी। उन्होंने कहा मैं वास्तव में हमारे देश के मतदान के तरीके से खुश नहीं हूं, मुझे दुख है कि हमारे देश ने एक ऐसे राष्ट्रपति चुना जो पहले ही हमें एक बार निराश कर चुका है, हमने एक महिला उम्मीदवार को नामित नहीं किया।





**अमृतसर।** एक कलाकार रविवार को पंजाब के अमृतसर में अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पेंटिंग को अंतिम रूप देता हुआ।

## राजौरी में रहस्यमयी बीमारी का पता लगाएगी अंतर-मंत्रालयी टीम

**जम्मू (आईएएनएस)** । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आदेश पर गठित विशेषज्ञों की अंतर-मंत्रालयी टीम रविवार को राजौरी जिले के बुधल गांव का दौरा करने के लिए यहां पहुंचेगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू के राजौरी जिले में रहस्यमयी बीमारी से पिछले छह सप्ताह में हुई तीन मौतों के कारणों का पता लगाने के लिए गृह मंत्रालय की अगुवाई में एक अंतर-मंत्रालयी टीम के गठन का आदेश दिया था। यह कदम इस क्षेत्र में हुई संदिग्ध मौतों की गहन जांच करने और इसके कारणों का पता लगाने के लिए उठाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि टीम बुधल गांव जाएगी, जहां अपने क्षेत्र के कुछ सबसे प्रतिष्ठित विशेषज्ञ हैं। इस अंतर-मंत्रालयी टीम को जम्मू-कश्मीर के फोरेंसिक साइंस, पशुपालन और खाद्य सुरक्षा विभाग मदद करेंगे। राजौरी जिले के कोटरंका उप-मंडल के बुधल गांव के तीन परिवारों के बच्चों सहित सोलह लोगों की 8 दिसंबर से एक बीमारी के कारण मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक इस बीमारी में तेज बुखार आता है, जो समय के साथ और बिगड़ जाता है। मरीज बेहोश होता है और फिर उसकी मौत हो जाती है। देश की सर्वश्रेष्ठ प्रयोगशालाओं से विश्लेषण किए गए नमूनों से पता चला है कि इन मौतों के लिए कोई वायरस या बैक्टीरिया जिम्मेदार नहीं है। नमूनों में विषाक्त पदार्थ पाए गए हैं। राजौरी के सरकारी मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. ए.एस. भाटिया की अध्यक्षता में स्थानीय डॉक्टरों की एक टीम ने स्थानीय लोगों की आशंकाओं को दूर करने के लिए शनिवार को बुधल गांव में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की।

## नक्सलियों का दावा : 16 जनवरी की मुठभेड़ में मारे गए थे 18 साथी

- मुठभेड़ स्थल से छह शव उठा ले गए थे नक्सली
- 59 लाख के इनामी 10 नक्सलियों की हुई शिनाख्त

**जगदलपुर(हि.स.)**

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के जंगल में नक्सलियों के खिलाफ तेलंगाना सीमा पर 16 जनवरी को हुई मुठभेड़ में 12 नहीं बल्कि 18 नक्सली मारे गए हैं। इनमें से 12 नक्सलियों के शव बरामद हो थे, जबकि छह नक्सलियोंके शव नक्सल संगठन के लोग मौके से उठा ले गए थे। मुठभेड़ स्थल से शव उठाकर ले जाने का दावा दक्षिण बस्तर जोनलकमेटी ने अपने एक पर्चा में किया है। बरामद 12 शवों में से 10 की शिनाख्त हो गई है। इनमें पांच महिला भी हैं। मारे गए इन 10 नक्सलियों पर कुल 59 लाख रुपये का इनाम घोषित था। नक्सलियों ने शनिवार देर रात एक बयान जारी कर बीजापुर जिले के जंगल में 16 जनवरी को हुई मुठभेड़ में 18 नक्सली मारे जाने की जानकारी दी है। दक्षिण बस्तर जोनल कमेटी के सचिव गंगा के अनुसार इस मुठभेड़ में एससीएम (सेंट्रल कमेटी मेंबर) दामोदर मारा गया है। नक्सली कमांडर दामोदर पर 50 लाख का इनाम घोषित था। गंगा के जारी पर्चा में लिखा है कि, इस मुठभेड़ में एससीएम दामोदर, पीपीसीएम हुंगी, देवे, जोगा, नरसिंह राव सहित कुल 18 साथी मारे गए हैं। दामोदर उर्फ बड़े चोखा राव दक्षिण बस्तर के दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा इन 3 जिलों की सरहद में सक्रिय था।

## एचएमपीवी के मद्देनजर चीन में स्थिति सामान्य और नियंत्रण में

**बीजिंग (आईएएनएस)**

इन दिनों "ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस" (एचएमपीवी) नामक एक वायरस की खूब चर्चा हो रही है। इसने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। लेकिन चीन में स्थिति सामान्य और नियंत्रण में है। कुछ पश्चिमी मीडिया रिपोर्टों के विपरीत, चीन में लोगों के दैनिक जीवन में कोई घबराहट या व्यवधान नहीं है। सभी ऑफिस, स्कूल और बाजार खुले हैं, और यहां तक कि अस्पताल भी बिना किसी असामान्य भीड़ के सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। हालांकि एचएमपीवी मुख्य रूप से बच्चों और बुजुर्गों को प्रभावित करता है, लेकिन इस वायरस से पीड़ित रोगी आमतौर पर एक सप्ताह के भीतर ठीक हो जाते हैं। चीन की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली प्रभावी रूप से मामलों का प्रबंधन करती है और समय पर देखभाल सुनिश्चित करती है। हमें यह समझना चाहिए कि गलत सूचना अनावश्यक भय पैदा करती है, इसलिए सटीक जानकारी पर भरोसा करना महत्वपूर्ण है। फ्लू को रोकना महत्वपूर्ण है, खासकर सर्दियों के दौरान जब फ्लू वायरस अधिक आसानी से फैलते हैं।

### दक्षिण कोरिया की अदालत ने

## राष्ट्रपति यून को हिरासत में रखने का वारंट जारी किया

**सोल (आईएएनएस)**

दक्षिण कोरिया की अदालत ने रविवार को यून सूक-योल को 20 दिनों तक हिरासत में रखने का वारंट जारी किया। योल पर 3 दिसंबर 2024 को देश में मार्शल लॉ लगाने के मामले में राजद्रोह का आरोप है। सोल वेस्टर्न डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने उच्च पदस्थ अधिकारियों के लिए भ्रष्टाचार जांच कार्यालय (सीआईओ), राष्ट्रीय जांच कार्यालय (एनओआई) और रक्षा मंत्रालय के जांच मुख्यालय से बनी संयुक्त जांच इकाई द्वारा शुक्रवार को किए गए वारंट अनुरोध को स्वीकार कर लिया। यून के वकील के अनुसार, संकटग्रस्त यून ने अपने मार्शल लॉ की घोषणा की वैधता को समझाने और अपनी प्रतिष्ठा को बहाल करने के लिए पांच घंटे की सुनवाई में भाग लेने का फैसला किया। यून ने दावा किया कि मार्शल लॉ लगाना राष्ट्रपति शासन का एक कार्य था, जो अदालती सुनवाई के अधीन नहीं हो सकता था, लेकिन जांच एजेंसियों ने कहा कि यून ने मार्शल लॉ को हटाने का अधिकार रखने वाले सांसदों की राजनीतिक गतिविधि पर अवैध रूप से प्रतिबंध लगाने वाले मार्शल लॉ डिक्री की घोषणा के साथ बिना किसी कारण के मार्शल लॉ घोषित किया।

## दिसंबर से अब तक 2 लाख सीरियाई शरणार्थी लौटे वापस : यूएन

**दमिश्क ।** संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त फिलिपो ग्रांडी ने बताया कि पिछले साल दिसंबर से अब तक करीब दो लाख सीरियाई शरणार्थी अपने देश लौट चुके हैं। शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर ग्रैंडी की तरफ से पोस्ट किए गए आंकड़ों के अनुसार पिछले साल 8 दिसंबर को राष्ट्रपति बशर अल-असद की सरकार गिरने के बाद से 16 जनवरी तक लगभग 1,95,200 सीरियाई घर लौट आए हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, उन्होंने शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी, के समर्थन को मजबूत करने के लिए तय समय सीमा के अंतर्गत जल्द ही सीरिया और पड़ोसी देशों का दौरा करने की योजना की भी घोषणा की।

# गणतंत्र दिवस परेड में फ्लाईपास्ट करेंगे 40 एयरक्राफ्ट

- डीआरडीओ प्रलय सामरिक बैलिस्टिक मिसाइल का करेगा प्रदर्शन

**नई दिल्ली(हि.स.)**

### ध्रुव और तेजस नहीं भरेंगे उड़ान



देश के गणतंत्र दिवस पर होने वाली परेड के लिए सेना के जवान कड़ाके की ठंड में रिहर्सल करके पसीना बहा रहे हैं। परेड के दौरान कर्तव्य पथ पर झांकियों के माध्यम से 'स्वर्णिम भारतः विरासत और विकास' को प्रदर्शित किया जाएगा। वायु सेना के 40 एयरक्राफ्ट फ्लाईपास्ट करेंगे, जिनमें 22 फाइटर एयरक्राफ्ट होंगे। इस बार एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर ध्रुव और स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस परेड के दौरान उड़ान भरते नहीं दिखेंगे। गणतंत्र दिवस परेड में इस बार भारतीय वायु सेना की कोई भी झांकी नहीं होगी।

वायु सेना के विंग कमांडर मनीष शर्मा ने बताया कि कुल 40 एयरक्राफ्ट रिपब्लिक-डे परेड का हिस्सा बनेंगे। फ्लाईपास्ट में 22 लड़ाकू विमानों, 11 परिवहन विमानों और 7 हेलीकॉप्टरों की शक्ति का प्रदर्शन किया जाएगा। इनमें राफेल, सुखोई-30 और सी-130जे हरक्यूलिस कर्तव्य पथ पर हवाई करतब दिखाएंगे। इसके अलावा तीन डोर्नियर विमान भी गणतंत्र दिवस की परेड का हिस्सा होंगे। इस बार एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर ध्रुव और स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस परेड के दौरान उड़ान भरते नहीं दिखेंगे। इस माह की शुरूआत में गुजरात के पोरबंदर में भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) का एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर ध्रुव नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, इसीलिए एएलएच ध्रुव को अभी भी जमीन पर ही रखा गया है और इसका इस्तेमाल फ्लाईपास्ट के लिए नहीं किया जाएगा। विंग कमांडर ने स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस को परेड का हिस्सा न बनाने के बारे में बताया कि इस बार भारतीय वायु सेना ने गणतंत्र दिवस परेड के लिए नई पॉलिसी तैयार की है। इसके मुताबिक, तेजस लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट को शानदार प्रदर्शन के बावजूद सिंगल इंजन होने के कारण बाहर रखा गया है। हालांकि, तेजस ने पहले भी गणतंत्र दिवस परेड के अलावा दुबई और सिंगापुर के अंतरराष्ट्रीय एयर शो में उड़ान भरी है। उन्होंने बताया कि फ्लाईपास्ट को दो भागों में बांटा गया है। दूसरे हिस्से में जटिल संरचनाएं और सटीक युद्धाभ्यास दिखाए जाएंगे।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार, गणतंत्र दिवस समारोह की शुरूआत राष्ट्रीय युद्ध स्मारक से होगी। इसमें भारतीय वायु सेना की औपचारिक मार्चिंग टुकड़ी होगी। इस टुकड़ी में चार अधिकारी और 144 प्रतिभागी शामिल होंगे, जो 72 संगीतकारों वाले बैंड की धुनों पर मार्च करेंगे। मार्चिंग धुनों में अंतरिक्ष यात्री, वायु शक्ति, निडर योद्धा और उत्तरी सीमा में वायु सेना की वीरता की भावना को दशार्या जाएगा।